* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
07 मई, 2025
वैशाख, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 196




पीएम के पास हमले का इनपुट था : खड़गे

## न्यूज रील्स

### आइएसआइ मुख्यालय पहुंचे पाक के पीएम और सेना प्रमुख

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने इस्लामाबाद के आबपारा स्थित आइएसआइ मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरे को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान की भूमिका को लेकर आरोप लगाये जा रहे हैं।

### पंजाब में जंगलों से आरपीजी-आइइडी और हैंड ग्रेनेड मिले

**अमृतसर।** भारत-पाक युद्ध की आशंका के बीच पंजाब के शहीद भगत सिंह नगर (नवां शहर) के जंगलों में पुलिस ने दो आरपीजी, दो आइइडी, पांच हैंड ग्रेनेड और एक वायरलैस कम्युनिकेशन सेट बरामद किया है। सर्च ऑपरेशन में टीम को विस्फोटक सामग्री मिली।

### एलओसी के पास पकड़ा गया पाकिस्तानी नागरिक

**जम्मू कश्मीर।** पुंछ जिले में एलओसी के पास भारतीय सेना ने मंगलवार को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के एक निवासी को पकड़ा है। पकड़े गये व्यक्ति का नाम वकास (26) है, जो तारखल, पुंछ का रहने वाला है। वकास को सेना ने चाकन दा बाग के पास से पकड़ा। सेना उससे पूछताछ कर रही है और मामले से जुड़ी ज्यादा जानकारी का इंतजार है।

## भारत पाकिस्तान को सबक सिखाने को तैयार

# आज देश के 244 जिलों में मॉक ड्रिल

- सिविल डिफेंस जिलों को तीन श्रेणियों में बांटा गया
- लोगों को सिखाये जायेंगे हमले से बचने के तरीके

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान की चौतरफा घेराबंदी के बीच भारत सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा की तैयारी में भी जुट गयी है। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दुश्मन के संभावित हवाई हमलों से बचने के लिए बुधवार को नागरिक सुरक्षा के लिए सभी राज्यों को मॉक ड्रिल करने का निर्देश दिया है। इस दौरान बिजली बंद की जायेगी, ताकि जंग के वक्त दुश्मन को लक्ष्य से भटकाया जा सके। साथ ही आम नागरिक और छात्रों को हवाई हमला होने पर खुद को सुरक्षित रखने के उपाय बताये जायेंगे। देश के 244 जिलों में युद्ध के दौरान बचाव के तरीकों की मॉक ड्रिल होगी।

गृह मंत्रालय ने इन इलाकों को सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट के तौर पर लिस्ट किया है। ये सामान्य प्रशासनिक जिलों से अलग हैं। सिविल डिफेंस जिलों को उनकी संवेदनशीलता के आधार पर तीन श्रेणियों में बांटा गया है। पहली श्रेणी में सबसे संवेदनशील और तीसरे में सबसे कम संवेदनशील है।

**गृह मंत्रालय की हुई अहम बैठक :** दिल्ली में गृह मंत्रालय में मंगलवार को उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसमें मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा की गयी। इसमें राज्यों के मुख्य सचिव और सिविल डिफेंस चीफ समेत कई अच्चाधिकारी मौजूद थे।

**मॉक ड्रिल के लिए गृह मंत्रालय का आदेश :** बताते चलें कि गृह मंत्रालय ने सोमवार को सभी राज्यों को मॉक ड्रिल कराने के आदेश जारी किये थे। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को मॉक ड्रिल वाले जिलों की सूची जारी की। देश के 25 राज्यों के कुल 244 सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट को श्रेणी-1 से श्रेणी-3 के बीच रखा गया है।

**संवेदनशीलता के आधार पर श्रेणी :** श्रेणियों का चयन संवेदनशीलता के आधार पर किया गया है और इसी धार पर जिलों को बांटा गया है। श्रेणी-1 में वो जिले हैं, जो सबसे सेंसेटिव हैं। ऐसे कुल 13 जिले हैं। जैसे उत्तर प्रदेश में केवल एक जिला, बुलंदशहर श्रेणी-1 में है, क्योंकि यहां नरौरा न्यूक्लियर प्लांट मौजूद है। इसी तरह अन्य जिलों को रखा गया है। वहीं, श्रेणी-2 में 201 जिले, जबकि श्रेणी- 3 में 45 जिले हैं।

**मोबाइल और डिजिटल ट्रांजैक्शन फेल हो सकते हैं :** गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, नागरिकों को यह हिदायत भी दी जायेगी कि वे मेडिकल किट, राशन, टॉर्च और मोमबत्तियां अपने घरों पर रखें। इसके अलावा कैश भी साथ रखें, क्योंकि इमरजेंसी में मोबाइल और डिजिटल ट्रांजैक्शन फेल हो सकते हैं।

## भारत पाक बॉर्डर के पास करेगा हवाई अभ्यास

- भारत को 28 को मिलेगा रूसी 'युद्धपोत तमल'
- आतंकियों के दो मददगार गिरफ्तार किये गये
- पाकिस्तान का एलओसी पर सीजफायर उल्लंघन जारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली/पहलगाम।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच बुधवार को एयरफोर्स पाकिस्तान बॉर्डर (एलओसी) के पास हवाई अभ्यास करेगा। एयरफोर्स ने इसके लिए 'नोटम' (एयर मैन को नोटिस) जारी किया है। नोटम जारी करने का मतलब होता है, पायलटों और हवाई जहाज से जुड़ी एजेंसियों को कोई जरूरी जानकारी देना, ताकि



वे उड़ान भरते समय सतर्क रहें। वहीं, पाकिस्तान ने लगातार 12वें दिन सीजफायर तोड़ा है। पाकिस्तानी सेना ने 5-6 मई की रात एलओसी के आसपास आठ जगहों कुपवाड़ा, बारामूला, पुंछ, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर इलाकों में फायरिंग की। भारतीय सेना ने इसका जवाब दिया।

**आतंकियों के दो मददगार गिरफ्तार :** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। जानकारी के मुताबिक नाका चेकिंग के दौरान दो आतंकियों के मददगार गिरफ्तार किये गये हैं। उनके पास से एक पिस्टल, एक ग्रेनेड और 15 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**28 मई को मिलेगा रूसी युद्धपोत तमल :** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच भारत की समुद्री ताकत बढ़ने वाली है। 28 मई को रूस में बना मॉडर्न स्टील्थ युद्धपोत 'तमल' भारतीय नौसेना को सौंपा जायेगा। इसके बाद जून में इसे आधिकारिक रूप से नौसेना में शामिल किया जायेगा। यह जंगी जहाज ब्रह्मोस मिसाइल से लेस होगा। जो रडार की पकड़ में भी नहीं आयेगा।

**(विस्तृत जानकारी-पेज-2 पर)**

## रांची, बोकारो, गोमिया, जमशेदपुर, गोड्डा और साहिबगंज में भी होगी मॉक ड्रिल



- शाम चार बजे से सात बजे तक रांची में मॉक ड्रिल, बत्ती रखें बंद

**रांची (अजाद सिपाही)।** झारखंड के रांची, बोकारो, गोमिया, जमशेदपुर, गोड्डा और साहिबगंज में मॉक ड्रिल होगा। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि राज्य के प्रमुख छह शहरों में मॉक ड्रिल की तैयारी की गयी है। झारखंड के इन छह शहरों को नागरिक सुरक्षा की कैटेगरी में रखने के सवाल पर अधिकारियों ने बताया कि इन सभी शहरों की खास विशिष्टता है। दरअसल, रांची में सेना की छावनी है। जमशेदपुर, बोकारो और गोड्डा में स्टील के साथ-साथ पावर प्लांट्स मौजूद हैं। जबकि गोमिया में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री है। वहीं साहिबगंज जिले में गंगा नदी के तट पर बंदरगाह बना हुआ है। इसके अलावा गोड्डा और साहिबगंज की सीमा बांग्लादेश से बिल्कुल पास है। मंगलवार को जिला स्तर पर इसकी तैयारी की गयी। रांची में डीसी मंजूनाथ भजंत्री और एसएसपी चंदन सिन्हा ने अधिकारियों के साथ बैठक की। रांची के डोरंडा इलाके में शाम चार बजे से शाम सात बजे तक मॉक ड्रिल होगी। इस दौरान लोगों को बिजली बंद रखने का आदेश दिया गया है।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से पाक को मिली लताड़

- पूछा, पहलगाम हमले में आपका हाथ है या नहीं

**एजेंसी**

**वॉशिंगटन।** पहलगाम अटैक और भारत-पाकिस्तान तनाव पर सोमवार देर रात संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठक में पाकिस्तान को लताड़ लगी। इसमें पाकिस्तान से सवाल हुए।


प्राप्त जानकारी के अनुसार पाकिस्तान से पूछा गया कि क्या पहलगाम हमले में लश्कर-ए-तैयबा शामिल था? बैठक में परिषद के सदस्यों ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की और इसकी जवाबदेही की जरूरत पर भी जोर दिया। सदस्यों ने पाकिस्तान द्वारा मिसाइल परीक्षण पर भी चिंता जाहिर की। सूत्रों के मुताबिक सदस्यों ने पाकिस्तान के द्वारा भारत पर लगाये आरोपों को भी खारिज कर दिया।

## खड़गे से मिले सीएम हेमंत




- वेणुगोपाल और कल्पना सोरेन भी थीं मौजूद

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से मुलाकात की। रांची के होटल बीएनआर में सीएम ने मुलाकात की। यह एक औपचारिक मुलाकात थी। इस मौके पर उनके बीच देश और राज्य के वर्तमान परिदृश्य में विभिन्न विषयों एवं पहलुओं पर चर्चा हुई।










आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 07 मई, 2025
www.azadsipahi.in



# नौसेना में शामिल हो रहा 'आइएनएस तमाल', कांप गया पाकिस्तान

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच, भारत ने अपनी नौसेना को एक और ताकतवर हथियार प्रदान किया है। रूस से मिल रहे नये युद्धपोत आइएनएस तमाल के साथ भारतीय नौसेना अपनी समुद्री ताकत में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि करने जा रही है। यह अत्याधुनिक युद्धपोत पाकिस्तान के लिए एक नया सुरक्षा खतरा बन सकता है, क्योंकि यह भारतीय समुद्री सीमाओं में स्थिति को और सशक्त करेगा। आइएनएस तमाल, जो एक मल्टी-रोल गाइडेड मिसाइल स्टील्थ फ्रिगेट है, पाकिस्तान के समुद्री क्षेत्र में भारतीय नौसेना की रणनीतिक पहुंच को नया आयाम देने वाला है।

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच भारतीय नौसेना को एक और ताकतवर हथियार मिल रहा है। रूस से जल्द ही भारतीय नौसेना को एक अत्याधुनिक युद्धपोत आइएनएस तमाल मिलेगा, जो समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में भारत की ताकत को और बढ़ा देगा। यह युद्धपोत भारत और रूस के बीच 2016 में हुए एक समझौते का हिस्सा है, जिसमें कुल 4 युद्धपोत बनाये जा रहे हैं। रूस के यांतर शिपयार्ड में तैयार हो रहे आइएनएस तमाल को 28 मई 2025 को भारतीय नौसेना को सौंपा जायेगा और इसे जून 2025 में औपचारिक रूप से नौसेना में शामिल किया जायेगा। इससे पहले आइएनएस तुशिल को दिसंबर 2024 में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रूस के तटीय शहर कलिनिनग्राद में कमीशन किया था।

### 200 से ज्यादा भारतीय नौसैनिक ट्रेनिंग ले चुके

200 से ज्यादा भारतीय नौसैनिकों को इस युद्धपोत के संचालन और तकनीकी प्रणाली के लिए रूस में ट्रेनिंग दी गयी है। वे तमल की समुद्री ट्रायल्स में भी हिस्सा ले चुके हैं। यही भारतीय दल मई के अंत में तमल को रूस से भारत लायेगा।



### भारत की स्वदेशी निर्माण दिशा

आइएनएस तमाल, तलवार क्लास का दूसरा युद्धपोत है और भारत की नौसेना के लिए इसका ऐतिहासिक महत्व है। 2003 से भारतीय नौसेना में तलवार क्लास के छह युद्धपोत सेवा में हैं। आइएनएस तमाल के साथ भारतीय नौसेना की ताकत और बढ़ जाएगी, लेकिन इसके बाद भारत अपनी स्वदेशी निर्माण क्षमता को प्राथमिकता देने की योजना बना रहा है। भारतीय नौसेना ने स्पष्ट किया है कि क्हर तमाल के बाद किसी अन्य विदेशी युद्धपोत को खरीदने का कोई इरादा नहीं है। भारत अब स्वदेशी युद्धपोतों के निर्माण पर जोर दे रहा है और इसके लिए कई परियोजनाएं भी चल रही हैं।

## अत्याधुनिक युद्धपोत 'आइएनएस तमाल' की विशेषताएं

### मल्टी-रोल गाइडेड मिसाइल स्टील्थ फ्रिगेट

आइएनएस तमाल एक मल्टी गाइडेड मिसाइल स्टील्थ फ्रिगेट है, जिसे विभिन्न प्रकार के हमलों के लिए डिजाइन किया गया है। यह पानी, हवा और सतह पर एकसाथ हमला करने में सक्षम है। इसका मुख्य उद्देश्य समुद्र में भारतीय सुरक्षा को मजबूती प्रदान करना है।

### आधुनिक हथियारों से लैस

आइएनएस तमाल को ब्रह्मोस एंटी-शिप मिसाइल से लैस किया गया है, जो इसका प्रमुख हमला हथियार होगा। इसके अलावा, युद्धपोत में टॉरपीडो और एंटी-सबमरीन रॉकेट्स भी मौजूद हैं, जो इसे दुश्मन की पनडुब्बियों और अन्य समुद्री खतरों से निपटने के लिए सक्षम बनाते हैं।

### गति और रेंज

आइएनएस तमाल की गति 30 नॉटिकल मील प्रति घंटे (लगभग 55 किलोमीटर प्रति घंटा) है, जिससे यह त्वरित गति से किसी भी दुश्मन पर हमला करने की क्षमता रखता है। इसके अलावा, यह 3,900 टन वजन का है और एक बार में 3,000 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकता है।




### हेलीकॉप्टर की तैनाती

इस युद्धपोत में मल्टी-रोल हेलीकॉप्टर की तैनाती की जा सकती है, जो समुद्री इलाके में निगरानी और युद्ध अभियानों में मदद करेगा। यह क्षमता युद्धपोत को और भी घातक बना देती है क्योंकि हेलीकॉप्टर तटीय इलाकों में सटीक जानकारी और हमले प्रदान करने में सक्षम होंगे।

### अंतिम इंपोर्टेड वॉरशिप

आइएनएस तमाल भारत का आखिरी इंपोर्टेड युद्धपोत माना जा रहा है, क्योंकि इसके बाद भारत अपनी स्वदेशी निर्माण क्षमता को बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ने वाला है। भारत अब युद्धपोतों को स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित करने पर जोर दे रहा है। आइएनएस तमाल भारत का दूसरा युद्धपोत होगा जो तलवार क्लास फ्रिगेट में शामिल है, जिसमें पहले से क्हर तुशील सहित छह युद्धपोत भारतीय नौसेना का हिस्सा हैं।


### भारत के लिए रणनीतिक महत्व

आइएनएस तमाल भारतीय नौसेना के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। यह युद्धपोत भारतीय समुद्री सुरक्षा को सशक्त करेगा और भारत को अपने पड़ोसियों के खिलाफ समुद्र में एक मजबूत स्थिति देगा। पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच यह युद्धपोत भारतीय सेना के सामरिक रूप से महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में कार्य करेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच जल-सीमा विवाद और आतंकवादी हमलों के बाद भारत के सैन्य बलों को अपनी शक्ति में वृद्धि की आवश्यकता महसूस हो रही थी। इस बीच, भारत की नौसेना को आइएनएस तमाल के रूप में एक अत्याधुनिक युद्धपोत मिलने से भारतीय सेना के पास एक प्रभावी हथियार होगा।

## मल्टी-रोल गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट 'तुशील' की खासियत

आधुनिक मल्टी-रोल स्टील्थ-गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट 'आइएनएस तुशील (एफ 70)' को नौ दिसंबर 2024 को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। आइएनएस तुशिल दिसंबर में रूस से 12,500 नॉटिकल मील का सफर तय कर भारत पहुंचा था। यह आठ देशों से होकर गुजरा।

भारतीय नौसेना का यह नया युद्धपोत कई उन्नत हथियारों से लैस है। इनमें संयुक्त रूप से विकसित ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, उन्नत रेंज के साथ वर्टिकली लॉन्च की जाने वाली सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल हैं। भारतीय नौसेना का यह युद्धपोत मध्यम दूरी की एंटी-एयर और सतह गन से लैस है। इसमें नियंत्रित क्लोज-रेंज रैपिड फायर गन सिस्टम, पनडुब्बी रोधी टॉरपीडो और रॉकेट व उन्नत इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और संचार सूट भी हैं। 125 मीटर लंबा, 3,900 टन वजन वाला यह घातक समुद्री जहाज, रूसी और भारतीय अत्याधुनिक तकनीकों और युद्धपोत निर्माण का एक प्रभावशाली मिश्रण है। सबसे अधिक तकनीकी उन्नत वाला यह फ्रिगेट 'आइएनएस तुशील' भारतीय नौसेना की पश्चिमी कमान के अंतर्गत भारतीय नौसेना के 'स्वॉर्ड आर्म', पश्चिमी बेड़े में शामिल है। आइएनएस तुशील परियोजना 1,135.6 का एक उन्नत क्रिवाक-3 श्रेणी का फ्रिगेट है। इनमें से छह युद्धपोत पहले से ही सेवा में हैं। इन छह युद्धपोतों में से तीन तलवार श्रेणी के जहाजों का निर्माण सेंट पीटर्सबर्ग के बाल्टिस्की शिपयार्ड में हुआ हैं।




क्रिवाक-3 कैटेगरी के इस जहाजों का निर्माण रूस के कलिनिनग्राद के यंतर शिपयार्ड में हुआ है। यह जहाज अत्याधुनिक नियंत्रण वाले उन्नत गैस टरबाइन संयंत्र द्वारा संचालित है। आइएनएस तुशील 30 समुद्री मील से अधिक की गति प्राप्त करने में सक्षम है। उच्च स्तर की स्वचालन जैसी विशेषताएं इसकी युद्ध क्षमता को और बढ़ाती हैं।

# सायरन की गूंज और ब्लैकआउट...

## 1971 की जंग से पहले भी हुई थी मॉक ड्रिल

एजेंसी

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद बॉर्डर पर तनाव बढ़ गया है। देशभर में 7 मई को युद्ध जैसी स्थिति के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन होने जा रहा है। इस ड्रिल का मकसद नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों के लिए तैयार करना है।

इस मौके पर 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्ध की यादें भी ताजा गयी हैं, जब सायरन की आवाज के साथ बॉर्डर के आसपास के गांव में रहने वाले लोग युद्ध की तैयारियों में जुट जाते थे। उस दौर में सायरन बजते ही लोग घरों की बत्तियां बुझा कर खाइयों में छिप जाते थे। 1971 के युद्ध के समय की तैयारियों को उन लोगों की जुबानी समझते हैं, जिन्होंने इसे जिया है।

### सायरन की आवाज युद्ध की आहट

1971 के युद्ध के दौरान सायरन युद्ध की शुरूआत का संकेत होता था. ग्रामीण सुमेर सिंह बताते हैं, 'सायरन धीरे-धीरे बजना शुरू होता था, जिससे हमें तैयारी का वक्त मिल जाता था. रेडियो के जरिए पहले ही सूचना मिल जाती थी कि जब तक युद्ध चल रहा है, ब्लैकआउट रहेगा।' सायरन की आवाज सुनते ही लोग सतर्क हो जाते थे और किसी भी वक्त हमले की आशंका को देखते हुए तैयारियां शुरू कर देते थे। सायरन रात में भी बजता था, जिससे नागरिकों को तुरंत फैसले लेने पड़ते थे।



### ब्लैकआउट का सख्त नियम

युद्ध के दौरान दुश्मन के हवाई हमलों से बचने के लिए ब्लैकआउट का पालन अनिवार्य था। सुमेर सिंह के अनुसार गांव में कोई रोशनी नहीं की जाती थी। चूल्हा जलाना भी मना था। अगर चूल्हा जलाना पड़ता, तो खिड़कियों पर कागज या पर्दे लगा दिये जाते, ताकि रोशनी बाहर न जाये। यह ब्लैकआउट कई दिनों तक चलता था और रेडियो के जरिए सूचनाएं दी जाती थीं। व्यावसायी गोविंद शर्मा बताते हैं कि सेना ने पहले ही हिदायत दे दी थी कि सायरन बजते ही लाइट बंद कर देनी है। हम खिड़कियों पर कागज चिपका देते थे, ताकि रोशनी न दिखे।

### नागरिकों को किया जा रहा जागरूक

**सेना का रोल युद्ध की तैयारियों में अहम था। कैप्टन भंवर सिंह राठौड़, जो 1965 औप 1971 के युद्ध में हिस्सा ले चुके हैं, बताते हैं कि हमें पहले बॉर्डर पर भेजा जाता था, ताकि इलाके को समझ सकें। हम गांव वालों को बताते थे कि युद्ध की परिस्थितियों में क्या करना है। सेना बॉर्डर के पास पहुंच कर स्थिति का जायजा लेती थी और नागरिकों को पीछे हटने की सलाह देती थी। कैप्टन राठौड़ कहते हैं कि हम सभी सिविलियन्स को पहले सूचित करते थे कि पीछे हट जायें, ताकि जान-माल का नुकसान न हो।**

### खाइयों में सुरक्षा की तलाश

युद्ध के समय नागरिकों की सुरक्षा के लिए खाइयां खोदी जाती थीं। गोविंद शर्मा याद करते हैं कि हमने अपने घरों के आसपास खाइयां खोद रखी थीं। सायरन बजते ही आसपास के लोग एक साथ खाइयों में भाग कर छिप जाते थे। रात में सायरन बजने पर भी हम लाइट नहीं जलाते थे और तुरंत खाई में चले जाते थे। ये खाइयां हवाई हमलों से बचने का सबसे सुरक्षित तरीका थीं, और सेना की सलाह पर लोग इसे गंभीरता से मानते थे।

### रेडियो: सूचना का एकमात्र जरिया

उस दौर में रेडियो सूचना का सबसे विश्वसनीय साधन था। सुमेर सिंह बताते हैं कि रेडियो के जरिए ब्लैकआउट और युद्ध की खबरें मिलती थीं। जब तक युद्ध चलता, ब्लैकआउट की सूचना रेडियो से ही मिलती थी। सायरन के साथ-साथ रेडियो के जरिए दी जाने वाली सूचनाएं नागरिकों को समय पर सतर्क करती थीं। यह सुनिश्चित करता था कि लोग युद्ध की गंभीरता को समझें और नियमों का पालन करें।

### आज की मॉक ड्रिल अतीत से सबक

7 मई 2025 को होने वाली मॉक ड्रिल 1965 और 1971 के युद्धों के अनुभवों से प्रेरित है। उस समय सायरन, ब्लैकआउट और खाइयों ने लोगों की जान बचायी थी। आज का यह अभ्यास नागरिकों को आपातकाल के लिए तैयार करने का प्रयास है, ताकि वे ऐसी परिस्थितियों में सही कदम उठा सकें। 1971 के युद्ध के अनुभव बताते हैं कि सेना और नागरिकों का तालमेल ही युद्ध के समय सुरक्षा की कुंजी है।

### 1971 की जंग में पाक को धूल चटा चुके रिटायर कैप्टन अमरजीत ने लिखा आर्मी चीफ को पत्र

# एक बार फिर देश की सेवा के लिए तैयार हूं

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। इसी बीच 75 वर्षीय सेवानिवृत्त कैप्टन अमरजीत कुमार ने कहा कि वह एक बार फिर देश की सेवा के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि एक सैनिक से युद्ध को अलग नहीं किया जा सकता। पहलगाम में हुए आतंकी हमले बाद कैप्टन अमरजीत कुमार ने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को पत्र लिखकर वॉलंटियर के रूप में सेना में दोबारा शामिल होने की इच्छा जतायी है।

1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भाग ले चुके कैप्टन (सेवानिवृत्त) अमरजीत कुमार ने अपने पत्र में लिखा है कि वे देश में कहीं भी तैनाती के लिए तैयार हैं। उन्होंने अपने सैन्य सेवाकाल के दौरान बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के तहत नवंबर 1971 में 'जेसोर' के पास 'गरीबपुर की लड़ाई' में अपनी भागीदारी को याद करते हुए कहा कि वह युद्ध उस समय की निर्णायक लड़ाइयों में एक था। कैप्टन अमरजीत कुमार ने लिखा कि मैं भारतीय सेना की गौरवशाली परंपरा का हिस्सा बनने को अपना सौभाग्य मानता हूं। मौजूदा हालात को देखते हुए यह युद्ध निर्णायक हो सकता है, सेना को अनुभवी और प्रशिक्षित जनशक्ति की आवश्यकता हो सकती है और मैं आगे बढ़ने को तैयार हूं।



**240 पूर्व सैनिक भी देश सेवा में फिर लौटने को तत्पर :** कैप्टन कुमार ने बताया कि भले ही वे 75 वर्ष के हो चुके हों, लेकिन आज भी शारीरिक रूप से फिट हैं और मानसिक रूप से सक्रिय हैं। उनके ही बैच के 240 अन्य पूर्व सैनिक भी देश की सेवा में फिर से लौटने को तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि एक सच्चा सैनिक कभी रिटायर नहीं होता, यह जज्बा जीवन भर हमारे भीतर जीवित रहता है।

**किसी भी तरह के वेतन या लाभ की अपेक्षा नहीं :** कैप्टन अमरजीत कुमार ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल योगदान देना है, और वे किसी भी तरह के वेतन या लाभ की अपेक्षा नहीं रखते। उन्होंने सेना प्रमुख से आग्रह किया कि वे उनके जैसे स्वयंसेवकों को एक मौका दें। उन्होंने यह भी जोड़ा कि संकट की घड़ी में कई अन्य पूर्व सैनिक भी राष्ट्र की पुकार पर आगे आने के लिए तैयार हैं।

**नागरिकों को भी सैन्य प्रशिक्षण दिया जाये :** कैप्टन अमरजीत कुमार ने नागरिकों को भी सैन्य प्रशिक्षण देने की वकालत की। उन्होंने कहा कि हम 140 करोड़ की आबादी वाला देश हैं, यदि 100 करोड़ लोगों को बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण दिया जाये, तो कोई भी देश हमसे युद्ध नहीं लड़ सकता। उन्होंने कही कि पाकिस्तान के आतंकी प्रशिक्षण केंद्रों पर टारगेट अटैक की जरूरत है।

# रांची में शाम 4 से 7 बजे तक होगी मॉक ड्रिल, बंद रखें घरों की बत्ती : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर रांची डीसी और एसएसपी चंदन सिन्हा ने मीडिया को मॉक ड्रिल के बारे में जानकारी दी। मौके पर डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने बताया रांची में सात मई को डोरंडा इलाके में मॉक ड्रिल की जायेगी। जो तीन घंटे का होगा। मॉक ड्रिल के दौरान डोरंडा क्षेत्र में ट्रैफिक के लिए वैकल्पिक मार्ग की भी व्यवस्था की गयी है। शाम चार बजे से सात बजे तक मॉक ड्रिल होगी। आम लोगों से अपील की जायेगी कि इस दौरान वह अपने घरों की लाइट पूरी तरीके से बंद रखें। यह पूरी तरीके से सिविल डिफेंस और जिला प्रशासन के नेतृत्व में मॉक ड्रिल किया जायेगा। वहीं एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि यह मॉक ड्रिल सिर्फ रिहर्सल है। लोगों को पैनिक होने की कोई जरूरत नहीं है। आम लोगों से सहयोग की अपेक्षा की जायेगी कि वह प्रशासन के द्वारा दिये गये निर्देश का पालन करें। अगर भविष्य में अगर किसी प्रकार की युद्ध की स्थिति का सामना देश को करना पड़े तो यह स्थिति में इन सभी चीजों का उपयोग किया जा सके।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.3 °c | 21.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.19 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.12 बजे |



### संविधान बचाओ रैली में यह क्या बोल गये कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष

# पीएम के पास हमले का इनपुट था : खड़गे

■ 3 दिन पहले रिपोर्ट मिली, प्रधानमंत्री मोदी ने दौरा रद्द किया

■ पहलगाम में पीएम ने आम लोगों के लिए व्यवस्था नहीं की



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के रांची में मंगलवार को कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर गंभीर सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने कहा- 'मुझे पता चला है और एक अखबार में भी मैंने पढ़ा है कि 22 अप्रैल के आतंकी हमले के 3 दिन पहले पीएम मोदी के पास इंटेलिजेंस का इनपुट था। इसलिए उन्होंने अपना कश्मीर दौरा रद्द कर दिया, लेकिन आम लोगों की सुरक्षा के लिए व्यवस्था नहीं की।' '26 बेगुनाह लोग मारे गये और सरकार ने माना इंटेलिजेंस फैलियर है और उसको वे सुधारेंगे। अगर उन्हें यह पता है, तो उन्होंने अच्छी व्यवस्था क्यों नहीं की।

## झारखंड सीएम का नाम भूल गये खड़गे

विधानसभा मैदान में सभा को संबोधित करते हुए खड़गे झारखंड सीएम का नाम भूल गये। मंच पर उनके पीछे खड़े शख्स से उन्होंने मुख्यमंत्री का नाम को पूछा, लेकिन फिर लिया नहीं।

उन्होंने कहा '11 साल से केंद्र में मोदी की सरकार है, वो कहती है सारे राज्य एक हैं, लेकिन इसी सरकार ने हमारे झारखंड के मुख्यमंत्री को जेल भेजा और हंस रही थी। ये नहीं चलेगा।' 'मोदी साहब आदिवासी-गरीबों को जेल में डालकर डराओ मत, वो डरने वाले नहीं। हमें तो तुम्हारी चिंता है, क्योंकि सुविधा तो आपको चाहिए। हमारे लोग मेहनत मजदूरी कर के जीने वाले लोग हैं।'

## मोदी की पॉलिसी है पब्लिक सेक्टर बंद करो

खड़गे ने कहा- 'मोदी जी की पॉलिसी है कि पब्लिक सेक्टर बंद करो और पिछड़े वर्ग के लोगों की नौकरी छीन लो। इतनी वैकेंसी है, लेकिन सरकार नहीं भर रही, क्योंकि वो गरीबों को तंग करना चाहते हैं।' 'अन्याय के खिलाफ आवाज उठानी होगी। अगर हम एक होकर नहीं लड़ेंगे और संविधान की रक्षा नहीं करेंगे तो हमारे दिन खराब हो जायेंगे। मैंने पीएम मोदी को लेटर लिखा कि 50 प्रतिशत आरक्षण हटाओ।' 'आज जल्द से जल्द अच्छे कानून को राज्यपाल को मंजूरी देनी चाहिए। अगर आज आप लोगों की मांग को इज्जत नहीं देंगे तो कल आपको पछताना होगा। इस रैली में मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ केसी वेणुगोपाल, भूपेश बघेल, झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के राजू शामिल थे।

### अलजजीरा पढ़ना छोड़ दें कांग्रेस नेता

# पाकिस्तान की भाषा बोल रहे खड़गे : बाबूलाल

### खड़गे का बयान देश की सेना और सुरक्षाबलों का मनोबल गिराने वाला

● संविधान बचाओ के नाम पर कांग्रेस देश में फैला रही भ्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को कांग्रेस पार्टी पर बड़ा निशाना साधा। कहा कि आखिरकार आज समझ आ ही गया कि संविधान बचाओ की आड़ में कांग्रेस वास्तव में करना क्या चाहती है। इस मौकापरस्त पार्टी को देश में हुए आतंकी हमले का भी राजनीतिक लाभ उठाना है। सर्वदलीय बैठक के बाद इनके नेता सार्वजनिक रूप से कहते हैं कि वे केंद्र सरकार के हर फैसले में साथ हैं, और पीठ पीछे 'संविधान बचाओ रैली' कर पूरे देश में भ्रम फैला रहे हैं। कहा जिस समय पूरे देश को एकजुट रहने की जरूरत है, उस समय कांग्रेस झूठ और अफवाह फैलाकर देश के भीतर दरार पैदा कर रही है। अगर यह देशद्रोह नहीं है, तो क्या है? यह संविधान और देश की जनता के साथ सीधा धोखा है। कहा कि मंगलवार को रांची में कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार पर अनर्गल और आधारहीन आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को तीन दिन पहले से हमले की जानकारी थी, और उन्हें इंटेलिजेंस रिपोर्ट पहले ही मिल गयी थी। शायद कांग्रेस के समय में सिस्टम ऐसे ही काम करता होगा तभी ऐसी घटनाएं आम थीं। कहा कि जब देश में कांग्रेस की सरकार थी तो दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, वाराणसी समेत पूरा देश सीरियल बम धमाकों से सिहर उठता था। 26/11 जैसे हमलों को अंजाम देकर आतंकी खुलेआम मौत का नंगा नाच करते थे। यहां तक कि कांग्रेस की सरकार में पाकिस्तानी हमारे सैनिकों का सिर काटकर ले जाते थे। लेकिन जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं, पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर मार रहे हैं। सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट एयर स्ट्राइक प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सेना के शौर्य और पराक्रम का साक्षात उदाहरण हैं। कहा कि खड़गे जी वरिष्ठ और सम्माननीय नेता हैं, लेकिन जब वे भी कांग्रेस की इस ओछी राजनीति का हिस्सा बन रहे हैं, तो उन्हें यह साबित करना होगा कि आखिर उन्होंने यह खबर किस अखबार में पढ़ी और किन 'सूत्रों' की बात कर रहे हैं। अगर वे इसे साबित नहीं कर सकते, तो उन्हें केंद्र सरकार और देश की जनता से अपनी इस शर्मनाक बयानबाजी के लिए माफी मांगनी होगी। कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऐसे समय में जब पूरी दुनिया व्यथित है, तब खड़गे का गैर जिम्मेदाराना बयान सेना और सुरक्षा एजेंसियों का मनोबल तोड़ने और एक तरह से पाकिस्तान को मदद करने वाला प्रयास कहा जायेगा। अंत में कहा कि कांग्रेस के नेताओं से एक नम्र निवेदन–अल जजीरा पढ़ना छोड़ दें।

# संविधान की धज्जियां उड़ाने वाले संविधान बचाने निकले हैं : रघुवर



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** कांग्रेस पार्टी की ओर से आयोजित की जा रही 'संविधान बचाओ रैली' पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता रघुवर दास ने तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कांग्रेस पर दोहरे चरित्र का आरोप लगाते हुए कहा कि जिस पार्टी ने दशकों तक सत्ता में रहकर संविधान की धज्जियां उड़ाईं, आज वही संविधान बचाने की बात कर रही है, जो हास्यास्पद है।

मंगलवार को जमशेदपुर के एग्रिको स्थित आवासी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में रघुवर दास ने कहा, कांग्रेस को संविधान पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। आजाद भारत में 50-60 वर्षों के शासन के दौरान कांग्रेस ने संविधान को ताक पर रख दिया। 1975 में आपातकाल लगाकर कांग्रेस ने संविधान को संशोधित कर पूरे देश को नजरबंद कर दिया था। अब वही कांग्रेस संविधान के नाम पर राजनीतिक रोटियां सेक रही है। उन्होंने कांग्रेस गठबंधन के एक मंत्री के बयान का हवाला देते हुए कहा, जब कांग्रेस गठबंधन का मंत्री कहता है कि उसके लिए शरियत पहले है और संविधान बाद में, तो कांग्रेस की असलियत उजागर हो जाती है। फिर भी कांग्रेस 'संविधान बचाओ अभियान' चला रही है, जो जनता को भ्रमित करने की कोशिश है। पूर्व मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि जनता अब कांग्रेस के इस दोहरे चरित्र को भली-भांति समझ चुकी है और आने वाले दिनों में न केवल झारखंड, बल्कि पूरा देश 'कांग्रेस मुक्त' होगा।

# झारखंड स्वास्थ्य विज्ञान विश्वद्यालय का गठन, सीएम होंगे कुलाधिपति



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्वास्थ्य विज्ञान विश्वद्यालय अधिनियम 2023 को लागू कर दिया गया है। विधानसभा से इसे पारित कराते हुए राज्यपाल की मंजूरी भी ली गयी है। विधि विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। इस विशविद्यालय के कुलाधिपति राज्य के मुख्यमंत्री होंगे। कुलाधिपति जब उपस्थित होंगे तो दीक्षांत समारोह, शासी निकाय की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। उन्हें यह अधिकार होगा कि विवि के कार्यालयों, कॉलेजों इत्यादि पर अपना निर्देश दे सकें। इसके अलावा भी कई अधिकार होंगे। इसमें कुलपति, रजिस्टार, डीन, परीक्षा नियंत्रक, डीन छात्र क्लयाण, संपदा अधिकारी एफओ सहित कई पद सृजित किये जायेंगे। यूनिवर्सिटी लिंग, वर्ग या पंथ का ध्यान न रखते हुए सभी व्यक्तियों के लिए खुला रहेगा। अधिनियम में यूनिवर्सिटी के अधिकार, प्रशासनिक नियंत्रण, पठन-पाठन, टीचिंग, नॉन टीचिंग स्टॉफ के बारे में विस्तृत व्याख्या की गयी है। विज्ञान विवि मुख्य रूप से ज्ञान के विकास और प्रचार-प्रसार के लिए व्यावसायिक एवं तकनीकी शिक्षा देने, उत्क्रमित करने, प्रशिक्षण एवं शोध को विकसित एवं समुंत करने के लिए प्रावधान करना, पद सृजन सहित, कार्रवाई का भी अधिकार दिया गया है। इसके अलावा आधुनिक विषय और समाज की बदलती आवश्यकताओं की अनुक्रिया में स्वास्थ्य विज्ञान की विभिन्न शाखाओं में पेशेवर शिक्षा विकसित करना। शिक्षण अनुसंधान और विस्तार को पेशेवर करना, गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान कराने सहित अन्य कार्य हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य विज्ञान के सभी संकायों जिनमें आधुनिक चिकित्सा प्रणाली, दंत चिकित्सा उपचर्या औषधि विभिन्न आयुवैर्दिक विधाएं, चिकित्सा प्रयोगशाल, यूनानी, हौम्योपैथी चिकित्सा में प्रबंधन, एकरूपता लाने सहित अन्य कार्य किये जायेंगे। इन सारे कॉलेज को इसी विवि के अधीन किया जायेगा। इनमें बेहतर मानव संसाधन, स्वास्थ्य संरचना विकसित करना भी मुख्य कार्य होगा। इस विवि का मुख्यालय राज्य सरकार निर्धारित करेगी।

# झारखंड में सरना धर्म कोड के बिना नहीं होगी जातीय जनगणना : विनोद पांडेय

■ झामुमो ने विरोध का किया एलान, 9 मई को सभी जिलों में धरना-प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्र की मोदी सरकार ने जाति आधारित जनगणना कराने का फैसला लिया है। केंद्र सरकार के इस फैसले के बाद से राजनीति शुरू हो गयी है। झारखंड के प्रमुख सत्ताधारी दल झारखंड मुक्ति मोर्चा ने दो टूक कह दिया है कि सरना धर्म कोड को लागू किये बिना राज्य में जातिगत जनगणना नहीं होने दी जायेगी।

झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय ने इस बाबत पत्र भी जारी कर दिया है। पार्टी ने सरना धर्म कोड की मांग को लेकर 9 मई को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन करने की घोषणा कर दी है। पार्टी ने विरोध-प्रदर्शन में सभी केंद्रीय पदाधिकारी, मंत्री, सांसद और विधायकों की उपस्थिति अनिवार्य कर दी है।

## बिहार में वोट लेने के लिए केंद्र ने लिया निर्णय : मनोज पांडेय



झामुमो ने केंद्र सरकार को घेरते हुए आरोप लगाया है कि इस फैसले से केंद्र सरकार की आदिवासियों के प्रति मानसिकता झलकती है। इस मसले पर झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने दो टूक कहा है कि राज्य में हम जो चाहेंगे वही होगा। तमाम इंडिया गठबंधन के दबाव में ही केंद्र सरकार ने जातीय गणगणना की बात कही है। झामुमो नेता मनोज पांडेय ने कहा कि बिहार चुनाव को देखते हुए वोट लेने के लिए भाजपा ने जातीय गनगणना की घोषणा की है। इसलिए सरना धर्म कोड के बगैर जातीय आधारित गनगणना नहीं होने दी जायेगी। लिहाजा, सरना धर्म कोड के बिना इस फैसले को लागू नहीं होने दिया जायेगा। इसको चेतावनी कहने पर मनोज पांडेय ने कहा कि हमलोग आंदोलनकारी हैं। इसी भाषा में झारखंड अलग राज्य लिया गया था। इसको देखते हुए रणनीति बनाने का काम शुरू हो गया है। केंद्रीय नेतृत्व के फैसले के तहत आगे का फैसला लिया जायेगा। झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि जबतक सरना धर्म कोड को नहीं समाहित नहीं किया जायेगा, तबतक जनगणना अधूरी मानी जायेगी। उन्होंने कहा कि लड़ के लेंगे सरना धर्म कोड। इसको ध्यान में रखते हुए बैठकों का दौर जारी हो रहा है।

# चाइबासा के पटेल बंधुओं पर जीएसटी का छापा

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पश्चिम सिंहभूम (चाइबासा) जिले के प्रसिद्ध उद्योगपति पटेल बंधुओं के खिलाफ में मंगलवार सुबह जीएसटी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। मनोज पटेल और मुन्ना पटेल, जो चाइबासा में राइस मिल और क्रेशर उद्योग से जुड़े प्रमुख व्यवसायी हैं, उनके आवास पर छह सदस्यीय टीम ने अचानक छापा मारा। विभाग ने औद्योगिक लेन-देन और जीएसटी भुगतान में कथित अनियमितताओं को लेकर यह कदम उठाया है। सुबह-सुबह पहुंची टीम ने पटेल बंधुओं के आवास पर दस्तावेजों की गहन जांच शुरू की। उनके व्यवसायिक रिकॉर्ड, जीएसटी रिटर्न, बैंक लेनदेन और टैक्स संबंधी कागजात खंगाले जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, यह जांच अभी शुरूआती चरण में है और जरूरी साक्ष्य मिलने पर दायरा और बढ़ाया जा सकता है। यह कार्रवाई ऐसे वक्त पर हुई है जब हाल ही में झारखंड खैनी के मालिक नितिन प्रकाश और उनके सहयोगियों पर भी जीएसटी विभाग ने छापेमारी की थी। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से जिले के व्यापारिक वर्ग में खलबली मची हुई है। विभाग की सक्रियता से स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि सरकार टैक्स चोरी के मामलों पर सख्ती से पेश आ रही है।

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

ऑपरेशन अभ्यास
(केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार)

आपातकालीन तैयारी का अभ्यास

सायरन अलर्ट को समझें
(हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन का मतलब जानें। नागरिक सुरक्षा कार्यकर्ता आपको इसका प्रशिक्षण देंगे)

हवाई हमले से बचाव के तरीके सीखें
(नागरिकों और छात्रों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र होंगे। हमले से बचाव के तरीके सीखें)

क्रैश ब्लैकआउट प्रक्रिया का पालन करें
(शहर की बिजली एक साथ बंद हो सकती है ताकि हवाई हमले से बचा जा सके। घबराएं नहीं, यह सुरक्षा के लिए है)

निकासी योजना में सहयोग दें
(आपातकाल में सुरक्षित निकासी के लिए मॉक ड्रिल में हिस्सा लें)

यह अभ्यास झारखण्ड के केवल 5 जिले रांची, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो, साहेबगंज और गोड्डा में होगा

ब्लैकआउट के दौरान वैकल्पिक बिजली व्यवस्था, जैसे जनरेटर, इन्वर्टर या टॉर्च आदि का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए

ब्लैकआउट के दौरान सभी खिड़कियों को मोटे पर्दे से ढक देना चाहिए

लोगों को मॉक ड्रिल के दौरान अधिकारियों के साथ सहयोग करना चाहिए

जिला प्रशासन आपातकालीन निकासी को सुविधाजनक बनाने के लिए कुछ सड़कों को सार्वजनिक उपयोग के लिए बंद कर सकता है

आम जनता से अनुरोध है कि शाम 4 से 7 बजे घरों की बिजली ना जलाएं और गाड़ियों के हेडलाइट बंद रखें

7 मई 2025 को शाम 4 बजे से होने वाले नागरिक सुरक्षा
मॉक ड्रिल में भाग लें
जागरूक रहें, सुरक्षित रहें!

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
P.R. 351811 (IPRD) 25-26

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 07 मई, 2025
www.azadsipahi.in


## डीडीसी ने सदर अस्पताल का निरीक्षण किया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त ने मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन और रख रखाव योजना अंतर्गत प्राप्त आवंटन की राशि की उपयोगिता का सत्यापन किया। उप विकास आयुक्त ने उक्त योजना हेतु संचिका संधारण, भंडारण पंजी संधारण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मौके पर उपाधीक्षक डॉ रंजीत अन्य मौजूद रहे।

## लंबित आवासों को पूरा करने के लिए लगा कैंप



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज और प्रखंड विकास पदाधिकारी मरकच्चो हुलास महतो के द्वारा दिये निर्देश के आलोक में पंचायत नावाडीह, देवीपुर, पपलो और डगरनवा में लंबित आवासों को पूर्ण करने के लिए मंगलवार को पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, और बीएफटी के द्वारा कैंप किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और अबुआ आवास योजना अंतर्गत बन रहे आवासों का निरीक्षण किया गया। जिसमें आवास निमार्ण कर रहे लाभुकों को जल्द से जल्द आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया और 60 दिनों तक खाता में राशि जाने के बाद भी आवास लंबित रखने वाले लाभुक को नोटिस भी दिया गया। निरीक्षण के क्रम में संबंधित पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक, बीएफटी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग के मां चंचालिनी मुख्य द्वार के समीप बीती रात गिरिडीह की ओर से आ रही एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। जबकि बाइक पर सवार दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान गिरिडीह जिला के साख निवासी 22 वर्षीय नीलेश कुमार के रूप में हुई है। वहीं घायल की पहचान भी गिरिडीह जिले के साख निवासी 22 वर्षीय अजीत कुमार पिता नंदू यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार उक्त दोनों युवक गिरिडीह स्थित अपने निवास से बाइक जेएच 11एक्यू 24 81 पर सवार होकर नवलशाही में किसी शादी समारोह में शामिल होने के साथ अजीत कुमार को मुंबई जाने के लिए कोडरमा स्टेशन ट्रेन पकडाने आ रहा था। रात के करीब 10 बजे नवलशाही के मां चंचालिनी मुख्य द्वार के समीप किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। जिससे बाइक सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर नवलशाही थाना पुलिस दोनों युवकों को लेकर सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचे। जहां ईलाज के दौरान नीलेश की मौत हो गयी, जबकि घायल अजीत का इलाज अभी भी चल रहा है। मंगलवार की सुबह मृतक का पोस्टमार्टम होने के पश्चात शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

## उपमुखिया का पुत्र बना आइटीआइ में ट्रेनी ऑफिसर



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गरी कलां पंचायत के उप मुखिया कैलाश महतो के कनिष्ठ सुपुत्र सत्यम कुमार निराला झारखंड औद्योगिक प्रशिक्षण इंस्ट्रक्टर परीक्षा में उत्तीर्ण हो कर वेल्डर डिपार्टमेंट में ट्रेनी ऑफिसर के पद पर नियुक्ति प्राप्त किया है। इस संदर्भ में उप मुखिया कैलाश महतो ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा वर्ष 2024 आयोजित परीक्षा में सफलता प्राप्त किया है। उपमुखिया कैलाश महतो ने बताया की झारखंड सरकार के श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव के द्वारा मेरे पुत्र को नियुक्ति पत्र सौंपा गया है, जिसे झारखंड सरकार द्वारा संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रामगढ़ में वेल्डर डिपार्टमेंट में बतौर प्रशिक्षक अधिकारी के पद पर नियुक्ति मिला है। हम वर्तमान में उपमुखिया के पद पर हैं और राजमिस्त्री का कार्य करते हैं राजमिस्त्री के कार्य से ही अपने पुत्र को इस काबिल बनायें है। सभी क्षेत्रवासियों को हम यह संदेश देते हैं कि आप अपने बच्चों को शिक्षित अवश्य करें बच्चों के शिक्षा के लिए अपने आप को समर्पित कर दीजिए। वहीं उपरोक्त सफलता पर ट्रेनी ऑफिसर सत्यम ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा से सब कुछ संभव है सभी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के एक मात्र सुगम मार्ग शिक्षा है। उप मुखिया के पुत्र की सफलता पर ग्रामीणों समेत आस पड़ोस के लोगों ने पिता पुत्र को ढेर सारी बधाई दे रहे हैं। इस सफलता पर डॉक्टर चंदन कुमार, सेवा निवृत्ति शिक्षक राजेंद्र महतो, बालेश्वर राणा, मिथलेश राम, दिलीप कुमार गोस्वामी, विश्वनाथ कुमार, बादल समेत कई लोगों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की हैं।

## फर्जी डॉक्टरों पर होगी कार्रवाई: चिकित्सा प्रभारी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी अविनाश कुमार ने अपने कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि स्वास्थ्य विभाग झारखंड सरकार ने निजी प्रैक्टिशनरो (झोलाछाप डॉक्टरों) और इलाज के साथ जादू टोना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्णय लिया। प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों को बताया कि ई पोर्टल के माध्यम से ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री को शिकायत किया है कि बड़कागांव प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में निजी प्रैक्टिशनरो द्वारा जानलेवा इलाज किया जा रहा है। इस संबंध में झारखंड सरकार निर्देश पर सिविल सर्जन द्वारा पत्रांक 127 के तहत पत्र जारी करते हुए फर्जी डॉक्टरो के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। उक्त पत्र मुझे भी कार्रवाई करने के लिए प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि पांच सदस्य टीम बनाकर फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जायेगी। फर्जी डॉक्टरों को चिन्हित कर मामला दर्ज किया जायेगा। जिसका रिपोर्ट सिविल सर्जन को दिया जायेगा। फर्जी डॉक्टरों द्वारा गलत तरीके से इलाज की जाती है। गलत तरीके से दवा दिया जाता है। जो जानलेवा होता है। निजी प्रैक्टिशनर अर्थात फर्जी डॉक्टर गलत तरीके से इलाज करते हैं, जिससे मरीजों को जान चली जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ बंगाली डॉक्टर बड़कागांव क्षेत्र में एक हाथ में दवा दूसरे हाथ में नींबू लेकर इलाज करते हैं। ऐसे लोग पर भी मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सा प्रभारी डॉ अविनाश कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र और शहरी क्षेत्र में इलाज सही तरीके से करने के लिए बड़कागांव प्रखंड में 13 उप स्वास्थ्य केंद्र तीन पीएचसी और एक सीएचसी है। **कहां-कहां उपवास केंद्र:** मिर्जापुर, पलामू, आगों, अंबाजीत, गोंदलपुरा, गोसाई बलिया, सीकरी, नापो खुर्द, पुंदोल, जरजरा, विश्रामपुर, सिंदवारी (आरआरआर कॉलोनी) हरली में उप स्वास्थ्य केंद्र है। इसके अलावा तीन पीएससी है जिसमें से हरली, बादम, चमगढ़ा (डोकाटांड़) है।

# नशे की बलि चढ़ा युवक, दोस्तों पर लगा हत्या करने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** मंगलवार की सुबह हजारीबाग में बड़ा बाजार थाना क्षेत्र के सिमरा रेस्ट हाउस पेट्रोल पंप के पीछे के समीप कुएं एक युवक का शव देंखा गया घटनास्थल पर देखने से प्रतीत हो रहा था कि युवक की हत्या बेरहमी से मारकर पत्थर से कुचल कर की गयी है और फिर उसे कुएं में डाल दिया गया, घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने कुएं से शव को निकाला तब शव की पहचान खिरगांव पांडे टोला निवासी होटेल पांडे पिता देवी पांडे के रूप में हुई। इसके बाद स्थानीय लोग आक्रोशित होकर बड़कागांव मुख्य सड़क को जाम कर दिया और अपराधियों को पकड़ कर न्याय दिलाने और मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग करने लगे। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह घटना नशा खोरी का नतीजा है कहा जाता है कि



गिरफ्तार दोस्त

मृतक भी नशे का आदि हो चुका था रात रात भर नशे की लत के कारण तनाव में रहता था। इनके बड़े भाई ने बताया कि सोमवार को रात में घर नहीं लौटा तो लगभग एक बजे के करीब फोन उठाया तब बताया कि इधर ही है आ रहे हैं जब रात में घर नहीं पहुंचा तो सुबह में परिजन खोजने निकले तो देखा कि सिमरा रेस्ट हाउस चौक पेट्रोल पम्प के नजदीक मृतक की स्कूटी खड़ा थी, जब लोग अगल-बगल ढूंढने लगे तो कुंआ के पास खुन पड़ा देखा कुएं में झांका तो लाश देखी गयी, परिजनों ने पिन्टु सिंह और इनके अन्य सहयोगी पर हत्या का आरोप लगाया है मृतक के चार बच्चे हैं तीन बेटियां और एक अबोध बेटा है। घटनास्थल पर मौजूद हजारीबाग के सदर डीएसपी सह आईपीएस अमित कुमार ने बताया कि एक टीम का गठन किया गया है। स्थानीय सीसीटीवी की जांच की जा रही है जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जायेगा। स्थानीय लोग आरोप लगा रहे हैं कि हजारीबाग में नशाखोरी बढ़ रही है जिस तरह से जिसके चलते इस तरह की घटना घट रही है इसको देखते हुए मेरी स्थानीय लोगों से अपील होगी कि आपको कहीं भी नशाखोरों की सूचना मिलती है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। इस घटना में मृतक के मित्र पिन्टु सिंह और इनके अन्य साथियों को हिरासत में लिया गया है पुलिस पुछताछ कर रही है। जल्द ही घटना का उद्भेदन कर दिया जायेगा। हजारीबाग के सदर अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ कामती ने लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। सात घंटों की मानव नवल के बाद तत्काल दाह संस्कार के लिए पैंतीस हजार नगद सरकारी प्रावधानों के तहत मृतक के आश्रित को तीन लाख रुपये का मुआवजा, मृतक के बच्चों को शिक्षा की व्यवस्था, मृतक की पत्नी को एनटीपीसी या किसी अन्य निजी संस्थान में नौकरी देने के आश्वासन के बाद जाम हटाया गया।

## खाई में गिरने से व्यापारी घायल

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव टंडवा रोड में हरदरा नदी तट स्थित सूर्य मंदिर के पास बाबू जगदेव प्रसाद के प्रतिमा के सामने 20 फीट खाई में एक साइकिल सवार गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। इसका इलाज बड़कागांव के निजी अस्पताल में किया गया। ग्रामीणों के अनुसार घायल व्यक्ति बिहार के औरंगाबाद निवासी बलदेव साव है। यह घटना मंगलवार के देर शाम की है। ग्रामीणों ने बताया कि वह व्यक्ति अपने साइकिल से हर एक माल 100 में कई तरह के सामग्री बेचने का काम करता है। वह घायल व्यक्ति आज महटिकरा की ओर से साइकिल से बड़कागांव की ओर आ रहा था। इसी दौरान वह हरदरा नदी के पुल के किनारे 20 फीट खाई में गिर गया। हालांकि खाई मैं घास व झाड़ी रहने के कारण उसे कम चोट लगी है। ग्रामीणों ने बताया कि हरदार नदी में काफी ऊंची में पुल बन गया है। इस कारण पुल के किनारे खाई बन गया है। यहां पर बड़ा सा गार्डवाल बनाने की जरूरत है। गार्डवाल नहीं बनने के कारण यहां हर दिन लोग गिरते नजर आते हैं।**

# सीमांकन करने आये अधिकारियों को ग्रामीणों ने बनाया बंधक

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा वन क्षेत्र रूद्दी में वन विभाग बड़कागांव और एनटीपीसी के एमडीओ बीजीआर कंपनी के पदाधिकारीयों द्वारा गुपचुप तरीके से एनटीपीसी बादम कॉल ब्लॉक का सीमांकन कार्य किया जा रहा था। इसकी सूचना मिलते ही सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण सीमांकन कार्य स्थल पर पहुंचकर सीमांकन कार्य को बंद करते हुए वन विभाग और बीजीआर कंपनी के पदाधिकारीयों को कॉल कंपनियों के विरुद्ध लगातार लगभग 700 दिनों से धरना चल रहे स्थल पर लाया गया। धरना स्थल पहुंचते ही गोंदलपूरा और इर्द-गिर्द गांव के काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए और ग्रामीणों ने वन विभाग के पदाधिकारीयों से सीमांकन कार्य



हेतु अपने वरीय पदाधिकारी का आदेश पत्र मांगा पर वन विभाग के द्वारा कोई आदेश पत्र नहीं दिखाया गया। उसके बाद ग्रामीणों ने लगभग सभी पदाधिकारी को 5 घंटे तक धरना स्थल पर बैठाए रखा इसकी सूचना मिलते ही बड़कागांव थाना से एसआइ रामनिवास सिंह आए और उसके हस्तक्षेप के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग के पदाधिकारी से लिखित में लिया कि आज के बाद से इस वन क्षेत्र में वन विभाग का कोई भी कार्य होगा पहले गोंदलपूरा वन समिति को सूचित करने के बाद ही होगा। वन विभाग नें अस्वस्थ किया कि आज के बाद से हम लोग जो भी काम करेंगे पहले वन ग्राम समिति और ग्रामीणों को सूचित करके ही काम करेंगे।

वहीं ग्रामीणों ने बताया कि एनटीपीसी के एमडीओ बीजीआर कंपनी द्वारा सीमांकन का कार्य पहले कंपनी के दलालों को दिया गया था। जिसको हम लोग रुकवा दिए फिर कंपनी ने सीमांकन का कार्य धन के बल पर वन विभाग को सौंप दिया जो सरासर गलत है और हम ग्रामीण इसको कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। वन विभाग अपने वन क्षेत्र में अपने विभाग का कार्य करने के लिए स्वतंत्र है लेकिन वन विभाग अगर कंपनी का कार्य करेगा तो आगे भी हम लोग रोकने का कार्य करेंगे।

# हाथी ने महिला को पटक कर मार डाला

**वन विभाग की ओर से दिये गये तत्काल 45 हजार रुपये**

आजाद सिपाही संवाददाता

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड के खैरा पंचायत के नारायणपुर - सिमराढाव जंगल में सोमवार को सिमराढाव निवासी बुधु मांझी की 70 वर्षीय पत्नी दशमी देवी को मार डाला। जानकारी के मुताबिक दशमी देवी सुबह को अपने जानवर को खोजने निकली थी कि सड़क पर अचानक हाथी दिखायी पड़ा और महिला भागने लगी तो हाथी दौड़ा कर महिला को पटक पटक कर मार डाला। जानकारी मिलते ही सिमराढाव और नारायणपुर के लोग घटनास्थल पर जमा हो गये और वनपाल विद्याभूषण और थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी को दिया। घटनास्थल पर वन विभाग की ओर से रेंजर एस के तिवारी



और थाना एस आई पवन कुमार समेत जिप सदस्य रामप्रसाद, उपप्रमुख रवि वर्णवाल, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश वर्मा, पंसस विनय कुमार ने मृतक पति बुधु मांझी को सरकारी प्रावधान के तहत दाह संस्कार और क्रियाक्रम के लिए पैंतालीस हजार तत्काल दिया और शेष राशि कागजी प्रक्रिया के बाद तीन लाख पचपन हजार दिया जायेगा। ग्रामीण राजेश सोरेन, सुरेश मुर्मू, चंद्र किस्कू, लखन किस्कू, छोटेलाल मुर्मू, महेश सोरेन, किशुन सोरेन, मनोज सोरेन, जीवलाल सोरेन ने वन विभाग से लाइट, टॉर्च और इस क्षेत्र से हाथी को भगाने की मांग की। वहीं रेंजर एस के तिवारी वनपाल विद्याभूषण ने कहा कि बहुत ही जल्द लाइट और टॉर्च की व्यवस्था की जायेगी और इस क्षेत्र से हाथी को भगाने के लिए टीम लगा हुआ है। मौके पर वन विभाग से विद्याभूषण, गोपी पासवान, ओपी शर्मा, सुरेश मुर्मु, राजेश सोरेन, महेंद्र प्रसाद, सुरेश प्रसाद, श्याम प्रसाद समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### बर्बाद की किसानों की फसल, मुआवजे की मांग

**टाटीझरिया। सोमवार अहले सुबह सिमराढाब की दशमी देवी को कुचल कर मारने के बाद हाथी शाम होते ही धरमपुर पंचायत के मंडपा पहुंचा। मंडपा के ग्रामीण एकजुट होकर टायर जलाकर हाथी को भगाने में सफल रहे। इसके बाद हाथी धरमपुर निवासी किसान शंकर कुमार शर्मा पिता बैजनाथ ठाकुर के चेचाकी में 2 एकड से अधिक जमीन में लगे तरबूज की फसल को खाकर और रौंद कर नुकसान पहुंचाया। शंकर ने बताया कि बीते सोमवार-मंगलवार की रात हाथी ने उसके जेरूवाडीह के खेत में लगाये गये तरबूज की खेती को लगातार 3 घंटे तक खाकर और रौंद कर काफी नुकसान पहुंचाया है। इस दौरान वन विभाग की टीम और ग्रामीणों के सहयोग से हाथी को भगाने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन फिर भी नुकसान से नहीं बचा जा सका। हाथी ने जेरूवाडीह के जैनुल अंसारी के खेत में लगे केले की फसल को भी बर्बाद कर दिया है। रात में फसलों को नुकसान पहुंचाने के बाद हाथी जंगल में चला गया है। बता दें कि हाथी से क्षेत्र के लोगों को जानमाल का नुकसान पहुंच रहा है। हाथी के क्षेत्र में स्वच्छंद विचरण करने से लोगों में दहशत व्याप्त है। वन विभाग भी हाथी को क्षेत्र से खदेडकर सुरक्षित स्थान पर ले जाने में अब तक नाकाम साबित हुई है। हाथी से हुए नुकसान को लेकर पीडित किसानों ने वन विभाग और शासन प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।**

# हजारीबाग में महिला जवान संभाल रहीं ट्रैफिक की कमान

**ट्रैफिक समस्या को पटरी पर लाने में लगी हैं 84 महिला होमगार्ड**

दीपक सिंह

**हजारीबाग।** हजारीबाग में ट्रैफिक बड़ी समस्या रही है। इस समस्या को धीरे-धीरे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। इसे लेकर 168 होमगार्ड जवान तैनात किये गये हैं। जिसमें 84 महिलाएं शामिल है। यह महिलाएं मेहनत के साथ ट्रैफिक समस्या को पटरी में लाने की कोशिश कर रही है। हजारीबाग के लगभग हर एक चौक चौराहा पर महिलाओं को देखा जा रहा है। जो एक हाथ में लाठी और दूसरे हाथ में सिटी



लेकर ट्रैफिक कंट्रोल करते हुए दिख रही है। हजारीबाग शहर में लगभग 64 ट्रैफिक महिलाएं सेवा दे रही हैं, जो सिर्फ ट्रैफिक कंट्रोल ही नहीं कर रही है बल्कि लोगों को ट्रैफिक नियम पालन करने की नसीहत भी दे रही है। खासकर के डिस्टिक मोड, इंद्रपुरी चौक, पुराना समरणालय बंशीलाल चौक पर उनकी सक्रियता अधिक देखने को मिल रही है। अत्यधिक गर्मी पड़ने के बावजूद अपने ड्यूटी पर डंटे रहती है। हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय भी कहती है कि महिलाओं ने बडी बीडा उठाई है। ट्रैफिक कंट्रोल करने में इनका महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने सभी महिलाओं को इसे लेकर बधाई दी है और उम्मीद किया कि आने वाले दिनों में और भी बेहतर काम करेंगी। डिस्ट्रिक मोड पर ट्रैफिक ड्यूटी में लगी आरती कुमारी बताती है कि ट्रैफिक कंट्रोल करना बेहद ही चुनौती भरा काम है। शहर में मोटरसाइकिल सवार तेज गति से गाड़ी चलाते हैं, तो कई ऐसे लोग हैं जो ट्रैफिक नियम का पालन नहीं कर रहे हैं। उन लोगों को ट्रैफिक नियम की जानकारी दी जा रही है। साथ ही शहर में जाम की स्थिति ना बने इसे लेकर पूरी ताकत के साथ सेवा दिया जा रहा है। इन्होंने यह भी कहा कि ट्रैफिक कंट्रोल करने के साथ-साथ वैसे लोग जो ट्रैफिक नियम का पालन नहीं कर रहे हैं उनका फाइन काटने का भी काम किया जा रहा है। जिससे सरकार को राजस्व की प्राप्ति भी हो रही है। हजारीबाग में महिलाओं ने ट्रैफिक कंट्रोल करने को लेकर बड़ी बीड़ा उठा ली है। इसका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहा है। शहर के कई ऐसे इलाके थे जहां ट्रैफिक की घोर समस्या थी। अब वहां ट्रैफिक सामान्य दिख रहा है।

## कलश यात्रा के साथ चनारो में, सात दिवसीय शिव हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा और रुद्र महायज्ञ शुरू



**चरही (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को वैदिक श्री श्री 1008 श्री शिव हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा और रुद्र महायज्ञ का भव्य कलश यात्रा निकाला गया। 6 से 12 मई तक चनारो पंचायत अंतर्गत ग्राम चनारों में होने वाले वैदिक श्री श्री 1008 श्री शिव हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा और श्री रुद्र महायज्ञ की कलश यात्रा कार्यक्रम में प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, जिप सदस्य वासुदेव करमाली और बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने यज्ञ समिति के सारे सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि ईश्वर कि असीम आशीर्वाद अनुकम्पा से ग्राम चनारों में श्री शिव परिवार सहित श्री हनुमान जी का प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया गया है। साथ ही इस महायज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सत्संग और प्रवचन का आनंद लेने का आग्रह किया। मौके पर चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, चूरचू प्रखंड जिला परिषद सदस्य वासुदेव करमाली, चुरचू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो, चनारो पंचायत मुखिया ब्रजबिहारी महतो, चुरचू प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख चौलेश्वर महतो समेत कई श्रवद्धालू मौजूद रहे।

## हजारीबाग से छह वारंटी गिरफ्तार



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिले के कटकमसांडी थाना अंतर्गत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न कांडों में वांछित छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। ये सभी अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहे थे। छापेमारी अभियान पेलावल प्रभारी वेद प्रकाश पांडे के नेतृत्व में चलाया गया। उनके साथ झारखंड पुलिस के 6 जवान शामिल थे। गिरफ्तार अभियुक्तों में हफीजुर रहमान, पिता असगर अली, असगर अली, पिता वली मोहम्मद दोनों आजाद नगर, पेलावल के निवासी है। तमीम, पिता मोहम्मद रसीद निवासी पेलावल, शाहिद अंसारी, पिता पीर मोहम्मद निवासी पेलावल, सोनू, पिता अब्दुल रसीद पेलावल, निसाज उर्फ नीसू, पिता यूसुफ खान उर्फ राजू निवासी रोमि शामिल हैं। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों को गिरफ़्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## बिरसा हरित योजना को लेकर गड्ढा खोदो अभियान



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सलगा पंचायत में मनरेगा अंतर्गत झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी योजना बिरसा हरित ग्राम योजना बागवानी में गड्ढा खोदो अभियान की शुरुआत प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार द्वारा करायी गयी। साथ ही समय सीमा के अंदर सभी बागवानी में पीट की खुदाई का कार्य पूर्ण करते हुए वर्षा ऋतु के शुरुआत में ही पौधा लगाने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुमन कुमार, सहायक अभियंता विशाल कुमार, कनीय अभियंता सुशील कुमार केसरी, ग्राम रोजगार सेवक नंद किशोर राम और बीएफटी प्रभु कुमार साव समेत कई लाभुक भी मौजूद थे।

## बच्चों के बीच बैग और किट का वितरण



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में सत्र 2025- 26 के लिए कक्षा एक से आठ तक अध्यतरत सभी छात्र-छात्राओं को स्कूली शिक्षा ओर साक्षरता विभाग, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के द्वारा स्कूल बैग और किट का वितरण किया जा रहा है। राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को प्रत्येक वर्ष पोशाक और स्कूल बैग समेत अन्य योजनाओं का लाभ मिल रहा है। प्रखंड में सभी सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को स्कूल बैग वितरण किया जा रहा है। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले अधिकांश बच्चे जो स्कूल बैग खरीदने में सक्षम नहीं होते हैं जिसे देखते हुए शिक्षा परियोजना बच्चों को अपने स्तर से बैग, किताबें, कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर, कटर, पोशाक, स्वेटर, जूता, उपलब्ध करा रही है। जिस कारण बच्चों और अभिभावकों को अपने बच्चों की पढ़ाई पूरी कराने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

## प्रोफेसर चंद्र भूषण शर्मा बने विनोबा भावे विवि, हजारीबाग के स्थायी कुलपति



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग से एक महत्वपूर्ण शैक्षिक खबर सामने आ रही है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), नई दिल्ली के शिक्षा संकाय के प्रोफेसर और स्कूल ऑफ एजुकेशन के निदेशक, श्री चंद्र भूषण शर्मा को विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग का स्थाई कुलपति नियुक्त किया गया है। श्री शर्मा शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम हैं और उनके पास उच्च शिक्षा, नीतिगत योजना और ओपन लर्निंग सिस्टम का वर्षों का अनुभव है। इग्नू में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने देशभर में शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच को बेहतर बनाने के लिए कई नवाचारात्मक कदम उठाये। उनकी नियुक्ति से विनोबा भावे विश्वविद्यालय को नई दिशा और ऊर्जा मिलने की उम्मीद जतायी जा रही है। विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों में भी इस फैसले को लेकर खुशी का माहौल है। श्री शर्मा की यह नियुक्ति राज्यपाल सह कुलाधिपति के आदेशानुसार की गयी है, और वे शीघ्र ही पदभार ग्रहण करेंगे।

## चार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न कांडो से फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम डोमचांच थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने गठित किया। गठित टीम के द्वारा तिलैया, थाना कांड सं 184/21 के वारंटी विक्रम कुमार उम्र 38 वर्ष पे स्व केदार रजक सा मंझलीटांड थाना डोमचांच और डोमचांच थाना काण्ड सं 78/23 के वारंटी प्रमुख सिंह उम्र 42 वर्ष पिता -विश्वनाथ सिंह सकिन-कुशाहना थाना डोमचांच, डोमचांच थाना काण्ड सं 78/23 के वारंटी कार्तिक तुरी उम्र-59 वर्ष पिता बालेश्वर तुरी सा कुशाहना थाना डोमचांच को गिरफ्तार किया गया। वहीं एक और वारंटी सुरेश यादव उम्र 60 वर्ष पे छोटू यादव सा काराखुंट डोमचांच थाना को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## वक्फ कानून को लेकर जनजागरण कार्यशाला का आयोजन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** भाजपा जिला कार्यालय में आज वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 को लेकर जनजागरण अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिमरिया विधायक कुमार उज्वल दास उपस्थित थे। उन्होंने विपक्ष द्वारा किए जा रहे विरोध पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वक्फ बोर्ड में किये गये संशोधन को लेकर देशभर में राजनीतिक बहस छिड़ी हुई है। भाजपा विधायक द्वारा वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम 2025 की विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। भाजपा नेताओं ने अपने संबोधन में कहा की आम जनता, विशेषकर अल्पसंख्यक समुदाय के बीच जाकर इस कानून को लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियों को दूर किया जायेगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक शर्मा, भाजपा चतरा जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता, डॉ मृत्युंजय सिंह, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष मौलाना महफूज रहमान, मोहम्मद बेलाल, मोहमद समीम, सरदार बलवंत सिंह सहित काफी संख्या में नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पेयजलापूर्ति से संबंधित, कल्याण विभाग से संबंधित, स्वास्थ्य से संबंधित, प्रधानमंत्री आवास योजना, शिक्षा विभाग, अबुआ आवास, मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना समेत अन्य मामले शामिल है। जनता दरबार मे मिलने आये सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमसंगत जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 01.00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## सात दिवसीय श्री शिव प्रतिष्ठा रूद्र महायज्ञ में शामिल हुए पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता



**चतरा (आजाद सिपाही)।** राज्य के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता आज चतरा सदर प्रखंड के दारियातू पंचायत के ग्राम कमता खुर्द में सात दिवसीय श्री शिव प्रतिष्ठा रूद्र महायज्ञ में आयोजित कलश यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान श्री भोगता कलश यात्रियों को संयुक्त रूप से कलश देकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। साथ ही सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ने सत्यानंद भोगता ने कहा कि महायज्ञ की परंपरा धार्मिक और संस्कृति से जुड़ी हुई है। यह धार्मिक परंपरा आस्था श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है। महायज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है। सकारात्मक उर्जा का संचार होता है और श्रद्धालुओं के परिवार में सुख समृद्धि आती है। इस तरह के भक्ति कार्यक्रम और पूजन समारोह में सम्मलित होने से मन और मस्तिष्क की शुद्धि होती है साथ ही पूरे शरीर में एक सकारात्मक उर्जा का संचार होता है। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य चन्द्रदेव गोप, पूर्व मंत्री प्रतिनिधि सुधीर सिंह, प्रखंड अध्यक्ष मनोज रवानी, रिशू सिंह और कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## मुखिया ने अबुआ आवास को लेकर की बैठक



**चतरा (आजाद सिपाही)।** इटखोरी प्रखंड के धुना पंचायत भवन में मुखिया सोनी कुमारी की अध्यक्षता में अबुआ आवास को लेकर एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पंचायत सचिव नवल किशोर यादव, प्रखंड कोडिनेटर प्रतिमा कुमारी, ऑपरेटर शिवकुमार और पंचायत के सभी वार्डो के अबुवा आवास के लाभुक और वार्ड सदस्य उपस्थित थे। इस मौके पर मुखिया सोनी कुमारी ने कहा कि अबुआ आवास की राशि मिलने के एक सप्ताह के अंदर किसी भी परिस्थिति में कार्य चालू करना है और 90 दिनों के भीतर आवास पूर्ण करना है। राशि लेने वाले सभी लाभुकों को मुखिया सोनी कुमारी ने शीघ्र ही कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत में कई बार लाभुकों से राशि मिलने पर शीघ्र कार्य शुरू करने को कहा गया परंतु कई लाभुकों ने इसे नहीं माना। इस मौके पर सैकड़ों लाभुक उपस्थित थे।

## शिविर में आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका और सहायिकाओं का बनेगा स्वास्थ्य कार्ड

**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका और सहायिकाओं को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से अच्छादित किया जायेगा। योजना से अच्छादित करने के लिए तिथि और सेविका का स्थान निर्धारित कर दिया गया है। 10 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चतरा में चतरा और कान्हाचट्टी प्रखंड के सेविका और सहायिका उपस्थित होंगे। इसी तरह 13 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर में प्रतापपुर और कुंदा की सेविका और सहाथिका, 14 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हंटरगंज में हंटरगंज की सेविका और सहाथिका, 15 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिमरिया में सिमरिया और लावालौंग प्रखंड की सेविका और सहाथिका, 16 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र टंडवा में टंडवा प्रखंड की सेविका और सहाथिका, 17 से 19 मई तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इटखोरी में गिद्धौर, पत्थलगड़ा, इटखोरी और मयूरहंड प्रखंड के सेविका और सहाथिका का आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आयोग योजना से जोड़ा जायेगा। शिविर में नोडल पदाधिकारी के रूप में संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस संबंध में पत्र निर्गत कर दिया गया है।

## भाकपा-माले रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक हुई

# हड़ताल को सफल बनाने का निर्णय

**देशव्यापी आम हड़ताल 20 मई होगा ऐतिहासिकः भाकपा-माले**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** भाकपा-माले रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक माले कार्यालय रामगढ़ में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला सचिव हीरा गोप ने की। बैठक में भुनेश्वर बेदिया, बसंत कुमार, नीता बेदिया, देवकीनंदन बेदिया, लाली बेदिया, नरेश बडाईक, प्रयाग महतो, देवानंद गोप, पवन गोप, करमा मांझी, महादेव मांझी, बिगेन्द्र ठाकुर, अमल कुमार, जयनंदन गोप ने कहा कि भाजपानीत सरकार ने मजदूरों के संपूर्ण अधिकारों के साथ देश के लोकतंत्र पर चौतरफा हमला तेज कर दिया है। मजदूरों के 44 श्रम अधिकार कानून को खत्म कर 4 लेबर श्रम कोड़ में तब्दील कर मजदूरों के सारे अधिकारों को खत्म कर फैक्ट्री मालिकों के हाथों सबकुछ सौंप दिया जा रहा है। सार्वजनिक उधोगों को बंद कर निजीकरण किया जा रहा है। कोलियरी में आउटसोर्सिंग चलाया जा रहा है। इस तरह से पूंजीपतियों को लूट की छूट दिया जा रहा है। जिसके विरोध में देशव्यापी मजदूर हड़ताल को भाकपा-माले समर्थन करते हुए मजदूरों की हड़ताल को सफल करने के लिए आम हड़ताल के रुप में हजारों हजार मजदूर, किसान, ग्रामीण गरीब मजदूर सड़कों में उतरने का फैसला लिया गया है,जो रामगढ़ शहर, गोला मेन रोड़, भुरकुंडा मतकमा चौक से थाना चौक तक, अरगड्डा एरिया, बरकाकाना सयाल एरिया कुजू एरिया और हजारीबाग एरिया में सीसीएल को पुरी तरह ठप कर देंगे। इसकी तैयारी को लेकर सघन प्रचार-प्रसार, बैठक पिट मिटिंग चालू कर दी गयी है।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यालय के हिंदी विभाग के शिक्षकों के प्रभाव प्रयासों से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य मनमोहन सिंह लांबा, विद्यालय के प्रधानाचार्य हरजाप सिंह और हेडमिस्ट्रेस मधुश्री ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिताओं में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय था 'इंटरनेट का प्रभाव' जिसमें छात्रों ने पक्ष एवं विपक्ष दोनों दृष्टिकोणों को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया। पक्ष में बोलते हुए विद्यार्थियों ने इंटरनेट को ज्ञान, सूचना और वैश्विक संपर्क का अद्भुत माध्यम बताया, वहीं विपक्ष में विद्यार्थियों ने इसके दुष्प्रभावो जैसे समय की बर्बादी, मानसिक तनाव और सामाजिक दूरी पर प्रकाश डाला। हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता जिनमें बच्चों ने स्थान प्राप्त किया।

**इस कक्षा के प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृतः** कक्षा 6 से 7 तक के प्रथम प्रिंस, इशिका जैन, द्वितीय श्रेया कुमारी, तरुण कुमार, तृतीय आस्था सिंह, कक्षा 8 से 9 तक के प्रथम निमित्त कुमार, द्वितीय अश्विन कुमार रहें। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये गये।

विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, सरदार सुरेंद्र पाल सिंह चंडोक, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार गुरप्रीत सिंह जॉली, सरदार सतिंदर सिंह होरा आदि की उपस्थिति विशेष रही। इन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और विद्यालय द्वारा इसे प्रकार के रचनात्मक आयोजनों को प्रेरणादायक बताया।

## सोशल ऑडिट सह जन सुनवाई कार्यक्रम

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उरैली पंचायत सचिवालय में मनरेगा से संबंधित सोशल ऑडिट सह जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत समिति सदस्य रिता देवी ओर यूरी मेंबर के सदस्य रोशन कुमार, मजदूर जयद्रथ सिंह के अलावा जेएसएलपीएस पंचायत सचिव पिंकी कुमारी रोजगार सेवक अनुप समदर्शी और प्रखंड से पर्यवेक्षक के रूप में युगेश कुमार शर्मा शामिल हुए। इस मौके पांच दिनों से चल रहे मनरेगा के विभिन्न योजनाओं का किया गया। ऑडिट रिपोर्ट जनसुनवाई कार्यक्रम में प्रस्तुत किया गया। विभिन्न योजनाओं से संबंधित कार्य का ब्यौरा, आय ब्यय और त्रुटियां जैसे मामले को रखा गया। जिसमें पाये गये त्रुटियों को यूरि मेंबर द्वारा आर्थिक दंड लगाया गया और कुछ प्रखंड कार्यालय को सूपूर्द किया गया। इस मौके पर उप मुखिया विवेक कुमार सिंह उर्फ पिंटू सिंह, पंचायत सचिव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## रौशनलाल ने पतरातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**पतरातू।** बड़कागांव क्षेत्र के विधायक रोशनलाल चौधरी ने मंगलवार को पतरातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता से पेयजल समस्या सहित क्षेत्र में हो रहे विकास योजनाओं से संबंधित जानकारी ली, और फोन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति विभाग से पतरातू प्रखंड के विभिन्न स्थानों में खराब पड़े चापानल को मरम्मत करने का निर्देश दिया। वहीं विधायक ने सीओ मनोज कुमार चौरसिया से अंचल कार्यालय द्वारा कई माह से जाति, आवासीय सहित जमीन संबंधित आवेदनों को लंबित रखे जाने कि शिकायत की। विधायक ने सीओ को अंचल कार्यालय के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। इस मौके पर विधायक ने पत्रकारों को बताया कि प्रखंड के ग्रामीणो के द्वारा लगातार शिकायत कि जा रही थी कि पतरातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय में आमजन का कार्य नहीं किया जा रहा है इसके तहत प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण कर लोगों की समस्याओं को दूर करने का दिशा-निर्देश दिया। कहा कि प्रखंड के अधिकारी व कर्मी जनता के कामों के प्रति उदासीन हैं। जल्द प्रखंड सह अंचल का विभागीय बैठक की जायेगी। ताकि प्रखंड सह अंचल के जितने भी मामले पेंडिंग है, सबको संज्ञान में लेते हुए डीसी, विभागीय मंत्री, विभिन्न विभाग के सचिवों को प्रखंड और अंचल के शिकायतो को लिखित दिया जायेगा। अगर सुधार नहीं किया जायेगा तो कार्रवाई भी की जायेगी। इस मौके पर जिप सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राजाराम प्रजापति, आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो, केन्द्रीय सदस्य अशोक पाठक, विश्वरंजन सिन्हा, विजेंद्र मुंडा, सुनिल यादव, विक्रान्त साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

## चितरपुर शिवालय मंदिर में दुर्गा वाहिनी ने माता सीता का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

**माता सीता की असली बल, संयम, सहिष्णुता और आंतरिक दृढ़ता में होता हैः मुक्ता कुमारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रजरप्पा।** जगतजननी माता सीता का जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को शिवालय मंदिर चितरपुर में किया गया। दुर्गा वाहिनी के द्वारा पूरे देश भर में माता सीता नवमी कार्यक्रम के निमित्त 3 मई से मां सीता जन्मोत्सव कार्यक्रम जगह-जगह मनाया जा रहा है जो 9 मई तक चलेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दुर्गा वाहिनी चितरपुर प्रखंड संयोजिका मुक्ता कुमारी और चितरपुर प्रखंड बजरंग दल संयोजक प्रितम रजक उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सीता के चित्र पर पुष्प अर्पित और मां सीता की आरती करके की गयी। इस दौरान दर्जनों की संख्या में महिलाएं और युवतियां शामिल हुई। माता सीता के चित्र पर सभी ने पुष्प अर्पित कर माता सीता को नमन की। महिलाओं के द्वारा भजन कीर्तन भी किया गया, भजन कीर्तन में सभी महिलाएं झुम उठी। सभी ने माता सीता के आदर्शों को अपने जीवन चरितार्थ करने का संकल्प लिया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दुर्गा वाहिनी चितरपुर प्रखंड संयोजिका मुक्ता कुमारी ने कहा कि मिथिला के राजा जनक जब हल से भूमि जोत रहे थे, तब धरती से प्रकट हुई एक दिव्य कन्या यही थीं भूमिजा, जिन्हें हम जनकनंदिनी जानकी और माता सीता के नाम से पूजते हैं। माना जाता है कि माता सीता देवी लक्ष्मी का अवतार थीं और श्रीराम की अर्धांगिनी बनीं। परंतु वे केवल रानी नहीं थीं- वे आत्मबल, करुणा और आदर्शों की मूर्ति थीं। इस युग में, जहां शक्ति को केवल बाहरी रूप से मापा जाता है, वहां माता सीता हमें बताती हैं कि असली बल संयम, सहिष्णुता और आंतरिक दृढ़ता में होता है। उन्होंने राजसी वैभव से लेकर वनवास की पीड़ा, बंदिनी जीवन से लेकर त्याग की चरम सीमा तक, हर भूमिका निभाई- बिना किसी शोर-शराबे के, पर पूरी गरिमा और आत्मबल के साथ। माता सीता ने हमें सिखाया कि शक्ति का अर्थ केवल प्रतिकार नहीं, बल्कि सहनशीलता में भी छिपा होता है। उनका जीवन आज की स्त्रियों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है-कैसे बिना हथियार उठाए, केवल चरित्र और संकल्प से पूरी दुनिया की सोच बदली जा सकती है। सीता नवमी सिर्फ जन्मोत्सव नहीं है, यह एक ऐसा दिन है जो हर युग को ये याद दिलाता है कि मौन में भी शक्ति होती है, और सहनशीलता में भी क्रांति। माता सीता उस आदर्श का नाम है, जिसने एक स्त्री की भूमिका को नयी ऊंचाई दी- संघर्ष में अडिग, और मयार्दा में अटल।कार्यक्रम में मुख्य रूप से चितरपुर प्रखंड सह संयोजिका गंगाजली कुमारी, मुन्नी देवी, काजल कुमारी, पुजा कुमारी, नेहा कुमारी, प्रिया कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, बबीता देवी, अनीता देवी, सरिता देवी सहित अन्य मौजूद थे।

## डीसी ने जिला कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा की



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिला कल्याण विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को डीसी चंदन कुमार अपने कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक किया। इस दौरान बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी ने डीसी सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को साइकिल वितरण योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्रवृत्ति योजना, वन अधिकार पट्टा सहित अन्य योजनाओं के तहत किये जा रहे हैं कार्यों की जानकारी दी गयी। बैठक के दौरान डीसी ने साइकिल वितरण योजना के तहत अब तक विद्यार्थियों को दिये गये लाभ की जानकारी लेते हुए शेष बचे विद्यार्थियों को भी जल्द से जल्द साइकिल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा वन अधिकार पट्टा संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने अंचल स्तर पर लंबित व्यक्तिगत और सामुदायिक वन पट्टा के मामलों से संबंधित एक्सेल शीट तैयार कर दो दिनों के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान डीसी ने जिले के अलग-अलग क्षेत्र में रह रहे बिरहोर समूह के लोगों की जानकारी लेते हुए बिरहोर कॉलोनी में पेयजल, पीसीसी पथ, सोलर लाइट सहित अन्य सुविधाओं से संबंधित प्रतिवेदन तैयार कर 13 मई तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही डीसी ने बिरहोर कॉलोनी के बच्चों का नामांकन आवासीय विद्यालयों सहित अन्य विद्यालयों में कराने को लेकर उपस्थित अधिकारियों के साथ चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक, इओडीबी मैनेजर सहित अन्य उपस्थित थे।

## रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जरूरतमंद बहनों के बीच हुआ लहंगा का वितरण



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** विधानसभा क्षेत्र के नगर परिषद अंतर्गत विभिन्न वार्डो में जरूरतमंद बच्चियों को उनके विवाह से पूर्व लहंगा प्रदान किया गया। यह सहयोग हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल के माध्यम से उपलब्ध कराया गया। सांसद जायसवाल सदैव यह सुनिश्चित करते रहे हैं कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचे, विशेषकर उन बहनों तक, जो आर्थिक तंगी के कारण अपने विवाह की आवश्यक तैयारियां नहीं कर पातीं। यह लहंगा केवल एक परिधान नहीं, बल्कि बेटियों के सपनों, आत्मसम्मान और एक नई शुरूआत की चमक का प्रतीक था। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि मनीष जायसवाल जैसे सांसद ही वास्तव में जनप्रतिनिधि कहलाने योग्य हैं। वे सत्ता नहीं, सेवा के लिए राजनीति में हैं। उनके प्रयासों से बेटियों को जो सम्मान मिला है, वह पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में सह सांसद प्रतिनिधि बिनोद राम, नगर परिषद मंडल सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी, मंडल मंत्री सुनीता रविदास, भाजपा नेता सुरेंद्र रविदास और अमर बोदरा शामिल थे।

## बंद घर में चोरी, आठ लाख रुपये आभूषण समेत नगदी की चोरी

**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के कुजू बस्ती निवासी सीताराम प्रसाद के बंद आवास में बीती रात चोरों ने भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया। साथ ही, चोरों ने करीब आठ लाख रुपये मूल्य के आभूषण सहित नगदी की चोरी कर ली। मामले को लेकर भुक्तभोगी सीताराम प्रसाद ने ओपी में आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। इधर, मामले को लेकर मांडू इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, कुजू ओपी प्रभार प्रभारी अभिनव कुमार के साथ टेक्निकल सेल के अधिकारी घटनास्थल पहुंचकर मामले की छानबीन करते हुए जांच पड़ताल की। आवेदन में लिखा है कि अपना भतीजा अंशु कुमार के शादी में शामिल होने के लिए सपरिवार रामगढ़ गये थे। रात्रि करीब दो बजे जब वापस घर लौटा तो देखा कि आवास के मुख्य द्वार टूटा है।


**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 57 date 25.04.2025, I Pradeep Kumar Prajapati S/o. Devi Ram Mahto, Resident of upper hatia, Chaibasa Toli, P.O. Hatia, P.s.- jagarnathpur. Dist.- Ranchi, Jharkhand do hereby Solemnly affirm & declare as follows :-
1. That i am an indian citizen and living in above mentioned address, my Aadhar no. is 3481 6674 8733.
2. That in Aadhar Card Bearing Aadhar No. 5048 2839 4114 my daughter's name is mentioned as Lakshmi Kumari.
3. That my daughter will be known as SHEJAL KUMARI till date according to her birth Certificate bearing Registration No. B:2019:20-90032-005071 Date of issue 09.03.2019 issued from municipal Corporation Ranchi.
4. that i want to change my daughter's name from Lakshmi Kumri to Shejal Kumari. That this affidavit is sworn for the purpose of published in local news paper.

**फॉर्म संख्या INC-19**

**नोटिस**

**( कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 22 के अनुसार )**

1. इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 की उपधारा (4)(ii) के अनुसार, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8(5) के अंतर्गत जारी लाइसेंस को रद्द करने के लिए रांची, झारखंड के रजिस्ट्रार को आवेदन किया गया है। लाइसेंस रद्द होने के बाद कंपनी को अपने नाम में फाउंडेशन के स्थान पर "प्राइवेट लिमिटेड" शब्द जोड़ना होगा।

**2. कंपनी के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैं :**

**धर्मार्थ उद्देश्यों को बढ़ावा देना, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्यावरणीय स्थिरता, कला, संस्कृति, सामाजिक कल्याण और समाज की उन्नति के लिए कोई अन्य गतिविधि शामिल है, लेकिन लाभ के उद्देश्य के बिना और अन्य।**

**3. जिस उद्देश्य के लिए कंपनी बनाई गई थी, वह अप्रत्याशित और अवांछनीय परिस्थितियों के कारण प्राप्त नहीं हो सका। इसलिए, हमें अपनी गतिविधियों को पुनर्गठित करने और वाणिज्यिक पहलों सहित संचालन के वैकल्पिक साधनों की खोज करने में सक्षम बनाने के लिए, जो वित्तीय स्थिरता की अनुमति देगा, कंपनी ने खुद को प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में परिवर्तित करने का फैसला किया है।**

4. प्रस्तावित कंपनी के मसौदा ज्ञापन और लेखों की एक प्रति कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में देखी जा सकती है, जो सी/ओ गुप्तेश्वर पीडी सिंह एस/ओ लेफ्टिनेंट बासुदेव सिंह, आनंदमयी नगर रातू चट्टी, रांची, झारखंड, भारत, 835222 पर स्थित है। 5. इसके द्वारा नोटिस दिया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, फर्म, कंपनी, निगम या निकाय कॉर्पोरेट, इस आवेदन पर आपत्ति कर सकता है, वह ऐसी आपत्ति को संप्रेषित कर सकता है 1. रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, रांची, झारखंड, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय मंगल टॉवर, चौथी मंजिल, पुराना हजारीबाग रोड, कांटा टोली चौक के पास, रांची, झारखंड - 834001 2. और क्षेत्रीय निदेशक, पूर्वी क्षेत्र, निजाम प्लेस, प्रथम एमएसओ बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, 234/4, एजेसी में बोस रोड, कोलकाता-700020, पश्चिम बंगाल, ईमेल आईडी- rd.east@mca.gov.in

इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर, जिसकी एक प्रति आवेदक को सी/ओ गुप्तेश्वर पीडी सिंह एस/ओ लेफ्टिनेंट बसुदेव सिंह, आनंदमयी नगर रातू चट्टी, रांची, झारखंड, भारत, 835222 पर भेजी जाएगी।

निदेशक
पतरातू वेल्फेयर एसोशिएश

# बेकाबू ट्रोलर्स

मुसलमानों या कश्मीरियों के खिलाफ नफरत न फैलाने की अपील करने वाली हिमांशी नरवाल और एक बच्ची से दरिंदगी के खिलाफ सड़क पर उतरे लोगों की मर्यादाहीन भाषा पर एतराज करने वाली शैला नेगी के साथ जिस तरह की अभद्र टिप्पणियों और धमकियों का सामना करना पड़ रहा है, वह पूरे देश के लिए शर्मनाक और अफसोसजनक है। ट्रोलिंग करने वालों ने सारी मर्यादा तोड़ दी। एक महिला की गरिमा का भी ख्याल नहीं किया।

**धमकियों का प्लैटफॉर्म :** सोशल मीडिया पर किसी की ट्रोलिंग अब बेहद आम हो चुकी है। ट्रोलर्स ऐसी लहर की तरह बर्ताव करते हैं, जिसके सामने कोई नियम-कायदा, नैतिकता या मर्यादा नहीं टिकती। हिमांशी इसी ट्रेंड का शिकार हुईं और यही देखने को मिला नैनीताल में शैला नेगी के साथ। जरूरत यह थी कि समाज इन दोनों हिम्मती और विवेकशील लड़कियों का साथ देता, लेकिन इन्हें गालियां और धमकियां मिल रही हैं।

**आलोचना का दायरा :** संविधान ने सभी को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार दिया है। लेकिन इस आजादी का एक निश्चित दायरा है। यह अभिव्यक्ति किसी दूसरे की स्वतंत्रता और गरिमा पर चोट करने वाली नहीं होनी चाहिए। सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग करते हुए कई लोग इस बात को भूल जाते हैं। उन्हें बात रखने की अपनी आजादी तो नजर आती है, सामने वाले का अधिकार और उसकी गरिमा का ध्यान नहीं रहता। किसी की बातों से सहमत या असहमत हुआ जा सकता है, लेकिन इसे व्यक्त करने का तरीका शालीन होना चाहिए।

**ोशल मीडिया पर गाली-गलौज या अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। जब ऐसी भाषा पारिवारिक या सामाजिक जीवन में नहीं चलती, तो सोशल मीडिया पर कैसे चल सकती है, जिसका दायरा कहीं ज्यादा बड़ा है।**

**ज्यादा सतर्कता की जरूरत :** सोशल मीडिया पर गाली-गलौज या अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। जब ऐसी भाषा पारिवारिक या सामाजिक जीवन में नहीं चलती, तो सोशल मीडिया पर कैसे चल सकती है, जिसका दायरा कहीं ज्यादा बड़ा है। अगस्त 2023 में शीर्ष अदालत ने तमिलनाडु के पूर्व विधायक और अभिनेता एस वी शेखर को महिला पत्रकारों के खिलाफ फेसबुक पर अपमानजनक टिप्पणी लिखने के मामले में राहत देने से इनकार करते हुए कहा था कि सोशल मीडिया इस्तेमाल करते समय इसके प्रभाव और पहुंच को लेकर सतर्क रहना चाहिए।

**गाइडलाइंस चाहिए :** सोशल मीडिया पर ही हिमांशी और शैला को सपोर्ट करने वाले भी हैं। यह सुखद तो है, पर समस्या का हल नहीं। सोशल मीडिया पर गाइडलाइंस को लेकर सोचने की जरूरत है। रेप की धमकियों का सामना कर रहीं शैला का यह सवाल सबके लिए है कि लोग किस बात को लेकर सड़क पर उतरे थे और कहां पहुंच गये।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**अवैध घुसपैठियों की समस्या सिर्फ भारत में ही नहीं है। यूरोप के बहुत से देश और अमेरिका तथा अमेरिका की राजनीति भी इससे बुरी तरह प्रभावित है। डोनाल्ड ट्रंप की चुनावी मुहिम में अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने के वायदे ने, उन्हें सत्ता सौंपने में प्रमुख भूमिका निभायी। दुनिया के बहुत से लोग अमेरिका जाना चाहते हैं। कई साल पहले खबर थी कि दुनिया में 10 करोड़ लोग अमेरिका जाना ही नहीं चाहते, बल्कि वहां बसना भी चाहते हैं। इसके लिए कानून भी ताक पर रखना पड़े, तो चलेगा। भारत में भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है।**

# बच्चों को खतरे में डाल कर भी हमें डालर चाहिए

**क्षमा शर्मा**

अपने देश में पिछले दिनों अवैध रूप से रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजा जा रहा है। इनमें ऐसे-ऐसे लोग भी पाये गये, जो यहां रहे, पढ़े-लिखे। सालों तक नौकरी भी करते रहे, लेकिन थे वे पाकिस्तानी नागरिक। एक ओर कहा जाता है कि भारत मुसलमानों के लिए सुरक्षित नहीं है, तो दूसरी तरफ ये लोग भारत से जाना ही नहीं चाहते थे। भारत में लगातार बांग्लादेशियों की संख्या बढ़ती जा रही है। बहुत से घुसपैठिए भारत में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण, सारे वैध कागजात बनवा लेते हैं। सारी सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाते हैं। जब भी इन्हें हटाने की बात होती है, तो तरह-तरह की अड़चनें डाल दी जाती हैं।

जहां से आये हैं, वे देश इन्हें लेने को तैयार भी नहीं होते। हों भी क्यों, इनके पास यहां के सारे वैध कागजात जो होते हैं। फिर मानव अधिकार वादी समूह भी सक्रिय हो जाते हैं। एक बार, एक बड़े अखबार ने लिखा था कि सीमाओं पर अवैध रूप से घुसना, एक मुर्गे या शराब की बोतल से भी संभव है। खैर, सच जो भी हो, अपने देश में यह समस्या सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती जा रही है। लेकिन अवैध घुसपैठियों की समस्या सिर्फ भारत में ही नहीं है। यूरोप के बहुत से देश और अमेरिका तथा अमेरिका की राजनीति भी इससे बुरी तरह प्रभावित है। डोनाल्ड ट्रंप की चुनावी मुहिम में अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने के वायदे ने, उन्हें सत्ता सौंपने में प्रमुख भूमिका निभायी। दुनिया के बहुत से लोग अमेरिका जाना चाहते हैं। कई साल पहले खबर थी कि दुनिया में 10 करोड़ लोग अमेरिका जाना ही नहीं चाहते, बल्कि वहां बसना भी चाहते हैं। इसके लिए कानून भी ताक पर रखना पड़े, तो चलेगा। भारत में भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है। उन्हें लगता है कि अगर किसी तरह एक बार अमरीका पहुंच जायें, तो उनके जीवन की सारी समस्याएं हल हो जायेंगी। डालर बरसने लगेंगे, जबकि वास्तव में ऐसा है नहीं।

**ट्रंप के आने के बाद समझा जा रहा है कि अमेरिका में अवैध प्रवासियों का आना और अपने बच्चों को इस तरह से अकेला छोड़ना, निश्चित रूप से कम हो जायेगा।**



**अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि वहां की सरकार को माता-पिता द्वारा ही अपने बच्चों के इस तरह के शोषण के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। ट्रंप के आने के बाद समझा जा रहा है कि अमेरिका में अवैध प्रवासियों का आना और अपने बच्चों को इस तरह से अकेला छोड़ना, निश्चित रूप से कम हो जायेगा।**

पिछले दिनों अमेरिका से आयी एक रिपोर्ट पढ़ रही थी। इसमें बताया गया था कि भारतीय माता-पिता अपने छोटे बच्चों और किशोरों को अमरीका-मैक्सिको बार्डर या अमेरिका-कनाडा बार्डर पर अकेला छोड़ देते हैं। इनकी उम्र 6 साल से 17 साल की होती है। इनके पास जरूरत का कुछ सामान और एक पर्ची होती है। इसमें इनका नाम और माता-पिता का फोन नंबर लिखा होता है। बच्चों को इस तरह की परिस्थिति में बिल्कुल अकेला छोड़ने का काम वे माता-पिता कर रहे हैं, जो खुद भी अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे हैं। उन्हें लगता है कि मानव अधिकार के कारण अमेरिका में इन बच्चों को आने दिया जायेगा। उन्हें उनके माता-पिता के पास भेजा जायेगा। वहां के कानूनों के अनुसार शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं मुफ्त मिलेंगी। उन्हें 6-8 महीने में ही ग्रीन कार्ड मिल जायेगा और अंततः माता-पिता को ग्रीन कार्ड और नागरिकता भी मिल जायेगी। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि जो लोग इन बच्चों को सीमाओं पर अकेला छोड़ते हैं, वे इन्हें अपना ग्रीन कार्ड मानते हैं। वे नहीं जानते कि जब इन बच्चों को किसी अनजान जगह और कठिन मौसम में छोड़ा जाता है, तो वे कितने डर और असुरक्षा से गुजरते हैं।

यह लगातार बढ़ता जा रहा है। कोरोना में चूंकि आना-जाना बंद हो गया था, तो इनकी संख्या घट गयी थी। यूएस कस्टम्स एंड बार्डर प्रोटैक्शन की रिपोर्ट में बताया गया था कि अक्टूबर 24 से इस साल के फरवरी माह तक ऐसे 77 बच्चे पाये गये थे। 2022 में 409, 2023 में 730 , 2024 में 517 भारतीय अकेले बच्चे अमेरिकी सीमाओं पर मिले। यह संख्या बढ़ती ही जा रही है। अमेरिका में 2019 से अवैध रूप से रहने वाले एक दंपति ने बताया कि वे अपने बच्चे को भारत में ही छोड़ आये थे। तब वह मात्र दो साल का था। ये लोग जब खुद ही अवैध थे, तो अपने बच्चे को कैसे बुलाते। फिर कोरोना में सब कुछ रुक गया था। इस दंपति के पुरुष ने बताया कि 2022 में उसका चचेरा भाई भी अवैध रूप से अमेरिका आ रहा था। अब तक बेटा 5 साल का हो चुका था। मैंने उससे कहा कि मेरे बेटे को भी साथ ले आये और अमेरिका की सीमा पर बताये गये स्थान पर छोड़ दे। बच्चे के पास पिता का फोन नंबर भी लिख कर रख दे। भाई ने ऐसा ही किया। अधिकारियों ने बच्चे के पिता को ढूंढ निकाला और बच्चा उन्हें मिल गया।

यह सब इसलिए हो रहा है कि अमेरिका में उदारता है। वहां का लोकतंत्र और कानून बच्चों को अकेला छोड़ने और विपरीत परिस्थितियों में रहने की इजाजत नहीं देता। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि वहां की सरकार को माता-पिता द्वारा ही अपने बच्चों के इस तरह के शोषण के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। ट्रंप के आने के बाद समझा जा रहा है कि अमेरिका में अवैध प्रवासियों का आना और अपने बच्चों को इस तरह से अकेला छोड़ना, निश्चित रूप से कम हो जायेगा। क्या होता है, यह तो वक्त ही बतायेगा। मगर अपने यहां अवैध रूप से रहने वालों और सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई कब होगी।

## कोल्हान की खबरें

### राज्यपाल से मिले विधायक सरयू राय, औद्योगिक नगर समिति के बारे में चर्चा

# सरयू को राज्यपाल का आश्वासन, आवश्यक कदम उठायेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची/ जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने मंगलवार को झारखण्ड के राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल से जमशेदपुर औद्योगिक नगर समिति के बारे में विस्तार से बातचीत की। श्री राय ने उन्हें स्मरण दिलाया कि दिसम्बर-2023 में उन्होंने इस विषय पर तत्कालीन राज्यपाल के समक्ष एक स्मार-पत्र दिया था जिस पर राजभवन ने संज्ञान लेकर झारखण्ड के मुख्य सचिव को इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया था।

राज्यपाल के प्रधान सचिव ने बताया कि इस विषय में मुख्य सचिव स्तर से राजभवन को कोई सूचना नहीं दी गई है। श्री राय ने राज्यपाल को सूचित किया कि जमशेदपुर औद्योगिक नगर समिति का गठन करने में जनहित का ख्याल नहीं रखा गया है और नगरपालिका की मूल भावनाओं को भी नजरअंदाज किया गया है, जबकि औद्योगिक नगर समिति नगरपालिका के बदले में गठित होती है। इसमें जनता के प्रतिनिधियों (निर्वाचित या मनोनीत) को कोई स्थान नहीं दिया गया है, जबकि नगरपालिका का गठन ही स्थानीय स्वशासन के लिए होता है। सरयू राय ने राज्यपाल को बताया कि इस समिति में सरकार एवं टाटा स्टील के प्रतिनिधियों को स्थान दिया गया है। यह स्थानीय स्वशासन के विरूद्ध है। इस समिति में करीब आधी संख्या टाटा स्टील के प्रतिनिधियों की है। 1973 में संविधान का 74वां संशोधन होने के बाद संविधान के अनुच्छेद 243 (क्यू) में अपवाद स्वरूप एक प्रावधान किया गया है कि जहां कोई सरकार या निजी उद्योग प्रतिष्ठान जनसुविधाएं दे रहा है अथवा देने के लिए तैयार है, वहां सरकार चाहे तो नगरपालिका का गठन नहीं भी कर सकती है और वहाँ औद्योगिक नगर समिति बना सकती है। इसके तहत देशभर में करीब आधा दर्जन छोटे-बड़े औद्योगिक नगर समितियाँ गठित हुई है, जिनमें सेवा प्रदाता के अतिरिक्त उद्योगों, सामाजिक संगठनों एवं सरकार के प्रतिनिधियों को नामित किया गया है। किसी में भी सरकार के किसी मंत्री को समिति का अध्यक्ष नहीं बनाया गया है, परंतु जमशेदपुर औद्योगिक नगर समिति में स्थानीय मंत्री अथवा प्रभारी मंत्री, झारखण्ड सरकार को अध्यक्ष बनाया गया है तथा सदस्य के रूप में आधा दर्जन से अधिक संख्या में सेवा प्रदाता संस्थान को नामित किया गया है। जनहित में इस पर पुनर्विचार आवश्यक प्रतीत होता है।

### जिला प्रशासन ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र घोटाले का किया उजागर

# जांच में 4281 जन्म प्रमाण पत्र फर्जी मिले

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया प्रखंड अंतर्गत मटियाबांधी पंचायत में बड़े पैमाने पर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का मामला का जिला प्रशासन में खुलासा कर दिया। मंगलवार को जिले डीसी अनन्य मित्तल व एसएसपी किशोर कौशल ने संयुक्त प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। डीसी अनन्य मित्तल ने बताया शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत बीपीएल श्रेणी के बच्चों का स्कूल के नामांकन के लिए जमा किये गये दस्तावेजों की जांच के दौरान यह घोटाला उजागर हुआ। एसडीओ घाटशिला के नेतृत्व में गठित जांच टीम ने जनवरी 2023 से अब तक मटियाबांधी पंचायत द्वारा जारी किये गये कुल 4567 जन्म प्रमाण पत्रों की जांच की। जिसमें 4281 जन्म प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया। डीसी ने कहा इन फर्जी प्रमाण पत्रों का उपयोग कर स्कूल में नामांकन,सरकारी योजनाओं का लाभ,पासपोर्ट,आधार और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बनवाने की आशंका को देखते हुए संबंधित विभागों व एजेंसियों को प्रमाण पत्रों की सूची भेज दी गयी है। इसे सार्वजनिक करने की भी तैयारी की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिले के सभी 11 प्रखंडों में भी जन्म प्रमाण पत्रों की जांच का निर्देश जारी किये गये। मामले में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है। फर्जी प्रमाण पत्र तैयार करने वालों को भी नोटिस जारी किया गया। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया चाकुलिया प्रखंड विकास पदाधिकारी आरती मुंडा के लिखित शिकायत पर चाकुलिया थाना में मामला दर्ज किया गया। एसएसपी ने कहा अब तक की जांच में पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में मटियाबांधी पंचायत के सचिव सुनील महतो, प्रज्ञा केंद्र संचालक सपन महतो, मलकुंडी पंचायत के वीएलइ शिवम डे, तुजू पंचायत के वीएलइ हरिश प्रमाणिक और रांची निवासी आरिफ आलम शामिल हैं। इनके निशानदेही पर फर्जी प्रमाण पत्र तैयार करने में प्रयुक्त उपकरण भी जब्त किया गया। जिला प्रशासन इस मामले में पूरी गंभीरता से कार्रवाई कर रही है। जिला पुलिस दोषियों को सख्त सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# बारिश से जुगसलाई-टाटा पिगमेंट गेट के पास मुख्य सड़क में जलजमाव, राहगीर परेशान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के अलग अलग क्षेत्र में वारिस के बाद जल जमाव की समस्या से लोग जूझ रहे है। शहर वासियों को समस्या का समाधान के लिए नगर निगम, नगर पालिका, जुस्को प्रबंधन और जनप्रतिनिधि की अपेक्षाओं का इंतजार है। मंगलवार को लगभग एक घंटे का झमाझम बारिश ने नगर की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। बारिश के दौरान जुगसलाई स्थित टाटा पिगमेंट गेट के पास टाटानगर स्टेशन को जोड़ने वाली मुख्य सड़क में जलजमाव से दोनो तरफ से घंटो आवागमन बाधित रहा। मुख सड़क पर जलजमाव से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।बताया जा रहा है हाल ही मे जुगसलाई विधायक मंगल कालिन्दी की पहल पर रेलवे के द्वारा उक्त स्थान पर सड़क और नाले का निर्माण कराया गया था। जिसका उद्देश्य जल निकासी और सड़क सुगमता सुनिश्चित करना था। लेकिन निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद जलजमाव से आमजनो की चिंता बढ़ने लगी है। परिस्थिति को देखते हुए अनुमान लगाया जारहा है जलनिकासी की योजना में या जुगसलाई नगर परिषद के अधीन आने वाली नाले की साफ सफाई में कहीं न कहीं खामियां रह गयी हैं। उधर वारिस के बाद पानी की तेज धारा सड़कों पर बहने लगी और मुख्य मार्ग पूरी तरह जलमग्न हो गया। टाटा पिगमेंट गेट के आसपास का क्षेत्र घंटो तक जलभराव की चपेट में रहा। जिससे आम लोगों के साथ-साथ दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों, सड़क से गुजरने वाली वाहनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# जनता दरबार में दर्जनों शिकायतें कई मामलों का तत्काल निष्पादन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के डीसी रविशंकर शुक्ला की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। मंगलवार को जनता दरवार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणों ने भूमि विवाद, विद्यालय भवन, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत और शिक्षा से जुड़ी समस्याएं रखीं। मौके पर डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। सभी योग्य लाभुकों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने को कहा। डीसी ने कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान निकाले।

# रामदास सोरेन को जेएमएम के केंद्रीय उपाध्यक्ष बनाये जाने पर जिला समिति ने किया स्वागत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति द्वारा झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को केंद्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जिला सामिति के कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल देखने को मिला। मंगलवार को झामुमो जिला समिति के वरीय पदाधिकारी, झामुमो महिला सामिति और समर्थकों ने पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष रामदास सोरेन को गुलदस्ता, शॉल और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर सागेन पूर्ति, अरुण प्रसाद, अरुण सिंह, राजा सिंह, गुरमीत सिंह गिल, कृष्ण कामत, विपिन शुक्ला, झरना पाल, सविता दास, दुर्गा बोयपाई और राज पूर्ति सहित सैकड़ो झामुमो समर्थक शामिल रहे। सभी ने श्री सोरेन का अभिनंदन किया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह में उल्लास का माहौल रहा। पार्टी कार्यकर्ताओं ने सीएम हेमंत सोरेन को बधाई देते इसे संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। मौके पर वक्ताओं ने रामदास सोरेन के नेतृत्व और शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान की जमकर सराहना की। उम्मीद जतायी वे संगठनात्मक जिम्मेदारियों का भी कुशलता से निर्वहन करेंगे।

## झामुमो जिला कमिटी ने सम्मान समारोह का आयोजन किया

# केंद्रीय महासचिव और सदस्यों को किया सम्मानित

पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर और विधायक अनंत प्रताप देव रहे मौजूद



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) जिला कमिटी के तत्वावधान में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर आयोजित किया गया, जिसमें पार्टी ने पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को केंद्रीय महासचिव समेत अन्य सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनंत प्रताप देव और पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन के सक्रिय कार्यकर्ताओं और नवनियुक्त सदस्यों को प्रोत्साहित करना और उनके योगदान को सम्मान देना था। समारोह के दौरान बोलते हुए पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि कि पार्टी कार्यकर्ताओं की निष्ठा और समर्पण ही झामुमो की सबसे बड़ी ताकत है। हमें संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करना है, और इसके लिए हर कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

उन्होंने यह भी कहा कि झामुमो सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक आंदोलन की तरह काम करता रहा है। विधायक अनंत प्रताप देव ने अपने संबोधन में कहा कि कि केंद्रीय सदस्य जिला स्तर पर पार्टी को संगठित और मजबूत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। संगठन को मजबूती देने के लिए हर कार्यकर्ता को जिम्मेदारी के साथ आगे आना होगा। इस मौके पर झामुमो जिला कमिटी के अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सौहार्दपूर्ण माहौल में किया गया और अंत में सभी सदस्यों को स्मृति चिह्न और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। जिला कमेटी ने केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, मदनी खान, धीरज दुबे, तनवीर आलम, मनोज ठाकुर, जवाहर पासवान, नितेश सिंह, अनिता दत्त, सरवन सिंह खरवार, राज किशोर यादव को सम्मानित किया।

## उपायुक्त ने जनता दरबार के माध्यम से सुनी आमजनों की समस्याएं

# संबंधित पदाधिकारी को किया निर्देशित



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गयी और उसके निष्पादन के लिए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन, बकाया मजदूरी भुगतान, अनुकम्पा आधारित नौकरी समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त द्वारा समस्या सुनी गयी और यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। सर्वप्रथम केतार प्रखंड के परसोडीह के ग्रामीणों में रविंद्र पाल व बबन साह ने उपायुक्त के समक्ष आवेदन समर्पित करते हुए तत्कालीन डीलर जिनका लाइसेंस रद्द है, को पुनः लाइसेंस निर्गत नहीं करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि परसोडीह के तत्कालीन डीलर के विरुद्ध पूर्व में ही राशन के तहत खाद्यानों की कालाबाजारी करने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा उपायुक्त के समक्ष किया गया था, जिसके फलस्वरुप जांच प्रक्रिया में आरोपों की पुष्टि हो जाने के उपरांत संबंधित डीलर का लाइसेंस रद्द कर दिया गया था। ग्रामीणों ने बताया कि विशेष सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि संबंधित डीलर द्वारा पुनः लाइसेंस निर्गत किए जाने के संबंध में कार्य किये जा रहे हैं, जो जनहित में ठीक नहीं है। अतः उन्होंने संबंधित डीलर को पुनः लाइसेंस निर्गत नहीं करने का अनुरोध किया है। आवेदन समर्पित करने वालों में रीमा देवी, ललिता देवी और अनीता देवी आदि का नाम शामिल है। आज के जनता दरबार में आमजनों के विभिन्न समस्याओं से संबंधित अन्य मामले भी प्राप्त हुए, जिनके समाधान हेतु उपायुक्त जमुआर द्वारा संबंधित पदाधिकारीयों व विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया।

## जीएन कान्वेंट स्कूल परिवार ने महान भारतीय वैज्ञानिक डॉ के कस्तूरीरंगन को दी श्रद्धांजलि

# डॉक्टर के कस्तूरीरंगन का अंतरिक्ष विज्ञान में उत्कृष्ट योगदान को देश सदैव याद रखेगा

आजाद सिपाही संवाददाता





**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में इसरो के महान वैज्ञानिक एवं राज्यसभा सांसद डॉक्टर के कस्तूरीरंगन के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन केशरी उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा डॉक्टर के कस्तूरीरंगन के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि दूरदर्शी अंतरिक्ष वैज्ञानिक और इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर के कस्तूरीरंगन ने भारत की अंतरिक्ष प्रगति और शिक्षा सुधारों को आगे बढ़ाया तथा विश्व स्तर पर नवाचार और प्रेरणा की एक स्थायी विरासत छोड़ी। उनके नेतृत्व में इसरो ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की, जिसमें मंगल ऑर्बिटर मिशन मंगलयान का सफल प्रक्षेपण भी शामिल है जिसने भारत को मंगल ग्रह पर पहुंचने वाला पहला एशियाइ देश बना दिया, जिससे विश्व के मानचित्र पर अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत का सितारा जगमगाने लगा। वे भारतीय राष्ट्रीय उपग्रह प्रणाली जैसी प्रमुख परियोजनाओं के विकास के साथ-साथ भारत में शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए समर्पित थे। भारत के पहले चंद्रमा मिशन चंद्रयान-1 में उनकी भागीदारी भी देश के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में उनके योगदान के लिए उन्हें पद्म भूषण सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले। कार्यक्रम को सफल बनाने में खुर्शीद आलम, कृष्ण कुमार, वीरेंद्र शाह, विकास कुमार, नीरा शर्मा, सुनीता कुमारी, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही वहीं प्रार्थना सभा में उपस्थित छात्रों ने दो मिनट का मौन व्रत रख श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मॉक ड्रिल में युवाओं की भागीदारी जरूरी: अभाविप

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सात मई बुधवार को आयोजित की जा रही राष्ट्रव्यापी 'सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल' को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने युवाओं और विद्यार्थियों से इसमें सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया है। अभाविप गढ़वा ने इस अभ्यास का स्वागत करते हुए इसे देश की सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम बताया है। यह मॉक ड्रिल हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और सीमा पार से बढ़ते साइबर और शत्रुतापूर्ण खतरों के मद्देनजर नागरिक सुरक्षा तंत्र की तैयारियों की एक व्यापक परीक्षा है। अभ्यास के तहत एयर रेड सायरन का परीक्षण, ब्लैकआउट की स्थिति का अभ्यास, नागरिकों की सुरक्षित निकासी और युवाओं को आपातकालीन सुरक्षा प्रशिक्षण शामिल है। संगठन ने देशभर के शैक्षणिक संस्थानों से अपील की है कि वे इस अभ्यास को गंभीरता से लें और छात्रों को प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। गढ़वा जिला संयोजक शुभम तिवारी ने कहा कि अभाविप इस मॉक ड्रिल का स्वागत करती है और हमारे कार्यकर्ता सरकार के आदेश पर सक्रिय रूप से इसमें भाग लेंगे। हम सभी युवाओं से अपील करते हैं कि वे आगे आकर देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में सरकार का सहयोग करें और अपने नागरिक धर्म का पालन करें।

# चिनियां प्रखंड बाल मजदूर मुक्त होगा: बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जन साहस संस्था और जिला विधिक सेवा प्राधिकार डीएलएसए गढ़वा द्वारा अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस के आलोक में जागरूकता शिविर सह कार्यशाला का आयोजन प्रखंड सभागार चिनियां में किया गया, जिसमें विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों के साथ पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण शामिल हुए। जागरूकता शिविर में मुख्य रूप से सुरक्षित पलायन, मानव तशकरी एवं बाल मजदूरी सहित मजदूरों के साथ अन्य चुनौतियों पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम में जन साहस संस्था के जिला समन्वयक जहुर अंसारी ने मजदूर दिवस के इतिहास एवं जन साहस के परिचय के साथ एमआरसी कार्यक्रम को विस्तार से बताया। उन्होंने प्रवासी मजदूरों का पंचायत मे पंजीयन सुनिश्चित करने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया। बीडीओ सुबोध कुमार सिंह ने मजदूरों के प्रकार, उनका भुगतान प्रक्रिया और मजदूरी दर की जानकारी दिया और जन साहस संस्था को अपेक्षित सहयोग करने का अस्वसन दिया। बीडीओ ने चिनियां प्रखंड को बाल मजदूर मुक्त बनाने के लिए अस्वस्त किया।

थाना प्रभारी अमित कुमार ने मजदूरों को कानूनी प्रक्रिया एवं सुरक्षा के लिए यथा संभव सहयोग करने के लिए जन साहस को अस्वस्त किया एवं बाल मजदूर को चिन्हित कर उचित कानूनी कार्रवाई करने का अस्वाशन दिया। पीएलभी गोपाल चौबे, राम प्रताप सिंह, मदनदीप कुमार यादव, दिलीप कुमार सिंह और सुनैना देवी ने डीएलएसए द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रम कि जानकारी दिया, साथ ही बाल मजदूरी पर विशेष जागरूकता अभियान चलाने पर चर्चा किया। संतोष पासवान, अनील, काजल रानी ने मजदूरों के प्रकार-अकुशल, अर्ध कुशल, कुशल, अति कुशल मजदूरों के अधिकार और मजदूरी दर कि जानकारी दिया। कार्यशाला में उप मुखिया रवि प्रशाद, चिंता देवी, प्रवासी मजदूर विनय यादव, फूलपति कुंवार, कलावती देवी, बिपत सिंह, रामजी साव, मनोज कोरवा, बीफन परहिया ने अपनी समस्या बताया। मजदूर हेल्प एच लाइन का प्रमोशन किया गया। कार्यक्रम मे काफी संख्या में महिला पुरुष थे। उप प्रमुख मोहम्मद फारूक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## चार अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत, एक दर्जन से अधिक घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र में मंगलवार को चार अलग - अलग जगहों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना में रोहिणीया से कवलदाग गांव में टेंट का सामान लेकर जा रहा ट्रैक्टर कैलान के पास पलटने से उस पर सवार एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतक थाना क्षेत्र रोहनिया गांव निवासी इंदर पासवान 17 वर्ष पिता बृजकिशोर पासवान है, वहीं घायलों में सीतेस यादव पिता बुधन यादव व धर्मेंद्र बैठा पिता बिनोद बैठा का नाम शामिल है। दूसरी घटना में टाउनशिप कांडी मुख्य पथ पर इमलिया ढोढा के पास बारातीयों से भरी एक कमांडर बाईक चालक को बचाने के क्रम मे अनियंत्रित होकर पलटने से उस पर सवार एक दर्जन बाराती में दो बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए है, जिसमें सोमारू सिंह और विजय सिंह दोनों खरौंधी थाना क्षेत्र के नाम शामिल है। तीसरी घटना में भवनाथपुर टाउनशिल मुख्य पथ के रेलवे साइडिंग के पास एक बाईक और लूना के टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये है। जिनमें धर्मेंद्र कोरवा पिता सुरेंद्र कोरवा, अखिलेश कोरवा पिता बिरजा कोरवा दोनो कैलान झुरही टोला निवासी है, जबकि तीसरा बिरजा कोरवा का दामाद देवनाथ कोरवा धुरकी निवासी के नाम शामिल है। चौथी घटना खरौंधी के अमरोरा गांव में तीखे मोड पर एक लूना और बाईक के टक्कर में लूना पर सवार पति पत्नी और उनका दो वर्षीय पुत्र घायल हो गया। जिसमें एस कुमार पत्नी रिमा देवी, बेटा ओम कुमार और शिवम कुमार सभी भवनाथपुर चपरी के सरईया टोला के नाम शामिल है। सभी घटनाओं में भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनी रंजन ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम को तत्काल घटना स्थल पर भेजकर घायलों को उचित इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया साथ ही दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर, कमांडर और बाईक को जब्त कर थाना लाया।

# भवनाथपुर में सरकारी शराब दुकान पर अवैध वसूली को लेकर मचा हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** कपूर्री चौक स्थित सरकारी शराब दुकान में बीते कुछ महीनों से लगातार अवैध वसूली की शिकायतें सामने आ रही हैं। ग्राहकों से तय रेट से अधिक पैसे की जबरन वसूली की जा रही है, जिससे असंतोष और आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। हर दिन दुकान के बाहर ग्राहकों और सेल्समैन के बीच तीखी बहस, झड़प और तू-तू मैं-मैं की घटनाएं आम हो गयी हैं। यदि प्रशासन ने समय रहते कड़ा कदम नहीं उठाया, तो आने वाले दिनों में मारपीट या गंभीर अप्रिय घटना की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय लोगों के अनुसार, शराब दुकान पर तैनात सेल्समैन निर्धारित दर से 30 से 60 तक अधिक पैसे ले रहे हैं। जब कोई ग्राहक इसका विरोध करता है, तो उसे धमकाया जाता है या बदसलूकी की जाती है। मामले को और गंभीर बनाते हुए यह भी सामने आया है कि दुकान के पास ही कुछ असामाजिक तत्वों को शराब पिलाकर बैठाया जाता है, जो विवाद की स्थिति में सेल्समैन का साथ देते हैं और ग्राहकों को डराने-धमकाने का काम करते हैं। बीते रात्रि ऐसी ही एक घटना के दौरान जब कुछ ग्राहकों ने अवैध वसूली का विरोध किया, तो माहौल गरमा गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गये और दुकान के सामने हंगामा शुरू हो गया। सूचना मिलते ही भवनाथपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। इस संबंध में पूछे जाने पर उत्पाद अधीक्षक निर्मल कुमार ने कहा कि कोई भी ग्राहक शराब पर निर्धारित मूल्य से एक रुपए ज्यादा नही दे अगर ज्यादा मांगा जाता है तो मेरे पास फोन कर शिकायत करे कारवाई किया जायेगा।

## मुखिया पति पर अबुआ आवास योजना में भारी गड़बड़ी करने का आरोप

# एसडीओ से ग्रामीणों ने की शिकायत


आजाद सिपाही संवाददाता





**बंशीधर नगर।** सगमा प्रखंड के सोनडीहा पंचायत में अबुआ आवास योजना में भारी गड़बड़ी का मामला प्रकाश में आया है। मंगलवार को सोनडीहा ग्राम के ग्रामीणों ने एसडीओ को आवेदन देकर अबुआ आवास योजना में अनियमितता और मुखिया पति पर आवास योजना में तीस-तीस हजार रुपये लेने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। एसडीओ ने ग्रामीणों को दो दिनों के अंदर मामले की जांच स्वयं कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। दिये गये आवेदन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि अबुआ आवास योजना के लाभुक दुलारी देवी पति रविंद्र राम, अनीता देवी पति अजय राम, विजय राम, विश्वनाथ राम हरिहर राम से मुखिया पति हनुमंत कुमार यादव द्वारा आवास योजना में पैसा डलवाने के एवज में अधिकारियों को देने के नाम पर पैसा लिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि आर्थिक स्थिति सही नहीं रहने पर मवेशी बेच कर पैसा मुखिया पति को दिये है ऐसे में अभी तक आवास योजना का पैसा नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि जब इस मामले में मुखिया पति द्वारा पैसा वापस करने से इनकार कर दिया। दिये आवेदन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले में जिले के उपायुक्त और प्रखंड के बीडीओ को आवेदन देकर मामले की जांच कर पैसा वापस कराने की मांग किया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं किया गया। आवेदन देने वालो में दुलारी देवी, अनीता देवी, अजय राम, हरिहर राम, विश्वनाथ राम, विजय राम, राजनाथ राम सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

## युवक को पुलिसकर्मियों ने की बेरहमी से पिटाई, शरीर पर पड़े जख्म के निशान



डंडई (आजाद सिपाही)। डंडई पुलिस कर्मियों के द्वारा मंगलवार को एक युवक को बेरहमी से पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर पीड़ित युवक अनिकेत कुमार गुप्ता ने बताया कि मेरी मां घर में बीमार रहती है, उसको सीना में दर्द हो रहा था। मैं पत्नी को थोड़ा सेवा करने के लिए कहा तो वह आग बबूला हो गयी। तभी मेरी पत्नी घर से बाहर निकल कर शोर मचाने लगी। फिर मैं शांत कराने के लिए प्रयास किया, लेकिन वह गाली गलौज करते हुए थाने चली गयी। थाने पर जब मैं गया तो वहां पर मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम सहित कई गणमान्य व्यक्ति अपने काम से वही थे। उनके सामने से ही पुलिस ने मुझे घसीटते हुए बर्बरता पूर्वक थाने के अंदर एक रूम में ले गयी और कमरे में रस्सी से लटका कर बेरहमी से पिटाई करने लगी। पुलिस कर्मियों से हम लाख कहते रहे कि दोनों के आवेदन पर कानूनी कार्रवाई की जाये मारपीट न किया जाये, लेकिन मेरी एक न सुनी और पुलिस मुझ पर लाठियां बरसाती रही जिससे मेरे शरीर पर कई जगह जख्म का निशान है। युवक की पिटाई को लेकर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम ने कहा कि युवक को मेरे सामने से घसीटते हुए थाने के अंदर ले जाया गया और उसकी पिटाई कर दी गयी जिसका चिक चिल्लाहट थाना के बाहर तक सुनाई दे रहा था। थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव ने कहा युवक का घर का आपसी मामला था उसकी पत्नी के द्वारा थाना में आवेदन भी दिया गया। जब युवक को थाना बुलाया गया तो वह थाना आकर थाना में ही अपनी पत्नी के ऊपर मारपीट करने के लिए उतावला हो गया था। उसको शांत करने के उद्देश्य से एक दो डंडे और लपड़ थप्पड़ पिटाई पुलिस कर्मियों के द्वारा की गयी होगी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल, बूटी, राँची-834009**

**आम सूचना**

निम्नलिखित रांची शहरी क्षेत्र में बेहतर जल प्रबंधन एवं पेयजलापूर्ति की बर्बादी रोकने एवं शुद्ध पेयजलापूर्ति से संबंधित समस्याओं का त्वरित अनुरक्षण कर निराकरण के उद्देश्य से शहरवासियों को आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस प्रमंडल अन्तर्गत नगरवासियों की सुविधा हेतु बूटी पम्प हाउस में शिकायत दर्ज कराने हेतु श्री प्रेम कुमार करमाली, मो0 नं0–8863016796 पर नगरवासियों के द्वारा किसी प्रकार की जलापूर्ति से संबंधित शिकायत एवं सूचना दर्ज करायी जा सकती है। संबंधित क्षेत्रों के कनीय अभियंता को सूचना देने हेतु सम्पर्क विवरणी निम्नवत है।

| क्र0 सं0 | जलमीनार (प्रशाखा कार्यालय) | संबंधित वार्ड सं0 | सहायक अभियंता / कनीय अभियंता से संबंधित क्षेत्र | प्रभारी कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | जिला स्कुल प्रशाखा | 23,24, 25 26,27 | कोटसराय रोड, पिंजरा टोली, कुम्हारटोली, अखाड़ा चौक, सरफराज चौक, बंसी चौक, शिवाजी चौक, गोशाला कम्पाउड, चौधरी बगान, मार्केट रोड ईस्ट व वेस्ट, रंधीर प्रसाद स्ट्रीट, दिनबंधु लेन, प्यादा टोली, गोपालगंज, भट्टाचार्य लेन, गोरखनाथ लेन, विष्णु टाकीज लेन, रूपाश्री लेन, विनोद आश्रम गली, जिला स्कुल कम्पाउड, बुचरगली, लेक रोड, भुईया टोली, पुरानी राँची, करीम लेन, बंगला स्कुल रोड, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, कम्पाउण्डस लेन, डेली मार्केट, कैलाश बाबु स्ट्रीट, हिन्दपीड़ी 3rd स्ट्रीट, 2nd स्ट्रीट, 1st स्ट्रीट, सेन्ट्रल स्ट्रीट, खेत मोहल्ला, लाहफैक्ट्री रोड, नूरनगर, मुजाहिद नगर, निजामुद्दीन नगर, हरिजन बस्ती, माली टोला, हिन्दपीड़ी साउथ स्ट्रीट, ग्वाला टोली, बड़ी मस्जिद गली, तिवारी स्ट्रीट, तिवारी टैंक रोड, मुस्लिम कॉलोनी, गोपाल प्रेस, डाईभरसन रोड, नाला रोड हिन्दपीढ़ी एवं आसन्न क्षेत्र। | सुश्री मीरा कुमारी, कनीय अभि0 मो0–7488356652 |
| 2 | सिरमटोली / कडरू प्रशाखा | 15,27, 28, 29 | ओल्ड थाना रोड, मुर्खासाह लेन, राजाबली स्ट्रीट, शरदबाबु लेन, सिरमटोली, दिपुटोली, गुगुंटोली, कल्ब रोड, राजाबंगला कम्पाउण्ड, राज ट्रांसपोट कम्पाउण्ड, डॉ फतेहउल्लाह लेन, पाराडाईज लॉज, विश्वकर्मा मंदिर, पी0पी0 कम्पाउण्ड,, सेठिया कम्पाउण्ड, पुल टोली, ओल्ड ए0जी0 कॉलोनी कडरू, हरमु बस्ती का भाग, हाई कोर्ट कॉलोनी, फोरटाईप हरमु कॉलोनी, न्यु ए0जी0 कॉलोनी, बंसत विहार, ढेलाटोली, रामनगर एवं आसन्न क्षेत्र। | श्री जयप्रकाश बड़ाईक, कनीय अभियंता मो0–9431519778 |
| 3 | चर्चरोड / कोकर प्रशाखा | 16,17, 18 | चर्चरोड का भाग, गुदरी रोड का भाग, कर्बला टैंक रोड, कोनका रोड, डोम टोली, इस्लाम नगर, नया टोली, बसर टोली, पोल्टेकनिक कम्पाउण्ड, चटर्जी कम्पाउण्ड, डंगरा टोली, आईडियल लैण्ड, नया टोली का भाग, पत्थल कुदुवा, बैंक लाईन, आजाद बस्ती, पुरूलिया रोड का भाग, संत लुईस कम्पाउण्ड, काली स्थान रोड, दालपटट्टी रोड, रंगसाज मस्जिद लेन, नाजिर अली लेन, बलदेव सहाय लेन, टुंकी टोली, मिशन कम्पाउण्ड, संत जेवियर कॉलेज कम्पाउण्ड, संत जॉन स्कुल, सर्जना चौक से काली स्थान, चर्चरोड का पूर्वी भाग, पीसरोड, इन्डस्ट्रीयल एरिया, कुम्हार टोली, मोहरम बस्ती, वर्धमान कम्पाउण्ड का हिस्सा एवं आसन्न क्षेत्र। | श्री सहजाद असगर मोईनी, कनीय अभियंता मो0–6201961794 |
| 4 | कॉटाटोली / बूटी प्रशाखा | 7,11,12,1 3,14 | ओल्ड एच0बी0 रोड, खोरहाटोली, कॉटाटोली, कसाई मोहल्ला, इदरीस कॉलोनी, हरिजन मोहल्ला, लोवाडीह, शांति नगर, आजाद कॉलोनी, इस्लाम नगर, खातून नगर, शंकर नगर, चुटिया सामलोंग का भाग, चुटिया मेनरोड का उत्तरी भाग, हाईटेंशन इन्सुलेटर कॉलोनी, धुमासा टोली, रिफ्युजी कॉलोनी, टंगटंग टोली, कटहल टोली, कॉटाटोली, मकचुन्द टोली, चुटिया महादेव टोली, तेली टोली, चुटिया मेन रोड का दक्षिणी भाग, साई टोली, गोसाई टोली, बेनी साहु गली, पावर हाउस, किशन सिंह कॉलोनी, एफ0सी0आई0 गोदाम, भट्ठा टोली, खेलगॉव, होटवार जेल, गाड़ी गॉव, लालगंज, टाटीसिलवे, जैप–2, नामकुम, जोराड़ एवं आसन्न क्षेत्र। | श्री अनु मानकी, कनीय अभियंता मो0–8271021891 |
| 5 | लालपुर | 10,14, 19 20,21, 22 | पुरूलिया रोड, जेवियर नगर, बिरसा मुण्डा समाधी स्थल, कानवेंटलाईन, उद्धवबाबु लेन, थरपखना, बड़ई टोली, पी0एन0बोस कॉलोनी, ईस्ट जेल रोड, ताराबाबु लेन, महेन्द्र महिला कॉलेज कम्पाउण्ड, न्यु नगरा टोली, करमटोली, महिला महा विद्यालय, आदिवासी होस्टल, वर्दमान कम्पउण्ड का हिस्सा, धोबी घाट गौतमबुद्ध रोड, अहिर टोली रोड, सैनिक स्कुल लेन, शिवदायल सहाय रोड, श्रद्धानन्द रोड, नौवाटोली एवं आसन्न क्षेत्र। | सुश्री मीरा कुमारी, कनीय अभि0 मो0–7488356652 |
| 6 | आवास प्रशाखा | 4,5,8 | शंकर टोली, भरणटोली, हिलव्यू रोड, श्रेया इनकेल्वभ, तेतर टोली, बनिया टोली, बड़गाई टोली, नालन्दा कॉलोनी, चित्रगुप्त कॉलोनी, बुटी बस्ती, आनन्द नगर, पी0एच0ई0डी0 कॉलोनी, रामटहल चौधरी हाई स्कुल, जयप्रकाश नगर, बरियातु हाउसिंग कॉलोनी, मेडिकल कॉलेज सम्प, रानी बगान, जोड़ा तालाब, बरियातु बस्ती, सत्तार कॉलोनी, बरियातु स्टाफ क्वाटर, हैदर नगर, चेशायरहोम रोड, सैनिक स्कूल लेन रामेश्वरम, युनिवरसिटी कॉलोनी एवं आसन्न क्षेत्र। | श्री अमन श्रीवास्तव, कनीय अभियंता मो0–7250852233 |
| 7 | बुटी जलागार | | पम्प हाउस कैम्पस के सभी अवयव एवं पम्प हाउस से बूटी पहाड़ी जलागार के सभी राईजिंग पाईप लाईन एवं बूटी पहाड़ी जलागार से मेडिकल / जिला स्कूल / रातु रोड पाईप लाईन, डी0ए0भी0 नन्दराज स्कूल के सामने चेक पोस्ट, बूटी तक। | श्री अजित कुमार तिवारी, कनीय अभि0 मो0–8409448014 |

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्ण0
वितरण प्रमंडल, रांची

PR.NO.351739 Drinking Water and Sanitation(25-26):D

## 8 तक चलेगा अंग प्रत्यारोपण शिविर

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिले में जरूरतमंद विकलांगों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। रेड क्रॉस सोसाइटी लातेहार एवं श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय निःशुल्क अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 6 मई से 8 मई तक चलेगा और इसका स्थान सदर अस्पताल लातेहार के समीप स्थित रेड क्रॉस सोसाइटी परिसर होगा। शिविर में उन लोगों को कृत्रिम अंग उपलब्ध कराये जायेंगे, जिनके हाथ या पैर किसी कारणवश कट गये हैं या फिर वे जन्म से ही शारीरिक रूप से असमर्थ हैं। इसके अतिरिक्त अन्य शारीरिक अंग जो कार्य करने में अक्षम हो चुके हैं, उनकी सहायता के लिए भी विशेषज्ञ टीम द्वारा तकनीकी सहायता उपलब्ध करायी जायेगी। जयपुर से विशेष रूप से प्रशिक्षित चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम अत्याधुनिक मशीनों और उपकरणों के साथ लातेहार पहुंच चुकी है।

# राहुल सिंह गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा लातेहार पुलिस अधीक्षक के गुप्त सूचना के आधार पर संगठित कुख्यात अपराधी राहुल सिंह गिरोह के दो अपराधी ब्राह्मणी के पास मौजूद थे। सूचना पुलिस को सूचना मिली कि ये अपराधी स्थानीय ठेकेदार व्यवसायी से रंगदारी वसूलने का काम करते है। सूचना के आलोक में सतर्कतापूर्वक चंदवा पुलिस के द्वारा मोटरसाइकिल चेकिंग अभियान चलाया गया। जहां मोटरसाइकिल पर सवार होकर चंदवा की ओर जा रहे किसी बड़ी घटना को अनजाम देने के फिराक में अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसमें अमृत उरांव उम्र 26 वर्ष ग्राम जोभीया जिला लातेहार, मसूक अंसारी उम्र करीब 23 वर्ष ग्राम ब्राह्मणी चंदवा जिला लातेहार को पकड़ा गया।

इस संबंध में पुलिस इंस्पेक्टर सह चंदवा थाना प्रभारी ने बतलाया कि पकड़े हुए दोनों अपराधी 2 मई 2025 जालिम के जोभिया से सोस बारात आये हुए थे और उपेंद्र उरांव नामक व्यक्ति को गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। जिसमें यह लोग भी शामिल थे। कांड संख्या 95/2025 2/5/2025 धारा 103(1)61(2)3(5) बीएनएस एवं 27 आर्म्स एक्ट अंकित किया गया है।

चेकिंग के दौरान गिरफ्तार युवकों से एक मोटरसाइकिल जिसका पंजीयन संख्या जेएच 19 डी 4456 है, एक देशी पिस्टल और आठ जिंदा गोली बरामद किया गया। छापेमारी दल में पुअनि रविंद्र कुमार सिंह वास साइट 144 चंदवा थाना के सशस्त्र बल शामिल रहे।

# पंचायत ज्ञान केंद्र में होगी अध्ययन की व्यवस्था : डीसी

पंचायत ज्ञान केंद्र के अधिष्ठापन एवं एक ग्रामीण पुस्तकालय के रूप में उसके उपयोग तथा आदर्श ग्राम पंचायत की स्थापना विषय पर कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** पंचायत सचिवालय में पंचायत ज्ञान केंद्र के अधिष्ठापन एवं एक ग्रामीण पुस्तकालय के रूप में उसके उपयोग तथा आदर्श ग्राम पंचायत की स्थापना विषय पर जिला पंचायत राज कार्यालय, लोहरदगा की ओर से कार्यशाला का आयोजन नया नगर भवन, लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में किया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि पंचायतों को सशक्त बनाना हमेशा से ही सरकार और जिला प्रशासन की प्राथमिकता में रही है। भारत के संविधान में कल्याणकारी राज्य की बात कही गयी है। पंचायत स्तरीय व्यवस्था को सुदृढ़ करना सुनिश्चित किया गया है। इसी कड़ी में हम सबने ठाना है कि पंचायत में मिलनेवाली सभी सेवाओं को सशक्त किया जाये, पंचायत स्तर पर डिजिटल क्रांति लायी जाये। पंचायत सचिवालय में जो सेवा मिलती है उसे डिजिटाइज किया सके, इस दिशा में पहल की गयी है। हम सभी का प्रयास है कि पंचायत स्तर पर ही काम हो जाये ताकि किसी व्यक्ति को प्रखंड स्तर या जिला स्तर के कार्यालय में अपना काम कराने नहीं जाना पड़े। ऐसी सिंगल विण्डो की व्यवस्था हो। उपायुक्त ने कहा कि पंचायत सचिवालय में पंचायत ज्ञान केंद्र खुलेगा जिसमें कोई भी अध्ययन कर सकेंगे। इसमें वैसे छात्र-छात्राओं को सुविधा मिलेगी जो गांव में रहते हुए अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहते हैं। जिला और प्रखण्ड स्तर पर पुस्तकालय की सुविधा है लेकिन अब तक पंचायत स्तर पर पुस्तकालय की व्यवस्था नहीं थी। पंचायत ज्ञान केंद्र के खुलने से यह कमी दूर हो जाएगी। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का पूरा फायदा मिलेगा। कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त ने ग्रामीण व्यवस्था पर बनाये गए मॉडल व स्टॉल का निरीक्षण किया और सराहना की। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, प्रदान के स्टेट पीएमयू से आये धीरज महतो, सभी संबंधित पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारीगण, पंचायत सेवक, मुखिया आदि उपस्थित थे।



### अधिक से अधिक लोगों को जागरुक करें : डीडीसी

उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि आज की कार्यशाला पंचायत में मिलनेवाली शिक्षा, राजस्व, महिला बाल विकास, बैंकिंग आदि की सुविधाओं को डिजिटाइज्ड माध्यम से संपादित करने के उद्देश्य से रखा गयी है। आज सभी मुखिया, पंचायत सेवक इसका लाभ उठाएं और अधिक से अधिक लोगों को जागरुक करें। डिजिटल माध्यम से चीजें आसान हो जाएंगी जिसका हक सभी ग्रामीणों को मिले। इस कार्यशाला में कॉमन सर्विस सेंटर, पंचायत ज्ञान केंद्र, सिंगल विंडो सिस्टम और ग्राम पंचायत विकास योजना की जानकारी सभी को दी जायेगी। आप सभी इसका भरपूर लाभ उठाएं।

# ग्रामीणों ने पारा शिक्षक पर लापरवाही और वित्तीय गड़बड़ी का लगाया आरोप

ग्रामीणों ने उच्चस्तरीय जांच और कार्रवाई की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले के पेशरार प्रखंड अंतर्गत सीरम पंचायत के मक्का संकुल स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरवाडीह में शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी गंभीर लापरवाही और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। विद्यालय में कार्यरत पारा शिक्षक विनोद भगत पर शिक्षा विभाग को गुमराह कर वर्षों से मनमाने ढंग से विद्यालय संचालन करने का आरोप लगा है। ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार विद्यालय भवन की साफ-सफाई एवं रंग-रोगन के लिए हर वर्ष अनुदान प्राप्त होता है। इसके बावजूद पिछले कई वर्षों से विद्यालय का भवन पूरी तरह उपेक्षित है, जिससे उसकी स्थिति जर्जर हो चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस राशि का उपयोग विद्यालय की मरम्मत में नहीं किया गया, जो स्पष्ट रूप से वित्तीय गड़बड़ी की ओर इशारा करता है।

ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षक न तो समय पर विद्यालय आते हैं और न ही बच्चों को उचित रूप से पढ़ाते हैं। इसका सीधा प्रभाव विद्यार्थियों की शिक्षा पर पड़ रहा है और उनका भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। विद्यालय एक पहाड़ी एवं दुर्गम क्षेत्र में स्थित है, जिसका लाभ उठाकर शिक्षक लंबे समय से शिक्षा विभाग की निगरानी से बचते आ रहे हैं। विभागीय अधिकारी भी नियमित निरीक्षण नहीं करते, जिससे मनमानी को बढ़ावा मिल रहा है। स्थानीय निवासी होने का लाभ उठाते हुए शिक्षक विभागीय आदेशों की अवहेलना करते हैं और कागजों पर औपचारिकताएं पूरी कर मानदेय प्राप्त करते हैं। विद्यालय भवन की स्थिति में शीघ्र सुधार एवं रंग-रोगन कराया जाये, विद्यालय में पठन-पाठन की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाये, संबंधित शिक्षक की भूमिका की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की जाये, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करायी जाये। यह मामला केवल एक विद्यालय की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था पर एक सवाल है।

# पंडरा में गर्भवती महिला की मौत, मामला दर्ज

मृतका की मां ने ससुराल वालों पर जहर देकर हत्या का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू / लोहरदगा।** इलाज के दौरान गर्भवती की हुई मौत के मामले में मृतका की मां ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए कुडू थाना में मामला दर्ज करवाया है। मृतका की मां कैरो निवासी आशा देवी पति महरु महली ने कुडू थाना में दिए अपने आवेदन में बताया है कि उसकी बेटी ललिता कुमारी का प्रेम प्रसंग कुडू थाना क्षेत्र के पंडरा गांव निवासी सूरज महतो पिता अवधेश महतो के साथ था और वो सुरज के साथ ढुकु (लिव इन रिलेशनशिप) में रह रही थी। सूरज के पिता अवधेश महतो, मां तारा देवी और मामा अमित महतो ललिता को सूरज से अलग होने का दबाव बना रहे थे और अलग नहीं होने पर जहर देकर मार देने की धमकी देते थे। इनकार करने पर मारपीट कर प्रताड़ित करते थे। इसी बीच दोनों मजदूरी करने आंध्रप्रदेश चले गये थे। कुछ दिन पहले ही दोनों वापस आये थे। इसी बीच चार मई की रात करीब 12 बजे ललिता ने फोन पर जानकारी दी कि उसकी सास ने उसे मीट भात खाने को दिया था। जिसके बाद से उसे पेट मे दर्द और उल्टी हो रही है। सूचना पर 5 मई की सुबह सात बजे हमलोग पंडरा पहुंचे तो वहां से बताया गया कि उसका इलाज कुडू सिएचसी में चल रहा है। लेकिन हमलोग जैसे ही कुडू अस्पताल पहुंचे वहां मृत अवस्था मे पड़ी मिली। आशा देवी ने पुलिस को बताया कि हमलोग को पूरा विश्वास है कि मेरी बेटी को उसके ससुराल वालो ने जहर देकर मार डाला है। प्राप्त आवेदन के आधार पर कुडू पुलिस ने कांड संख्या 54/25 धारा 123/ 103 (1)/ 315 एवं बीएनएस 23 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### कुम्हारिया में हाथी के आतंक से ग्रामीण परेशान

# पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने के लिए ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा।** थाना क्षेत्र के कुम्हारिया गांव में सोमवार की रात हाथी ने दो परिवार का खपरैल घर पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। इसके अलावे कुम्हारिया क्षेत्र मे एक सप्ताह से जंगली हाथी दर्जनों ग्रामीणों के घरों को ध्वस्त किया साथ ही सैकड़ो किसानो के फसल को बर्बाद किया। घटना के विरोध और पीड़ित परिवारो को राहत और मुआवजा के लिए ग्रामीणों ने भंडरा अकाशी मार्ग को पांच घंटे तक जाम कर दिया गया। बीती रात कुम्हारिया मे गांव के सुरेन्द्र महली और महावीर लोहरा के घर को ध्वस्त कर दिया घटना के समय परिवार के लोग घर में ही सोये हुए थे। हाथी को देख उन्होंने समय रहते बाहर निकल कर अपनी जान बचायी। दोनों पीड़ित परिवार अत्यंत गरीब है तथा घर ध्वस्त हो जाने के बाद परिवार के सदस्य अब पेड़ के नीचे रहने को विवश हैं। ग्रामीणों ने बताया कि झुंड से बिछड़ा हुआ एक हाथी पिछले एक सप्ताह से बगुला पतरा मे डेरा जमाये हुए है। दिन भर बगुला पतरा में रहने के बाद रात में गांव की ओर रुख करता है और कभी कुम्हारिया तो कभी अंबेरा कसपुर गांव पहुंचकर ग्रामीणों के फसल एवं घरों को क्षतिग्रस्त कर रहा है। इधर घटना की सूचना देने के बाद भी वन विभाग नहीं पहुंच रही है। जिससे ग्रामीणों मे आक्रोश बढ़ गया और इस घटना के विरोध में स्थानीय ग्रामीणों ने कुम्हारिया के पास करीब पांच घंटे अकाशी भंडरा मार्ग जाम कर दिया। सूचना के बाद अंचल अधिकारी दुर्गा कुमार, इंस्पेक्टर सुधीर साहू और थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने वहां पहुंच कर जाम करनेवालों को आश्वासन देकर जाम समाप्त कराया। हाथी को मंगलवार शाम से ही भगाने का प्रयास किया जायेगा और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिये जाने का आश्वासन दिया।

# सेन्हा में बालू लदे ट्रैक्टर को पुलिस ने पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के कोयल नदी से अवैध बालू उठाव एवं परिवहन करने की गुप्त सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर को झलजमीरा टोंगरी के समीप से जब्त किया गया है। अवैध बालू परिवहन का मामला सेन्हा थाना क्षेत्र के विभिन्न नदी घाटों से करने की सूचना पर पुलिस प्रशासन द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें छापेमारी के दौरान बिना रजिस्ट्रेशन नंबर का सोनालिका ट्रैकर को बालू लाद कर परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को झलजमीरा टोंगरी के समीप से जब्त किया गया है। बालू लदा जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध खनन विभाग का खनिज संपदा एवं राजस्व क्षति को देखते हुए अग्रतर कारवाई हेतु खनन विभाग को अवगत कराया गया। वहीं थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अवैध बालू उठाव और परिवहन के विरुद्ध पुलिस द्वारा कारवाई किया गया और अवैध बालू लाद कर परिवहन करते हुए बिना रजिस्ट्रेशन नंबर का एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रख अग्रतर कारवाई हेतु विभाग को सूचनार्थ किया गया है। जिस पर विभाग के निर्देशानुसार ट्रैक्टर के चालक एवं मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जायेगी।

# छोटानागपुर बाक्साइट वर्कर्स यूनियन के महाधिवेशन की तैयारी पूरी, कई मंत्री और विधायक होंगे शामिल


आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा के किस्को मिडिल स्कूल मैदान में आगामी 8 मई को आयोजित होने वाले छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन के महाधिवेशन को लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। कार्यक्रम स्थल को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर जनसंपर्क अभियान भी तेज कर दिया गया है। लोहरदगा, गुमला, लातेहार क्षेत्र में भी लोगों से संपर्क किया गया है। पूरे कार्यक्रम की मॉनिटरिंग खुद पूर्व राज्यसभा सदस्य और कांग्रेस के दिग्गज नेता धीरज प्रसाद साहू कर रहे हैं। यह कार्यक्रम न सिर्फ मजदूर संगठन को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह राजनीतिक ताकत प्रदर्शित करने का एक मंच भी है। पिछले एक महीने से भी ज्यादा समय से कार्यक्रम की सफलता को लेकर लगातार बैठक और मुलाकात का दौर चल रहा था। इस कार्यक्रम में झारखंड सरकार के मंत्री और विधायकों का जमावड़ा लगेगा। कार्यक्रम में झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, झारखंड सरकार की कृषि मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की, वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, पूर्व मंत्री और लोहरदगा का विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, विधायक राजेश कच्छप, श्वेता सिंह, ममता देवी, प्रदीप बलमुचू, कुमार महेश सिंह, सच्चिदानंद चौधरी सहित कई दिग्गज शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर काफी भव्य रूप से मंच का निर्माण किया गया है। इस कार्यक्रम में न सिर्फ राजनीतिक दिग्गजों का जमावड़ा लगेगा, बल्कि छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल्ड वर्कर्स यूनियन को भी एकजुट करने के साथ-साथ यूनियन की ताकत का अहसास भी कराया जायेगा। इस कार्यक्रम में हजारों लोगों के शामिल होने का अनुमान है। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए झारखंड के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति की तैयारी भी की गयी है। कई जाने माने कलाकार इस कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम की तैयारी लगभग पूरी कर ली गयी है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, अजय नाथ शाहदेव, हातिम अंसारी, निश्चय वर्मा, कमरूल इस्लाम, ऐनुल अंसारी, अख्तर अंसारी, करण आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जमीन कारोबारी महेश नागिया के ठिकानों पर इडी की रेड

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** इडी ने बोकारो से एक बार फिर दबिश दी है। मंगलवार की सुबह चास के राणा प्रताप नगर में कार्रवाई करते हुए इडी महेश नागिया के ठिकानों पर एक साथ दो जगहों पर छापेमारी की है। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई सुबह 8 बजे से चल रही है और इस छापेमारी में ईडी के करीब आठ अधिकारी लगे हुए हैं। जानकारी के अनुसार यह मामला तेतुलिया वन भूमि धोखाधड़ी मामले का बताया जा रहा है। महेश नागिया का संबंध तेतुलिया वन भूमि धोखाधड़ी मामले में कथित जमीन मालिक इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन से बताया जा रहा है।

**15 दिन पहले भी हुई थी छापेमारी:** बताते चलें कि 22 अप्रैल को ईडी ने रांची के साथ-साथ बोकारो जिले में कई जगहों पर छापेमारी की थी। इस दौरान उमायुष मल्टीकॉम प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट हेड किशोर किस्कू, रैयत इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन के उकरीद स्थित घर और तेतुलिया में जमीन पर बने कार्यालय की तलाशी ली गयी थी। तेतुलिया मौजा स्थित खाता संख्या 59 और प्लॉट संख्या 450/426 की एक एकड़ तीन डिसमिल जमीन में धोखाधड़ी को लेकर यह कार्रवाई की गयी थी।

# जन शिकायत निवारण में उपायुक्त ने सुनी समस्या, निदान के लिए दिये दिशा-निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया।

जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जायेगा।

जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से सड़क निर्माण, नामांकन से संबधित, जमीन अधिग्रहण, मुआवजा से संबधित जुड़े आवेदन आये। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए, समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें।

उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

# स्कूल में सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव के निर्देश पर बरवाडीह पुलिस टीम के द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार वाहन चेकिंग और जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को कार्यक्रम के तहत थाना प्रभारी राधेश्याम सिंह के द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत के पूर्व थाना प्रभारी का स्कूल के निदेशक डॉ पवन कुमार और प्रिंसिपल शांतनु डे ने स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र भेंट करके सम्मानित किया। सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के माध्यम से मौजूद छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने को लेकर बनाये गये सख्त कानून और उसके कठोर सजा की जानकारी दी गयी। थाना प्रभारी ने बताया रोजाना हमारे देश में सैकड़ो सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं और उसमें सर्वाधिक दुर्घटनाओं का कारण नाबालिक के द्वारा वाहन चलना होता है। वाहन चलाते समय नाबालिग के द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन नहीं किया जाता है जिससे उनकी लापरवाही से सड़क दुर्घटना हो जाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क दुर्घटना में लापरवाही के कारण जान गवाने वाले वक्ति के साथ उनका पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है जिसके कई उदाहरण इस क्षेत्र में भी हैं। कार्यक्रम के माध्यम से थाना प्रभारी के द्वारा नाबालिग बच्चों से किसी भी तरह के वहांन चलने की अपील की गयी। इस दौरान मौके पर प्रिया डे, संतोष कुमार, शंभू प्रसाद, समेत अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# अपनी शादी का कार्ड बांटकर घर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत, एक गंभीर

## लोगों का हंगामा, 21 मई को होने वाली थी शादी, घर में चल रही थी तैयारियां

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पीपरा थाना क्षेत्र के विजय तारा पेट्रोल पंप के समीप एनएच 139 पर सोमवार की शाम अज्ञात वाहन के धक्के से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अविनाश कुमार (27) के रूप में हुई है। वह छतरपुर थाना क्षेत्र के कचनपुर पंचायत अंतर्गत पिछुलिया गांव का रहने वाला है। जबकि इसी हादसे में बाइक सवार एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका नाम चंदन कुमार (25) है। वह नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के सरईडीह का रहने वाला है। रिश्ते में दोनों ममेरा-फुफेरा भाई थे। उधर, हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग को करीब दो घंटे तक जाम कर प्रदर्शन किया। इसकी सूचना के बाद घटनास्थल पर हरिहरगंज और पीपरा थाने की पुलिस पहुंची और लोगों को समझा बुझा कर जाम हटवाने के बाद शव का पंचनामा कर अपने कब्जे में ले लिया। इस बाबत परिजनों ने बताया कि अविनाश की शादी 21 मई को होनेवाली थी। वह हरिहरगंज अपने रिश्तेदारों के घर शादी का कार्ड बांट कर देर शाम घर लौट रहा था। इसी बीच विजय तारा पेट्रोल पंप के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 139 पर किसी वाहन से टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। जबकि घायल चंदन को मेदिनीनगर से बेरतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया, जिसका इलाज चल रहा है। इस संबंध में पीपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि मंगलवार को परिजनों के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। लगे हाथ अज्ञात वाहन और चालक का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।


अविनाश कुमार की फाइल फोटो।

# अंबेडकर तालाब की स्थिति खराब, निगम को ध्यान देने की आवश्यकता : अरुणा शंकर

कहा- मंत्री के आदेश से जल्द खुलेगा रास्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने हर्ष जाहिर करते हुए कहा कि सोमवार को प्रदेश के वित्त मंत्री राधा कृष्णा किशोर ने जैसा वादा किया था खुद जाकर बड़ा तालाब अंबेडकर पार्क का निरीक्षण कर बंद पड़े जेलहाता से बाजार को जोड़ने वाले रास्ते को एक सप्ताह के अंदर खोलने का निगम को निर्देश दिया है। यह हम सभी के लिए खुशी की बात है। यह रास्ता बंद होना मेरे कार्यकाल का ब्लैक स्पॉट था जिसे मेरे मेयर बनने से पूर्व तालाब के नक्शा में रास्ता बंद दर्शाकर रांची-जुडको द्वारा नक्शा पारित कराया जा चुका था। इसके लिए मैं एवं स्थानीय पार्षद ने कई बार प्रयास किया, लेकिन तकनीकि कारणों से आज तक यह रास्ता नहीं खुल पाया था। अंततः मैंने वित्त मंत्री जी से इस पुनीत कार्य को करने की अपील की थी। जिसका खुलना अब तय लग रहा है। अरुणा शंकर ने कहा कि निगम आयुक्त से भी अनुरोध करूंगी कि बड़ा तालाब का रखरखाव बहुत ही खराब है। उसके सभी लाइट बंद हैं। पेड़-पौधे, फुहारा, शौचालय सब जीर्ण अवस्था में है। इसे तत्काल सुव्यवस्थित किया जाए। क्योंकि यह पार्क शहर का दिल है और शहर के सारे वीआईपी गतिविधियां उसी मार्ग से होती है। प्रथम महापौर ने चिंता जताई कि शहर के कई भाग में टेंडर कर व्हीकल स्टैंड बना दिए गए हैं जिसका खामियाजा राहत से ज्यादा आहत होकर व्यवसाइयों को जगह-जगह पर रंगदारी के रूप में स्टैंड चार्ज देना पड़ रहा है जो गलत है। इस पर नगर आयुक्त को बैठक कर संज्ञान लेना चाहिए।

# वैश्विक धार्मिक मानचित्र पर चर्चित बराही धाम को मिलेगी नयी पहचान, महोत्सव का आगाज आज से

14 मई को विश्व की सबसे ऊंची 551 फिट का मां दुर्गा मंदिर और 151 फिट नवग्रह मंदिर निर्माण का होगा भूमि पूजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के चर्चित बराही धाम अब वैश्विक धार्मिक स्थल के रूप में नयी पहचान बनाने की ओर अग्रसर है। अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक मानचित्र पर बराही धाम को विकसित करने के लिए शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य लग्न के साथ जुटे है। इसी कड़ी में 14 मई तक चलने वाली बराही धाम महोत्सव का आगाज बुधवार से 51 घंटे के अखंड कीर्तन के साथ शुरू होगा। जबकि 14 मई को विश्व की सबसे ऊंची मां दुर्गा और 151 फिट नवग्रह मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन अनुष्ठान होगा, जिसमें देश के महान साधु संतों जुटेंगे। मंदिर निर्माण के लिए 10 एकड़ से अधिक जमीन को अधिग्रहण करने के बाद चारदीवारी निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। साथ ही मंदिर का मुख्य द्वार का कार्य भी प्रगति पर है। महोत्सव को लेकर कई वाहनों से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। महोत्सव कमेटी के लोग झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ तक जाकर लोगों को भूमि पूजन कार्यक्रम में आने के आमंत्रण कार्ड दे रहे हैं। इसकी जानकारी देते हुए विधायक संजय सिंह यादव और पलामू जिप उपाध्यक्ष सह शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव आलोक कुमार सिंह ने बताया की बुधवार से नौ मई तक 51 घंटे का अखंड पाठ, 10 मई को अमृतसरी झांकी एवं शोभा यात्रा, 11-13 मई तक भगवत कथा वाचक पंडित गौरांगी गौरी का कार्यक्रम, 13 मई को गीतकार गुंजन सिंह, करीना पांडेय, सविता पांडेय द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम होना है। जबकि 14 मई को होने वाले भूमि पूजन में मुख्य रूप से जगतगुरू श्री रामभद्राचार्य जी महाराज, ज्योतिष्पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज, परम पूज्य श्री राजकुमार दास जी महाराज, स्वामी राम नंदन दास जी महाराज, श्री सुंदर राज स्वामी, महंत कौशल किशोर दास अयोध्या हनुमान गढ़ी के अलावा झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश के कई प्रमुख राजनीतिक हस्तियों के अलावा कई भोजपुरी सुपर स्टार साक्षी बनेंगें। उक्त कार्यक्रम में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह, भोजपुरी गायक-अभिनेता पवन सिंह सहित कई राजनीतिक हस्तियों एवं ब्यूरोक्रेट के लोग शामिल रहेंगे। विधायक संजय सिंह यादव ने इस महा भूमि पूजन अनुष्ठान में अधिक से अधिक लोगों से बराही धाम परिसर पहुंचने की अपील की है।

# करंट लगने से मारे गये पिता-पुत्र के आश्रित को मिले मुआवजा-नौकरी : कमलेश

- पूर्व विधायक ने सड़क पार करने की जगह सुरक्षा जाली लगाने की मांग की



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हैदरनगर थाना अंतर्गत खड़गड़ा नहर रोड पर बिजली के गिरे हाई वोल्टेज तार की चपेट में आकर सिमरसोत गांव के बिंदु मेहता और उनके पुत्र बिपिन मेहता की दर्दनाक मौत पर पूर्व विधायक सह भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह ने दुख प्रकट किया है। उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति की कामना की। साथ ही परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की भगवान से प्रार्थना की। कहा कि पूर्व जनप्रतिनिधि होने के नाते वह इस घटना को केवल एक हादसा नहीं, बल्कि बिजली विभाग की घोर लापरवाही मानते हैं। जर्जर तार एवं पोल को ठीक करने की लोगों द्वारा गुहार लगाने पर भी विभाग मौन बैठा रहता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को अविलंब 10-10 लाख रुपये का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाए। साथ ही दोषी विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों पर प्राथमिकी दर्ज कर उनपर कार्रवाई की जाए। पूरे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था की तत्काल समीक्षा कर जर्जर तार एवं पोल को बदलने की भी मांग की। कहा कि दोषियों को चयनित कर कार्रवाई नहीं की गई तो वह आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# मेदिनीनगर, छतरपुर और हुसैनाबाद में खुलेंगे ट्रैफिक थाने

ट्रैफिक सुधार को लेकर एसपी से मिला पलामू चेंबर का प्रतिनिधिमंडल, दिये 10 सुझाव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मेदिनीनगर, छतरपुर और हुसैनाबाद में ट्रैफिक थाना खोले जाएंगे। इस संबंध में पलामू पुलिस ने एक प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय को भेजा है। बतातें चलें कि मंगलवार को पलामू पुलिस जिले के कारोबारियों के साथ सुरक्षा सहित कई बिंदुओं को लेकर बैठक कर रही थी। इसी बैठक में ट्रैफिक सुधार और संचालन को लेकर एक मुद्दा उठा था। इसके बाद पलामू पुलिस की तरफ से बताया गया कि जिले के मेदिनीनगर, छतरपुर और हुसैनाबाद में ट्रैफिक थाना खोलने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। यह प्रस्ताव डीआईजी स्तर से अनुमोदन हो गया है। पुलिस मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है। जल्द ही सरकार इसकी घोषणा कर सकती है।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार को पलामू एसपी रीष्मा रमेशन की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। जिसमें पलामू चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री, व्यवसायी संघ, पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य शामिल थे। इसी बैठक में कारोबारियों की सुरक्षा और ट्रैफिक को लेकर कई मुद्दे उठाए गए। कारोबारियों की तरफ से कहा गया कि पश्चिम बंगाल एवं अन्य राज्यों से आने वाली गाड़ियों पर निगरानी रखी जाए, मेदिनीनगर शहर में लगने वाले ठेलों के मालिकों के नाम और पते का सत्यापन किया जाए। कारोबारियों ने टाउन थाना क्षेत्र में पुलिस की पेट्रोलिंग और विभिन्न प्रतिष्ठानों में पुलिस की नियमित अंतराल पर मौजूदगी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। कहा गया कि ट्रैफिक में तैनात जवानों को गर्मी के दौरान छाता और अन्य सामग्री दी जाएगी। बैठक में कई बिंदुओं पर निर्णय लिए गए हैं। वहीं, एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि पुलिस की तरफ से प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने का आग्रह किया गया है। साथ ही संदिग्ध गतिविधि की जानकारी पुलिस से साझा करने का आग्रह किया गया है। ट्रैफिक कंट्रोल और पुलिस पेट्रोलिंग को लेकर कई सुझाव आए हैं। वहीं, बैठक में चेंबर की ओर से कृष्ण अग्रवाल, रीजनल उपाध्यक्ष झारखंड चेंबर के रिंकू दुबे, सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल, एग्जीक्यूटिव मेंबर अविनाश वर्मा, राकेश सोनी, अजय तिवारी, रूपेश कुमार, आलोक माथुर, गिरधारी गर्ग, अमित आनंद, नवीन पांडे, सुधांशु शेखर, भूपेंद्र सिंह होरा, संजय गुप्ता, सुनील गुप्ता एवं अनवर आदि शामिल थे। चेंबर प्रतिनिधियों ने एसपी के समक्ष अपनी बातों को रखा। इस बाबत कृष्ण अग्रवाल ने बताया कि चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने बैठक कर 10 मांगे रखी। जिसमें यातायात नियंत्रिण के लिए शहर में लगे सिग्नल लाइट को चालू करने, भारी यातायात वाली जगहों पर जेबरा क्रासिंग की व्यवस्था करने, भारी वाहनों के शहर में प्रवेश को लेकर बनाये गये सख्त नियम का पालन करने, फल सब्जी की सभी गाड़ियां हर बड़े शहरों की तर्ज पर बाजार समिति में लगवाने, वाहन जांच के क्रम में किसी भी कागजात की कमी होने पर फाइन लेकर गाड़ी को छोड़ देने और शहर के चर्चित पब्लिक प्लेस गांधी उद्यान, कोयल रिवरफ्रंट में महिलाओं-बच्चों की भीड़ को देखते हुए शाम पांच बजे से रात 10 बजे तक विशेष पुलिस बल की व्यवस्था करना आदि शामिल है।

# जपला आरपीएफ ने स्टेशन परिसर में चलाया जन जागरूकता अभियान



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पूर्व-मध्य रेलवे के जपला रेलवे स्टेशन परिसर में यात्रियों के बीच यात्री सुरक्षा को लेकर आरपीएफ की ओर से मंगलवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसकी अगुवाई आरपीएफ के उप निरीक्षक जय प्रकाश प्रसाद एवं कार्तिक बिंझा ने की। इस दौरान जपला रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट के अधिकारी एवं कर्मियों की ओर से प्लेटफार्म संख्या एक और दो के यात्रियों के बीच जागरूकता अभियान के माध्यम से यात्रा के दौरान ट्रेन प्लेटफार्म पर रुकने पर ही प्लेटफार्म साइड में उतरने एवं चढ़ने की नसीहत दी गयी। महिला, दिव्यांग एवं आरक्षित कोच में अनाधिकृत रूप से यात्रा ना करने, किसी भी प्रकार का ज्वलनशील पदार्थ लेकर ट्रेन में यात्रा ना करने, बिना किसी उचित कारण के एसीपी ना करने, यात्रा के दौरान ट्रेन की छत, पायदान एवं दरवाजे पर खड़े होकर यात्रा ना करने, यात्रियों को यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या होने पर रेलवे हेल्पलाइन नंबर-139 पर संपर्क करने की अपील की गयी। साथ ही जहरखुरानी के संबंध में यात्रा के दौरान किसी भी अजनबी से मेल जोल ना बढ़ाने और ना ही अनजान व्यक्ति से खाने-पीने का सामान नहीं लेने, चलती ट्रेन पर पत्थरबाजी ना करने एवं ट्रैक पर खड़े होकर सेल्फी ना लेने, रेल परिक्षेत्र में गंदगी ना फैलाने, ट्रेन में चढ़ते एवं उतरते समय अपने पर्स, मोबाइल एवं अन्य कीमती सामानों को सुरक्षित रखने आदि से अवगत कराया गया।

# विशेष जांच अभियान में पकड़े गये 33 यात्री, जुर्माना देकर हुए रिहा



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** धनबाद रेल खंड के गढ़वा रोड में कैपिंग कोर्ट के दौरान रेलवे दंडाधिकारी प्रज्ञेश निगम की उपस्थिति में आरपीएफ के निरीक्षक प्रभारी उमाकांत के नेतृत्व में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान रेलवे के विभिन्न धाराओं में 33 यात्रियों को गिरफ्तार कर रेलवे दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया गया। जिनसे बाद में अर्थदंड लेकर रिहा कर दिया गया। निरीक्षक प्रभारी उमाकांत ने बताया कि विशेष जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज परिसर में खुला छात्र संसाधन केंद्र



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** सरकार एवं विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार रेहला स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज परिसर में मंगलवार को छात्र संसाधन केंद्र (सीएससी) खोला गया। जिसका उद्घाटन सेवानिवृत डीएसओ सह कॉलेज के सचिव डॉ शशिनाथ चौबे और प्राचार्य कृष्ण कुमार चौबे ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर डॉ शशिनाथ चौबे ने कहा कि छात्र-छात्राओं के लिये हर जरूरी सुविधा महाविद्यालय परिसर में ही उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी कड़ी में आज यह केंद्र खोला गया है। अब छात्र-छात्राओं को किसी तरह के ऑन -लाइन कार्य के लिये अन्यत्र जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वहीं, प्राचार्य केके चौबे ने कहा कि महाविद्यालय को सुविधा संपन्न बनाने का हर प्रयास किया जा रहा है। छात्र-छात्राओं को सभी संसाधन कॉलेज परिसर से ही उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इस मौके पर केंद्र संचालीका पूर्णिमा कुमारी, सहायक प्राचार्य शशि रंजन सिंह, प्रो संतोष शुक्ला, अमित कुमार, देव प्रकाश पांडेय, सुनील यादव, दिलीप चौबे, गुंजन पासवान, सुधीर यादव आदि मौजूद थे।

# पलामू : युवती ने आग लगाकर की खुदकुशी

**पलामू (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय के दो नंबर टाउन स्थित टीवीएस शोरूम रोड क्षेत्र में रहने वाली 19 वर्षीय युवती ने अपने घर में आग लगाकर खुदकुशी कर ली। उसकी पहचान लक्ष्मी रानी के रूप में हुई है। उसके पिता रोशन कुमार शर्मा की पहले ही मौत हो चुकी है। जानकारी के अनुसार, सोमवार की शाम करीब 5.30 बजे लक्ष्मी रानी ने घर के शौचालय में जाकर अपने ऊपर किरोसीन तेल डालकर आग लगा लिया, जिससे वह बुरी तरह झुलसने से मौत हो गयी। इसकी सूचना मिलते ही शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शौचालय के बंद दरवाजे को तोड़कर शव को बाहर निकाला। शहर थाना प्रभारी ने बताया की लड़की का मोबाइल फोन जब्त किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## केसीसी ऋण माफी को लेकर हुसैनाबाद-हरिहरगंज प्रखंड में शिविर का आयोजन

# नये केसीसी के लिए मिले 57 आवेदन, 75 आवेदन पत्रों का वितरण





**हुसैनाबाद/हरिहरगंज (आजाद सिपाही)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर में नया केसीसी, केसीसी ऋण माफी और बीज वितरण को लेकर ब्लॉकचेन में रजिस्ट्रेशन के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सीओ पंकज कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी यशवंत सिंह, प्रखंड प्रमुख मंडल अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा, बीटीएम जयगोविंद यादव, पीएनबी और वनांचल ग्रामीण बैंक के प्रतिनिधि, पैक्स अध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव, किसान मित्र सुनील कुमार पाठक, सुदामा यादव, सुनील कुमार सिंह, ऑपरेटर अभिषेक कुमार, एग्री क्लिनिक सहायक चौबे, अंचल निरीक्षक संतोष कुमार, हल्का कर्मचारी, आशीष रंजन, प्रशांत कुमार सागर, अहसान अली आदि उपस्थित रहे। इस दौरान नया केसीसी के लिए 32 आवेदन जमा किया गया और पांच किसानों को ऋण माफी का केवाईसी किया गया। इसके इलावा 15 किसानों को रजिस्ट्रेशन कराया गया। वहीं, सीओ ने बताया कि यह शिविर पुनः 13, 20 और 27 मई को आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो बचे हुए किसान है वे अगले शिविर में आकर योजना का लाभ उठा सकते हैं। वहीं, नए केसीसी ऋण, ऋण माफी एवं किसान पंजीयन को लेकर मंगलवार को हरिहरगंज प्रखंड कार्यालय परिसर में भी प्रखंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न पंचायतों के किसान शामिल हुए। नए केसीसी ऋण, ऋण माफी एवं किसान पंजीयन से सबंधित किसानों ने आवेदन पत्र लिया। इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर प्रत्येक मंगलवार को प्रखंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया जाना है। इस दिन 75 आवेदन पत्रों का वितरण किया गया। वहीं नए केसीसी ऋण, ऋण माफी और किसान पंजीयन से सबंधित किसानों ने 25 आवेदन जामा किये हैं। उन्होंने कहा कि शिविर में किसानों को फसल ऋण, ऋण माफी और किसान पंजीकरण से संबंधित अन्य जानकारी भी दी गई है, ताकि किसान इसका लाभ ले सकें।

# समृद्धि की पाठशाला में बच्चों को शिक्षित करने के लिए डिग्री की जरूरत नहीं : मिशन समृद्धि



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** मिशन समृद्धि संस्था की ओर से चलाया जा रही समृद्धि की पाठशाला (कचरवा) (जनकपुरी) जहां पढ़ाने के लिए संस्कार, ज्ञान और धैर्य की आवश्यकता है। संस्था की अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने कहा कि हमलोग निःशुल्क और निःस्वार्थ सेवा करते हैं। यदि हम धैर्य नहीं रखें तो परिश्रम नहीं कर पाएंगे। लेकिन अब परिस्थिति बदली है। आठ-नौ वर्षों से सफल प्रयास परिश्रम अब सफल होते दिख रहा है। बच्चों के साथ ही उनकी माताओं को भी शिक्षा का महत्व बताया जाता रहा है। यही कारण है कि अब उनका सहयोग मिलने लगा है। बच्चे भी पढ़ाई में मन लगाने लगे हैं। उनसे फिलहाल बहुत आशा नहीं की जा सकती, लेकिन निराशा भी नहीं होनी चाहिये। हमारा लक्ष्य समाज राष्ट्र को एक बेहतर नागरिक सौंपना है। धैर्य जीतेगा, बच्चे भी अच्छे नागरिक जरूर बनेंगे। इस कार्य में अहिल्या गिरि, बैजंती गुप्ता, वीणा राज, रंजीता ममता आदि का योगदान सराहनीय है।

# संविधान बचाओ महारैली में हजारों की संख्या में शामिल हुए गुमला के कांग्रेसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रांची के पुराना विधानसभा के समीप धुर्वा में अयोजित संविधान बचाओ महारैली में जिला अध्यक्ष चैतू उरांव के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओ का हुजूम शामिल हुआ। चैतू उरांव ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, राष्ट्रीय महासचिव संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल, झारखंड प्रदेश के राजू पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल झारखंड प्रदेश सह प्रभारी डॉक्टर वेला प्रसाद सहित कई प्रमुख लोगों के विचार सुन कर आगे की रणनीति बनायी जायेगी। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के कांग्रेसी नेता एवं झारखंड के लाखो कार्यकर्ताओ



की उपस्थिति ये बता रही थी कि हर एक भारतीय नागरिक बाबा साहेब आंबेडकर के संविधन में विश्वास रखता है और उसे बचाना चाहता है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जननायक राहुल गांधी ने कहा था कि मैं जातीय जनगणना करा कर रहूंगा और आज उनका सपना साकार हुआ। केंद्र सरकार को आखिरकार झुकना ही पड़ा। देश की जनता की जीत हुई। भाजपा में जितने भी नेता थे या है किसी ने देश के लिए कुबार्नी नहीं दी। ये लोग बाबा साहब के संविधान को हमेशा कुचलने का काम कर रहे हैं। उनके नेता दलित आदिवासी अल्पसंख्यकों को पैरों तले रौंद रहे हैं। प्रतिदिन संविधान का उल्लंघन किया जा रहा है झारखंड प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि केंद्र अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आगमन से झारखंड के कार्यकर्ता में जोश और उमंग देखने को मिला संगठन सृजन के तहत कार्यकर्ता उमंग के साथ पंचायत से लेकर बूथ तक कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने का कार्य करेंगे। मौके पर उपस्थित प्रदेश सचिव रोशन बरवा जिला महासचिव फिरोज आलम, रामनिवास प्रसाद, लोहरदगा लोकसभा सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा सिमडेगा विधायक प्रतिनिधि मनीष हिंदुस्तान जिला सचिव तरूण, अजीत गुड़िया, जहांगीर अंसारी, सेवादल जिला अध्यक्ष कलाम आलम, कामगार जिला अध्यक्ष मुख्तार आलम, युवा अध्यक्ष आजाद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष साबिर फरास, गुमला प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर जारी प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुजूर रायडीह प्रखंड अध्यक्ष इस्माइल कुजूर डुमरी प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष निरंजन वाडा, घाघरा प्रखंड अध्यक्ष अरुण पांडे, बिशनपुर प्रखंड अध्यक्ष राजीव महतो, सिसई प्रखंड अध्यक्ष बैबूल अंसारी, भरनो प्रखंड अध्यक्ष आशीष नाथ शाहदेव, बसिया प्रखंड अध्यक्ष विकास साहू कामडारा प्रखंड अध्यक्ष अजीत केरकेटटा अमर कुजूर, मुख्तार आलम अगूस्टिन कुजूर, अल्बर्ट कुजूर, नसीम ताज, जिला के भारी संख्या में पंचायत अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष उपस्थित थे।

# चमरा लिंडा ने सिरसी ता नाला विकास कार्यों का किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी।** झारखंड सरकार के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा गुमला जिले के डुमरी प्रखंड में स्थित सिरसी ता नाला क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर निरीक्षण करने गुमला पहुंचे। अपने दौरे में मंत्री ने संबंधित विकास स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया और क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर स्थानीय प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक की।

इस अवसर पर उन्होंने चैनपुर के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ), अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) तथा थाना प्रभारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से विस्तारपूर्वक चर्चा कर विकास कार्यों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया। मंत्री श्री लिंडा ने स्थानीय ग्रामीणों से भी संवाद स्थापित किया और क्षेत्र में प्रस्तावित विकास योजनाओं के लिए आवश्यक भूमि संबंधी मामलों पर चर्चा की। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि किसी भी ग्रामीण को इन कार्यों से कोई आपत्ति न हो और उनका पूर्ण सहयोग प्राप्त हो। ग्रामीणों ने भी सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। मंत्री ने विश्वास जताया कि सिरा सीता सी नाला क्षेत्र की यह विकास परियोजना गुमला जिले की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगी।

# वज्रपात की चपेट में आने से युवती की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** बिशनपुर थाना क्षेत्र के देवरा गानी निवासी 23 वर्षीय युवती बेनामी कुमारी की वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गयी। मंगलवार दिन के 2 बजे सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी देते हुए पिता एतवा मुंडा ने बताया सोमवार की शाम बेटी घर से बारी जा रही थी बारी में प्याज टमाटर ओर अन्य सब्जी लगाया गया है। उसके साथ नाती विवेक मुंडा भी था तभी बारिश होने लगी। दोनों रास्ते में धर्मा उरांव के खाली घर में बच रहे थे तभी अचानक वज्रपात हुआ और दोनों वज्रपात की चपेट में आ गये और दोनों जमीन पर गिर गये। विवेक मौसी से कुछ दूर पर खड़ा था। बिजली के झटका से वह भी



जमीन पर गिर गया बेहोश हो गया। कुछ देर के बाद विवेक को होश आया मौसी को जमीन पर पड़ा देखा तब दौड़ते हुए घर पहुंचा और घटना की जानकारी लोगों को दी। सभी लोग दौड़े दौड़े आये और बेनामी को उठाकर घर ले गये। लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। घटना में उसका पैर जलकर काला हो गया था। वही शरीर के कई हिस्से भी झुलस गये थे। घटना की सूचना पर बिशुनपुर थाना की पुलिस गांव पहुंची और शव का पंचनामा किया।

# डंपिंग यार्ड का लाइसेंस लेकर नदी से बालू चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के डुको शिकवार गांव में डंपिंग यार्ड के आड़ में चल रहा है अवैध बालू का कारोबार, सरकार को करोड़ों रुपया का राजस्व का नुकसान पहुंचाया जा रहा। लक्ष्मी नारायण जायसवाल सिसई निवासी के द्वारा डंपिंग यार्ड का लाइसेंस लेकर कोयल नदी से बालू चोरी करके रांची के बाजारों में खुलेआम बालू बेचने का काम कर रहा और करोड़ों रुपया का अवैध मुनाफा कमा रहा है, जिसके कारण सरकार को करोड़ों रुपया का राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। लक्ष्मी जयसवाल के द्वारा चेगरी कोयल नदी से पूरे रात ट्रैक्टर लगाकर बालू का चोरी किया जाता है और डंपिंग यार्ड में स्टॉक कर लिया जाता है। अवैध बालू के स्टॉक को वैध को बनाने के लिए जेएसएमडीसी से चालान लेकर उसी के आधार पर अपना डंपिंग यार्ड का चालान जेनरेट करके रांची के बाजारों में



बालू भेजवाया जाता है, इतना ही नहीं एक चालान पर पूरे दिन से लेकर रात होने तक एक हाईवा तीन से चार ट्रिप बालू चोरी करके ले जाता है। माफियाओं का मन इतना बड़ा हुआ है कि प्रशासन का तनिक भी खौफ नहीं है। रात के अंधेरे से लेकर दिन के उजाले तक बेखौफ बालू की तस्करी की जाती है। सवाल यह है कि यह माफिया अवैध बालू का तस्करी लगातार कई महीनो से कर रहा है लेकिन जिला खनन अधिकारी या संबंधित कई अधिकारी चुपी साधे बैठे हैं। जो प्रशासन की मिलीभगत होने को

## कभी-कभी कोयल से कुछ लोग ले आते है हम बोलते नहीं है उठाने : लक्ष्मी जायसवाल

इधर डंपिंग स्टॉक यार्ड के संचालक लक्ष्मी नारायण जायसवाल से उनका पक्ष पूछा क्या कि आपके उपर आरोप है चेगरी कोयल नदी से बालू उठाव करके अवैध तरीके से कारोबार करने का तो उन्होंने कहा कि कभी-कभी कुछ लोग उठ कर ले लाता है नदी से, लाने तो नहीं बोलते हैं लेकिन ट्रैक्टर वाला लोग निकाल कर ले लाता है। लेकिन थोड़ा इसको देख लीजिए मैनेज कीजियेगा।

दर्शाता है।

**ग्रामीणों के विरोध के बाद भी नहीं रुकता तस्करी :** अवैध बालु का चोरी कोयल नदी से किया जाता है जिसका विरोध ग्रामीण करते हैं ग्रामीणों का कहना है कि हम लोगों का विरोध के बावजूद भी बालू माफिया इस काम को और तेजी से कर रहा है, बालू माफिया लक्ष्मी नारायण गांव में बोलता है कि ऊपर से नीचे तक प्रशासन को हम मैनेज किए हैं। हमें कोई दिक्कत नहीं है तुम लोग को जो बोलना है बोलो,बालू की चोरी होते रहेगी। ग्रामीणों का आरोप है कि जब इस इलाके में बालू घाट का संचालन नहीं होता है तो फिर बालू का उठाव कैसे एक माफिया कर सकता है निश्चित रूप से प्रशासन की मिली भगत है।

**जेसीबी ऑपरेटर ने बताया चेगरी कोयल से होता है बालू का उठाव :** डंपिंग स्टॉक यार्ड में लक्ष्मी नारायण जायसवाल का जेसीबी चलाने वाला ऑपरेटर पिंटू ने स्वीकार किया कि बालू का अवैध उठाव चेगरी कोयल नदी से किया जाता है। और इस बालू को जेसीबी से हाईवा में लाद कर रांची भेजने का काम किया जाता है।

# प्रज्ञा केंद्र संचालक पर पैसे निकासी का लगाया आरोप, जांच की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी।** मुख्यालय स्थित प्रज्ञा केंद्र से अवैध राशि निकासी का मामला प्रकाश में आया है। इसके पूर्व भी इस दुकान के संचालक द्वारा पीड़ितों का अवैध राशि निकासी का मामला आ चुका है। दो चार दिन पूर्व में ही अकासी निवासी सबिता टोप्पो के खाते से 19,585 रुपया निकासी का मामला आया था। पीड़िता ने गुमला थाना में आवेदन देकर कारवाई करने की मांग की गयी थी। थाना द्वारा दोनों पक्षों को समझौता करा कर पीड़िता को पैसा वापस कराया गया उसके एक दो दिन बाद ही उसी अकासी ग्राम का मामला आया है। अकासी ग्राम निवासी पीड़िता स्वानी मिंज है जो इस मामले को लेकर डुमरी थाना में आवेदन दिया गया है। जिसमें कहा गया है कि 6 मई को डीके इलेक्ट्रॉनिक पैसा निकासी



करने के लिए गयी थी जिसका संचालक धीरज केशरी है। वहां ठेपा लगवाया और पैसा नहीं होने की बात कही उसके बाद मैने दूसरा प्रज्ञा केंद्र जाकर खाता की जांच करायी तो पता चला कि मेरे खाते से 7500 रुपये की आज के तिथि में पैसा की निकासी दिख रहा है और खाता में पैसा नहीं है। उम्मीद है कि उसी ने मेरे खाते से अवैध निकासी कर ली है। थाना में आवेदन देकर कारवाई करने की मांग की गयी है।

# विद्यालय की आवश्यकताएं पूरी करने के लिए बीडीओ को लिखा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** झारखंड आवासीय विद्यालय चैनपुर ने प्रखंड विकास पदाधिकारी चैनपुर को पत्र लिखकर विद्यालय की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने का अनुरोध किया है। पत्र में विद्यालय ने बताया है कि उन्हें एक और हैंडपंप या बोर की आवश्यकता है, क्योंकि वर्तमान में केवल एक ही हैंडपंप है जो कभी-कभी खराब हो जाता है। इसके अलावा विद्यालय की चारदीवारी में कंटीले तार लगाने, विद्यालय से मुख्य सड़क तक पक्की सड़क बनाने, गार्ड शेड बनाने, शुद्ध पानी पीने के लिए आरो खरीदने के लिए फंड उपलब्ध कराने और किचन में दरवाजा बनाने की आवश्यकता है। विद्यालय ने यह भी बताया है कि होस्टेल आने-जाने हेतु एक



दरवाजा की आवश्यकता है, जो नहीं है। विद्यालय ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से नम्र निवेदन किया है कि इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें। पत्र की प्रति उपायुक्त, गुमला, अनुमंडल पदाधिकारी चैनपुर और जिला परिषद् सदस्या को भी भेजी गयी है। जिसपर जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने विद्यालय का निरीक्षण कर विद्यालय की मुख्य समस्याओ का जिक्र करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा को अवगत करते हुए जल्द ही इसके निराकरण की मांग की हैं, साथ ही कहा कि विद्यालय की आवश्यकताओं को पूरा करने से छात्रों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी और उनकी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा।

# पंचायत सहायकों ने बीडीओ से की शिष्टाचार मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर प्रखंड गुमला के सभी सक्रिय पंचायत सहायकों ने अपना पहला मानदेय भुगतान की खुशी में मंगलवार को सदर प्रखंड के बीडीओ अशोक चोपड़ा के साथ शिष्टाचार मुलाकात की। साथ ही अंगवस्त्र और गुलदस्ता देकर प्रखंड अध्यक्ष गौरीशंकर सिंह के नेतृत्व में मुलाकात करते हुए सदर प्रखंड के 25 पंचायत के सभी पंचायत भवन में प्रत्येक कार्य दिवस के दिन ग्राम पंचायत के आम नागरिक के लिए कार्य दिवस के प्रत्येक दिन प्रात 10 बजे से लेकर 5 बजे तक खुला रखने हेतु सभी पंचायत सचिव को बीडीओ के द्वारा आदेश दिया गया। साथ ही पंचायत के कार्यों की जिम्मेवारी भी सौंपने की बात कही। मौके पर गौरी शंकर सिंह, मेराज आलम, रसीद अली, दिलीप साहू,सुरेश कुमार मिस्त्री, आरती देवी, नीतू कुमारी, रीना बाखला, कांति कुमारी, अशोक साहू, अमन कुमार सिंह, घनशुराम साहू, विनोद उरांव, सहित कई पंचायत सहायक कर्मी मौजूद थे।

# नप की लापरवाही, छठ तलाब में डूबने से नाबालिग छात्र की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गमला।** गुमला शहर के गौस नगर निवासी नुसरत खातून का 8 वर्षीय पुत्र अल्तमस राय की मौत शहर के सिसई रोड स्थित छठ तालाब में डूबने से हो गयी।

घटना मंगलवार की दोपहर 11:30 बजे की है। मासूम की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया। मां नुसरत खातून ने बताया मदरसा में पढ़ाई कर घर लौट के बाद 10 रुपये देकर कुछ खरीद लेने व घर पर रहने की नसीहत दी थी साथ ही तालाब की ओर जाने से मना किया था क्योंकि पूर्व में भी तालाब में डूब कर एक मासूम की मौत हो गयी थी। लेकिन बच्चा तालाब की ओर चला गया। देर तक नहीं लौटने पर घर के लोग उसे ढूंढने तालाब की ओर गये तो देखा कि नहा रहे कुछ बच्चे उसके शव को पानी से निकल रहे हैं। इसके बाद जीवित होने की आस को लेकर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन शव को घर लेकर आए लेकिन पुनः अस्पताल ले गए और शव का पोस्टमार्टम कराया।

मासूम की मौत के बाद परिजनों ने घटना के लिए नगर परिषद को जिम्मेदार ठहराया है। लोगों को कहना था कि तालाब में पूर्व में भी हादसा हो चुका है। नगर परिषद से मांग किया गया था कि तालाब का चाहरदिवारी जो टूटा हुआ है उसे बंद किया जाए। आश्वासन के बाद भी उसे बंद नहीं किया गया था।

इधर मासूम की मौत को लेकर अधिवक्ता सह जिला कांग्रेस समिति विधि विभाग के जिला अध्यक्ष खुर्शीद आलम ने नगर परिषद कार्यालय में तालाबंदी की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्वी गौस नगर के मोहम्मद वाहिद के पुत्र की मृत्यु तालाब में डूबकर हो गयी थी। तालाब के पीछे बाउंड्री को बंद करने का आश्वासन नगर परिषद ने दिया था लेकिन बंद नहीं किया गया। अगर नगर परिषद गंभीरता से इसका समाधान करती तो आज यह घटना नहीं होती। यदि अविलंब तालाब के उत्तर तरफ तोड़ा गया बाउंड्री को सील नहीं किया गया और तालाब के गेट में सुरक्षा कर्मी की व्यवस्था नहीं की गई तो नगर परिषद के कार्यालय का तालाबंदी किया जायेगा।

## स्पोर्ट्स



झारखंड बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में गतका टीम सेमीफाइनल में पहुंची। झारखंड के सीडीएम तुषार राय की मौजूदगी में झारखंड गतका की टीम बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में शानदार प्रदर्शन किया

# बिजली चोरी के आरोप में आठ पर नामजद प्राथमिकी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड रांची के प्रबंध निदेशक के निर्देश पर बिजली विभाग के द्वारा दर्जनों स्थानो में छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान विभाग द्वारा सहायक विद्युत अभियंता हरि उरांव के नेतृत्व में गठित छापामारी दल ने सदर प्रखंड के डूमरडीह स्थित नेवा टोली और पुग्गु में आठ लोगों को बाइपास और एलटी से टोंका लगाकर बिजली चोरी करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। साथ ही सभी पर जुर्माना भी लगाया गया है। जिन लोगो पर प्राथमिकी व जुमार्ना लगाया गया है उनमें पुग्गु के राहुल उरांव जुर्माना की राशि 11 हजार 360 रुपये, मो शरीफ जुर्माना की राशि 11 हजार 650 रुपये, प्रकाश साहू 9709 रुपये, बंदी तिर्की 9709 रुपये, रोडोल तिर्की 9709 रुपये, राजन बिपिन किंडो 9709 रुपये, मोरिष मिंज 11 हजार 360 रुपये शामिल है।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स : झारखंड को साइक्लिंग में दो स्वर्ण पदक

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** खेल मंत्रालय एवं युवा मामले, भारत सरकार द्वारा 4 मई से 14 मई तक आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में दूसरे दिन नयी दिल्ली में आयोजित साइक्लिंग टीम ने दो स्वर्ण पदक जीता।

## साइक्लिंग

ट्रेड साइकिल स्पर्धा में बालक वर्ग स्प्रिंट स्पर्धा में अर्जुन कुमार, विकाश कुमार, निखिल लोहरा, पृथ्वी राज सिंह की चौकड़ी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

वहीं टीम स्पर्धा बालिका वर्ग में संजू कुमारी, सिन्धु लता, सबीना कुमारी की चौकड़ी ने भी




स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

## गतका

गया में चल रहे गतका प्रतियोगिता में झारखंड के सीडीएम तुषार राय की मौजूदगी में झारखंड गतका की टीम बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बालिका जेबा नाज, साक्षी श्रीवास्तव एवं काजल कुमारी क्वार्टर फाइनल में पंजाब को एवं बालक तरुण कुमार, वेदांत भारद्वाज एवं रणवीर ठाकुर ने मध्य प्रदेश को हराकर अपनी जगह सेमीफाइनल में बनायी।

इस उपलब्धि पर खेल सचिव मनोज कुमार, सांसद विजय हांसदा, खेल निदेशक संदीप कुमार, उपनिदेशक राजेश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी चतरा सह चीफ डी मिशन तुषार राय, साझा के मणिकांत , देवेंद्र सिंह, शैलेन्द्र कुमार पाठक, रणवीर सिंह,चंद्र बहादुर सिंह, राजकुमार मेहता, सतविंदर कौर समेत खेल विभाग के अधिकारियों ने खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को बधाई दी।

# आइपीएल : पंजाब के साथ मुकाबले के लिए धर्मशाला पंहुची दिल्ली की टीम

**धर्मशाला (आजाद सिपाही)।** धर्मशाला के एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में आठ मई को होने वाले दूसरे आइपीएल मुकाबले के लिए मेहमान दिल्ली कैपिटल्स की टीम मंगलवार दोपहर बाद धर्मशाला पहुंची। मेजबान पंजाब किंग्स से टक्कर लेने के लिए अक्षर पटेल की सेना केएल राहुल और अन्य खिलाड़ियों के साथ दिन में करीब दो बजकर 40 मिनट पर गगल एयरपोर्ट पर पंहुचे। एयरपोर्ट से टीम के खिलाड़ियों को विशेष बसों द्वारा सीधा धर्मशाला के कंडी स्थित होटल रेडिसन ब्लू ले जाया गया। एयरपोर्ट और होटल पंहुचने पर दिल्ली की टीम का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। गौर हो कि दिल्ली कैपिटल्स आठ मई को धर्मशाला में मेजबान पंजाब किंग्स के साथ अपना मैच खेलेगी। यह मैच आठ मई को शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

पंजाब की टीम धर्मशाला में बीते चार मई को खेले गए मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को हरा कर पॉइंट टेबल में दूसरे स्थान पर पंहुच गयी है। दिल्ली की टीम का बीते दिन हैदराबाद के साथ मुकाबला ड्रा रहा जिसके चलते वह अभी भी पांचवें स्थान पर बनी हुई है। वहीं, दूसरी ओर मेजबान पंजाब किंग्स लखनऊ को हराने के बाद अपने होम ग्रांउड धर्मशाला में उत्साह से लबरेज है।

# होटल सेलिब्रेशन इन में पंजाब पुलिस की उपस्थिति रहा चर्चा का विषय

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला बाइपास रोड स्थित होटल सेलिब्रेशन इन में मंगलवार को पंजाब पुलिस और गुमला पुलिस की उपस्थिति एक बार फिर से चर्चा का विषय बना रहा। ज्ञात हो कि नशीले पदार्थ के कारोबार मामले में पिछले पांच जुलाई 2024 को होटल सेलिब्रेशन इन के मालिक कमल सिंह को पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार किया था। मंगलवार को पंजाब पुलिस के अधिकारियों को देखकर फिर से छापामारी की चर्चा होने लगी। इस संबंध में एसपी शंभु कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार होटल मालिक कमल सिंह को पंजाब पुलिस पैरोल में लेकर आया है। शायद उसके घर में कोई शादी समारोह है। जिसमें शामिल होने के लिए पैरोल में लाया गया गया है।

## बबसू बनर्जी बने बाघमारा के विधायक प्रतिनिधि



**कतरास (आजाद सिपाही)।** बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने मंगलवार को अपने करीबी सहयोगी कतरास के रानी बाजार निवासी समाजसेवी बबलू बनर्जी को बाघमारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत धनबाद नगर निगम के वार्ड एक से 5 तक का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है। उन्हें पांचों वार्ड के विकास में तेजी लाने का जिम्मा सौंपा है। उधर, बबलू बनर्जी को विधायक प्रतिनिधि बनायें जाने पर पार्टी के लोगों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी। इस दौरान नव नियुक्त विधायक प्रतिनिधि ने पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाया कि वह अपने क्षेत्र की विकास संबंधी कार्यों एवं समस्याओं का निष्पादन सुगम तरीके से करेंगे ।उन्हें उचित प्रारूप देने का प्रयास करेंगे। मौके पर कतरास भाजपा के दर्जनों लोग मौजूद थे

# युद्ध जैसी स्थिति से निपटने को लेकर बोकारो और गोमिया में होगी मॉक ड्रिल

## बजेगा सायरन, होगा राहत कार्य, अग्निशमन-ब्लैकआउट जैसी स्थिति भी होगी उत्पन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**कसमार/बेरमो।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 27 लोगों की हत्या किये जाने के बाद से भारत-पाकिस्तान में युद्ध जैसे हालात उत्पन्न हो गये हैं। भारत सरकार ने पाकिस्तन से अपने सभी तरह के रिश्ते फिलहाल खत्म कर दिये हैं। युद्ध जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए केंद्र सरकार के निर्देश पर बुधवार को देशभर के 244 चिन्हित जिलों में मॉक ड्रिल आयोजित होने जा रहा है। इसी क्रम में बोकारो जिले में भी मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। जिला जनसंपर्क विभाग के सूचना भवन से प्राप्त जानकारी के अनुसार बोकारो स्टील प्लांट क्षेत्र एवं गोमिया के आईईएल प्लांट क्षेत्र में मॉक ड्रिल होना है। इसका मकसद यह जांचना है कि युद्ध के दौरान मिसाइल हमले या हवाई हमलों के दौरान आम जनता अपनी की सुरक्षा को लेकर कितना जल्दी सक्रिय हो सकती है। मॉक ड्रिल में युद्ध के वास्तविक हालात जैसे दृश्य बनाया जाएगा। मसलन हवाई हमले के सायरन बजेंगे, शहरों की बिजली बंद की जाएंगी। आम लोग शरण लेने का अभ्यास करेंगे और आपातकालीन सेवाएं तुरंत हरकत में आएंगी। इस मॉक ड्रिल का मकसद अफरा-तफरी से बचाव, घबराहट को कम करना और जानें बचाना है। डीसी ने लोगों से अपील की है कि यह वास्तविक आपदा नहीं हैं, कृप्या घबराएं नहीं। अपराह्न चार बजे से सात बजे तक जहां हैं वहीं सुरक्षित रहें। कार्य स्थान या घर पर जिला प्रशासन का सहयोग करें। उक्त मॉक ड्रिल में स्थानीय प्रशासन, सिविल डिफेंस वार्डन, होम गार्ड्स, नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी), नेशनल सर्विस स्कीम (एनएसएस), नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनयाईकेएस) और स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे। इसको लेकर प्रशिक्षण कार्य किया जा रहा है।

# संविधान बचेगा तभी देश बचेगा: अनुपमा



**अनुपमा सिंह के नेतृत्व में गाड़ियों का काफिला पहुंचा रांची, उत्साहित दिखे कार्यकर्ता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** रांची में मंगलवार को आयोजित कांग्रेस के संविधान बचाओ रैली में शामिल होने अनुपमा सिंह के निर्देश पर धनबाद जिले से सैकड़ों गाड़ियों का काफिला पहुंचा था। इस अवसर अनुपमा सिंह ने कहा कि संविधान बचाओ रैली का उद्देश्य संविधान को बचाने के साथ ही सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और न्याय का संदेश घर-घर तक पहुंचना है एवं जनता को जागरूक करना है। कहा कि संविधान खतरे में है। कांग्रेस संविधान की रक्षा और नागरिकों के अधिकारों के लड़ाई में पूरी मजबूती से खड़ी है। कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं को बेरोजगारी, किसानों को नुकसान और महिलाओं, दलित आदिवासियों को अपमान ही दिया है। इसलिए जरूरत है संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होने है। क्योंकि जब संविधान बचेगा तभी गरीब, मजदूर, किसान और हर नागरिक का अधिकार बचेगा। रैली में शामिल होने वालों में सतपाल सिंह ब्रोका, जय प्रकाश चौहान, अन्नू पासवान, अच्क्षेयवर प्रसाद, मनुव्वर, विक्की कुमार, मंटू राय, संजय रजक, बिरजू बाऊरी, टिंकू कुमार, राजू बाऊरी, राहुल राय, दीपक रजवार, टीपू धनबादी, गोलडी सिंह, बबलू वसीम खान नमिता दास, तारा देवी, मजू दास, मीरा दास, देवंती देवी, सुनीता देवी, सारथी देवी, बसंती विश्वास और छाया देवी आदि शामिल थे।

## डालसा की मदद से दिव्यांग जनों को मिली ट्राइसाइकिल



**झरिया (आजाद सिपाही)।** झालसा के तत्वधान में आयोजित डोर टू डोर कैंपेन के तहत मंगलवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर टीम ने चार जरूरतमंद दिव्यांगों को ट्राईसाईकिल दिया। इसकी जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि जिले में डालसा की टिम की ओर से घर-घर कैंपेन चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को अधिकार मित्र डिपेंटी कुमारी गुप्ता, हेमराज चौहान द्वारा घर-घर कैंपेन के दौरान झरिया में चार दिव्यांगों को चिन्हित किया गया था। दिव्यांग पेंशन बाल विकास परियोजना पदाधिकारी झरिया अलका रानी, पर्यवेक्षिका शाशी प्रिया, राधा देवी, ऊषा कुमारी, शशि, पूनम लकड़ा, राजेश कुमार और डालसा सहायक राजेश कुमार सिंह की ओर से इनमें से तीन दिव्यांग को ट्राईसाईकिल एवं आंखों से सत प्रतिशत दिव्यांग को दिव्यांग प्रमाण पत्र, ब्लाइंड किट, वितरण किया गया।

## राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होंगे धनबाद जिले के तीन खिलाड़ी



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से 9 से 12 मई को महाराष्ट्र के देवली स्थित रामदास जी विदर्भ केसरी स्टेडियम में आयोजित जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप के लिए धनबाद के तीन खिलाड़ी सृष्टि सिंह, मुस्कान गुप्ता, विवेक कुमार का झारखंड टीम में चयन हुआ है। जो झारखण्ड का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह चयन 10वीं राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता खूंटी में किया गया। इसी क्रम मे मिंटू ठाकुर जिला सचिव धनबाद ने कहा कि विगत दो वर्षो से कमेटी गठन के बाद अब तक कुल पांच खिलाड़ी नेशनल खेल चुके हैं। वर्तमान में जिला संघ कमेटी के पदाधिकारियों एवं ऑफिसियल कोच एनएसआई, बीपीइडी अनुभवी और प्रोफेशनल लोगों को कमेटी में जगह देकर जिला उत्थान में लगे हुए है। वहीं, जिला मुख्य कोच पप्पू कुमार उर्फ एसपी यादव धनबाद के कबड्डी खिलाड़ियों को एसपी क्लब में प्रशिक्षण दे रहे है जो धनबाद के प्रतिष्ठित विद्यालय जेके सिंह मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल ऑफ लर्निंग में खेल शिक्षक में कार्यरत है। वहीं, जिला कबड्डी एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक टुंडी विधायक मथुरा महतो, राजीव रंजन महतो, राजीव श्रीवास्तव एवं चेयरमैन प्रदीप मंडल आदि ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## यूपी के सोनभद्र में सम्मानित हुई धनबाद की बेनजीर



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में विगत चार मई को प्रगति फाउंडेशन की ओर से अंतर्राष्ट्रीय रक्त क्रांतिवीर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें धनबाद के रेड क्रॉस समिति की नोडल पदाधिकारी (ब्लड) बेनजीर परवीन को रक्तदान एवं समाज के प्रति किए गए सेवा के लिए क्रांतिवीर सम्मान से सम्मानित किया गया। इस आयोजन में बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश सहित 18 राज्यों और पड़ोसी देश नेपाल एवं भूटान से आए रक्तदाताओं ने भाग लिया। बेनजीर परवीन ने बताया कि यह सम्मान मुझे नहीं, बल्कि झारखंड के भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद जिले को मिला है जिसे लेने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ है। रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकारी सदस्य सह चेयरमैन सलाहकार कुमार मधुरेंद्र सिंह ने बताया बेनजीर को यह सम्मान मिलने से भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी धनबाद में खुशी की लहर है।

## नौनिहालों के बीच प्रशासन-चिकित्सकों ने वितरित की पठन-पाठन की साम्रगी



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** निरसा 3 शिवलीबाड़ी मध्य पंचायत स्थित पोटारी मध्य विद्यालय में मंगलवार को एसडीपीओ रजत मणिक बाखला एवं डॉक्टर रोहित गौतम की ओर से स्कूल के बच्चों को बैठने में हो रही असुविधा को देखते हुए दरी प्रदान किया। साथ ही झारखंड सरकार की ओर से विद्यालय को उपलब्ध कराया गया स्कूल बैग का भी वितरण किया गया। इस दौरान एसडीपीओ ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए कहा कि बच्चों के बीच उपस्थित होकर अपना बचपन याद आ जाता हैं। वहीं, जिला आरसीएस पदाधिकारी डॉक्टर रोहित गौतम ने कहा कि शिक्षा के साथ ही स्वास्थ्य पर भी बच्चों को ध्यान देना जरूरी है। इसलिए सरकार की ओर से समय समय पर दिए जा रहे कृमि, एनेमिया की दवा का सेवन अवश्य करें, ताकि बच्चे स्वस्थ रह सकें।

## तेनुघाट में शुरू हुआ नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण केंद्र

**तेनुघाट (आजाद सिपाही)। बोकारो जिला प्रशासन के तत्वावधान में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से युवाओं को रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से तेनुघाट में मंगलवार को नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण केंद्र की शुरूआत की गई है। जिसका संचालन धुरीना वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। यहां जिले के छात्र-छात्राओं को तकनीकी और प्रायोगिक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम उठाया गया है। प्रशिक्षण केंद्र युवाओं को ग्राफिक्स डिजाइनिंग, टैली (बेसिक से एडवांस स्तर तक), एमएस ऑफिस आदि का प्रशिक्षण देगा।**

## अंचल अधिकारियों को 30 दिनों के अंदर नामांतरण नियम अनुसार भूजमाबंदी बहाल करने का निर्देश

**- भू राजस्व एवं आधारभूत संरक्षण को लेकर तेनुघाट अनुमंडल कार्यालय में बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** अनुमंडल कार्यालय में मंगलवार को पदाधिकारी मुकेश मछुवा की अध्यक्षता में सीसीएल कथारा, बी एंड के करगली, ढोरी, डीवीसी, बीटीपीएस, सीटीपीएस, सीसीएल रजरप्पा, बीसीसीएल के अधिकारियों एवं सीओ की उपस्थिति में भू राजस्व एवं आधारभूत संरक्षण को लेकर बैठक हुई। जिसमें पदाधिकारी ने अनुमंडल क्षेत्र के सभी सीओ को 30 दिनों के अंदर नामांतरण नियमानुसार भू जमाबंदी बहाल करने का निर्देश दिया है। जाती, आय, आवासीय प्रमाण पत्र समय पर निष्पादन करने सहित भू मापी, सीमांकन एवं सरकारी भूमि की रक्षा, संदेहास्पद जमाबंदी में कार्रवाई करने के लिए पुलिस बल की निगरानी में कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया है। मौके पर पेटरवार सीओ अशोक राम, चंद्रपुरा बीडीओ ईश्वर चंद्र आदि थे।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना सं0–02/2025-26 जिसका पी0आर0संख्या– 351370 है। जिसमें निविदा प्रकाशन की तिथियों में निम्न संशोधन किया जाता है।

2. निविदा बिक्री की तिथि :– दिनांक 08.05.2025 से दिनांक 09.05.2025 तक
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– 10.05.2025 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक– 10.05.25 (अपराह्न 3.30 बजे)

निविदा की शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
कोडरमा

PR 351721 Rural Work Department (25-26)_D



### झारखण्ड सरकार
कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी, लोहरदगा
(समाहरणालय परिसर लोहरदगा, ई–मेल– dfojhar2021loh@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निदेशक मत्स्य, झारखण्ड राँची के पत्रांक 268 दिनांक 11.02.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अंतर्गत लोहरदगा जिला के प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादको को फॉरमुलेटेड स्पॉन मैश फीड उपलब्ध कराने हेतु आपूर्तिकर्त्ता से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। आगामी वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए निर्गत राज्यादेश के आलोक में किया गया संशोधन मान्य होगा।

1. निविदा की राशि – 4.40/– (चार लाख चालीस हजार) रू0 मात्र।
2. अग्रधन की राशि – 8800.00 (आठ हजार आठ सौ) – रू0 डिमांड ड्राफ्ट जो राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के पदनाम से हो एवं लोहरदगा में भुगतेय हो।
3. निविदा प्राप्ति का स्थान एवं अंतिम तिथिः– जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा दिनांक 16.05.2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे तक निविदा स्वीकार किया जाएगा।
4. निविदा खुलने की तिथि एवं समय – 16.05.2025 एवं अपराह्न 12:00 बजे।
5. निविदा खुलने का स्थान –सभागार, जिला परिषद, लोहरदगा।
6. दिनांक 16.05.2025 को अपराह्न 12:00 बजे उपायुक्त महोदय, लोहरदगा द्वारा गठित समिति के समक्ष सभागार, जिला परिषद, लोहरदगा में निविदा खोली जाएगी।
7. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय के सूचनापट्ट पर कार्यालय अवधि/एवं Lohardaga.inc.in में देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 351728 Lohardaga(25-26)#D


# सच्चे मन से सीखने एवं बदलने को तैयार रहने पर खुलेगा सफलता का द्वार : डॉ स्टेफानोस

## शिक्षा वह शक्ति है, जो मानव के जीवन की दिशा बदल सकती है : फादर डॉ जोशी

**- जेल के बंदियों के लिए हुआ विमोचन कार्यक्रम का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ की ओर से विद्यालय के संस्थापक बिशप डॉ स्टेफानोस मार थियोडोसियस की जन्म शताब्दी एवं स्कूल की 40वीं वर्षगांठ पर चास जेल में बंदियों के लिए विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जेल अधीक्षक अरुणाभ कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कहा कि सच्चे मन से सीखने एवं बदलने को तैयार रहने पर सफलता का द्वार जरूर खुलेगा। इसलिए व्यक्ति को समय के अनुरुप खुद में बदलाव लाना चाहिए। समाज की मुख्यधारा से जुड़ कर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने स्कूल प्रबंधन के प्रयास की भी सराहना की। वहीं, प्रधानाध्यापक फादर डॉ जोशी वर्गीस ने कहा कि विमोचन कार्यक्रम के तहत चास जेल के बंदियों को निःशुल्क व्यवसायिक शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास होगा। साथ ही शिक्षा के सहारे जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। विमोचन कार्यक्रम का उद्देश्य केवल तकनीकी शिक्षा देना ही नहीं, बल्कि बंदियों के जीवन को नई दिशा देकर आत्मविश्वास एवं पुनर्स्थापित होने का अवसर प्रदान करना है। पहले चरण में बंदियों को कंप्यूटर शिक्षा प्रदान की जाएगी। जिससे बंदी आधुनिक तकनीक के साथ कदम से कदम मिला कर आगे बढ़ सकें एवं एक बेहतर भविष्य की तैयारी कर सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा वह शक्ति है, जो मानव के जीवन की दिशा बदल सकती है। विमोचन न केवल ज्ञान देने की पहल है, बल्कि मानव की गरिमा को पुनःस्थापित करने का प्रयास है। वहीं, सेंट मेरी स्कूल के प्रधानाध्यापक फादर डीनू डैनियल ने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग का सहयोग करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। कोषाध्यक्ष पीई ईप्पन ने कहा कि एमजीएम स्कूल प्रबंधन हमेशा समाज सेवा में अग्रणी रहा है। यह पहल उसी मूल्य प्रणाली का विस्तार है। जेलर एनके शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बंदियों के पुनर्वास में बड़ी भूमिका निभाते हैं। यह पहल इस सच्चाई को दर्शाती है कि अगर इरादा नेक हो तो बदलाव संभव है। सबसे अंधेरे कोने में भी एक छोटी सी किरण उम्मीद की लौ जला सकती है।


### उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी
(खनन शाखा)

**सूचना**

एतद् द्वारा खूँटी जिला अन्तर्गत वैसे सभी सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, (जिनका वार्षिक खपत 10.000 MT तक हो) जो कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के नई कोयला वितरण नीति, 2007 के तहत झारखण्ड राज्य खनिज विकास निगम लि०, डोरण्डा, राँची से कोयला प्राप्त करने के लिए आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

सभी आवेदक अपने आवेदन के साथ निम्नांकित दस्तावेज संलग्न करते हुए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

1. Copy of PAN
2. GSTIN Certificate
3. Income Tax return of preceding Assessment Year
4. Bankers Certificate with attested photo and signature of the applicant
5. CTO from State Pollution Board (JSPCB)
6. Capacity Assessment Certificate issued by MSME, Kokar/Dhanbad.
7. Electricity Bill of last three months/Diesel Bill, if operated by Generator set.
8. Entrepreneurs Memorandum (Udyog/Udyam Aadhar)
9. Audited Financial Statement of last 3 (three) Financial Years (in case of old entities)
10. Any of the Government Identity Proof of Proprietor/Partner (as applicable) (Aadhar/Passport/Voter ID etc.)
11. Food & Drug Administration Permit (FSSAI License) for food product/edible Oil and similar industries.
12. Copy of Board Resolution/Letter of authorization for Authorised Signatory, in case of company/partnership firm including LLP.
13. Notarized copy of Partnership Deed/Article of Association (as applicable)
14. EPFO registration details (as applicable)
15. Self Declaration of not having coal linkage from any coal companies.
16. Stock Statement issued by a Chartered Accountant

ह०/–
उपायुक्त, खूँटी।

PR.NO.351723 Mines and Geology(25-26):D

## राजकीय श्रावणी मेला, 2025 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

# सुलभ और सुरक्षित जलार्पण के लिए विशेष रूप से इंतजाम: मंत्री

- वीआइपी, वीवीआइपी दर्शन पर पूर्ण रूप से रहेगी रोक
- क्यू आर कोड के माध्यम से फीडबैक सिस्टम को डेवलप किया जायेगा




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर।** मंगलवार को मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग सुदिव्य कुमार की अध्यक्षता में आयोजित आगामी राजकीय श्रावणी मेला, 2025 की तैयारियों को लेकर किये जाने वाले कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन देवघर परिसदन के सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त देवघर विशाल सागर एवं उपायुक्त दुमका ए डोडे ने एक-एक कर विभागवार मेला क्षेत्र में किये जाने वाले विभिन्न कार्यों के अलावा श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व नये तकनीकों के उपयोग से अवगत कराया।

बैठक के दौरान मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग सुदिव्य कुमार द्वारा जानकारी दी गयी कि 11 जुलाई से 9 अगस्त तक राजकीय श्रावणी मेला की तिथि निर्धारित है। ऐसे में संपूर्ण मेला क्षेत्र में की जाने वाली तैयारियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष रूप से इंतजाम करने की आवश्यकता है, ताकि बाहर से आने देवतुल्य श्रद्धालु सुलभ व सुरक्षित जलार्पण के साथ एक अच्छी अनुभूति प्राप्त कर अपने गंतव्य की ओर रवाना हो। साथ ही उन्होंने राजकीय श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को लेकर (आउट ऑफ टर्न दर्शन) वीआइपी, वीवीआइपी दर्शन पर पूर्ण रूप से बंद रहने की बात कही, ताकि श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि झारखंड राज्य का सबसे बड़ा मेला है, ऐसे में मेला के दौरान श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ की नगरी से मधुर स्मृति लेकर लौटे यह हम सभी की जिम्मेवारी व जवाबदेही है। आगे राजकीय श्रावणी मेला के दौरान की जाने वाली तैयारियों की विभगार समीक्षा के क्रम में विद्युत आपूर्ति, पथ निर्माण विभाग, नगर निगम, जनसंपर्क विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, भवन प्रमंडल एवं पुलिस विभाग द्वारा किये जाने वाले कार्यों पर विस्तृत चर्चा करते हुए ससमय सभी कार्यों को पूर्ण करने का निदेश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया गया।

समीक्षा बैठक में सम्पूर्ण मेला क्षेत्र अंतर्गत सुरक्षा के दृष्टिकोण से बनाये जाने वाले ओपी, ट्रैफिक ओपी, स्वास्थ्य केंद्र, सूचना सह सहायता केंद्र, विद्युत केंद्र, पर्यटन केन्द्र, मातृत्व केंद्र के अलावा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु बनाये जाने वाले टेंट सीटी, मेला क्षेत्र में शौचालय, पेयजल, स्नानगृह, कूड़ेदान, साफ-सफाई एवं कचड़ा उठाव की व्यवस्थाओं को चौबिसों घंटे दुरुस्त रखने का निदेश दिया। साथ ही मेला क्षेत्र में पथ प्रकाश, साज-सज्जा, तोरण द्वार एवं विद्युत आपूर्ति को लेकर सुरक्षात्मक उपायों के अलावा वैकल्पिक प्रकाश व्यवस्था की स्थिति को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। आगे उन्होंने मेला क्षेत्र में क्यू आर कोड के माध्यम से फीडबैक सिस्टम को डेवलप करने का निदेश दिया, ताकि श्रद्धालुओं को होने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत कराया जा सके, जिसके पश्चात संबंधित विभाग के द्वारा त्वरित समस्याओं का निराकरण किया जा सके। गर्मी को ध्यान में रखते हुए इंद्र वर्षा, मिस्ड कूलिंग सिस्टम की संख्या बढ़ाने के साथ मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को और भी बेहतर करने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया।

समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री ने अपने अपने आवंटित कार्यों के अलावा किये जाने वाले कार्यों को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंता को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। साथ ही आगामी राजकीय श्रावणी मेला 2025 हेतु विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, अपराध नियंत्रण, वाहनों का पड़ाव स्थल, सुविधाजनक रूटलाईन के साथ साथ यातायात की सुव्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**श्रावणी मेला के दौरान विभिन्न आधुनिक तकनीकों का किया जायेगा उपयोग :** राजकीय श्रावणी मेला के दौरान तकनीकी के क्षेत्र में एआइ बेस्ड इंट्रीगेटेड मेला कंट्रोल रूम, एआइ चैट बोर्ड-इन्फॉरमेशन फीडबैक एण्ड हेल्पलाइन, एआइ बेस्ड ट्रैफिक मैनजेमेंट सिस्टम एवं लोकेशन बेस्ड एटेंन्डेंस सिस्टम व डिजिटल पवेलियम का उपयोग किया जायेगा। इसके अलावे बैठक के पश्चात उपायुक्त विशाल सागर ने मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग सुदिव्य कुमार सोनू, देवघर विधायक सुरेश पासवान, सारठ विधायक उदय शंकर सिंह, पर्यटन सचिव मनोज कुमार, पर्यटन निदेशक अंजली यादव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस दौरान उपरोक्त के अलावा आयुक्त संथाल परगना प्रमंडल लालचंद डाडेल, जेटीडीसी के एमडी, पुलिस अधीक्षक देवघर, पुलिस अधीक्षक दुमका, नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी देवघर व दुमका, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, कार्यपालक अभियन्ता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, कार्यपालक अभियांत्रिकी विद्युत प्रमंडल धनबाद, कार्यपालक अभियन्ता पथ प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियांता भवन निर्माण निगम, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## देवघर अंडर-15 वुमेन टीम फाइनल में, रांची को हरा कर रचा इतिहास




**देवघर (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-15 वूमेन क्रिकेट टूर्नामेंट 2025-26 में देवघर की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया है। यह मुकाबला धनबाद जिले में आयोजित किया गया था, जिसमें मंगलवार को देवघर और रांची की टीमों के बीच सेमीफाइनल मैच खेला गया। मैच में देवघर ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। रांची की टीम ने 20 ओवर में सभी विकेट खोकर मात्र 65 रन बनाये। जवाब में देवघर की टीम ने 14.1 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया और यह रोमांचक मुकाबला 4 विकेट से अपने नाम कर लिया। मैच की हीरो रहीं जयमाला कुमारी, जिन्होंने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में मात्र 11 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट चटकाये और एक ओवर मेडन भी डाला। उनके इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।अब देवघर की टीम फाइनल मुकाबले में हजारीबाग से भिड़ेगी, जो बोकारो में खेला जायेगा। देवघर जिला क्रिकेट संघ ने टीम की इस शानदार उपलब्धि पर सभी खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी है।

## देवघर में होगी अंडर-23 वुमेन क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी, टीम की घोषणा

**देवघर।** झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-23 वुमेन क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी इस वर्ष देवघर जिला को मिली है। टूनार्मेंट के ग्रुप ए के सभी मैच देवघर के स्थानीय केकेएन स्टेडियम में खेले जायेंगे। प्रतियोगिता का आगाज 8 मई 2025 से होगा। ग्रुप ए में शामिल टीमें हैं - जमशेदपुर, रांची, देवघर, रामगढ़, गुमला और हजारीबाग। इस प्रतियोगिता को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह है। देवघर जिला क्रिकेट संघ ने मंगलवार को देवघर अंडर-23 महिला टीम की घोषणा कर दी है। टीम चयन में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी गयी है, जो जिला स्तर पर लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करती आ रही हैं। देवघर जिला क्रिकेट संघ को उम्मीद है कि घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा टीम को मिलेगा और खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीतेंगे।

## अधिवक्ता दया शंकर रवानी के निधन पर शोक की लहर



- अनुमंडल अधिवक्ता संघ के आकस्मिक निधन से काफी मर्माहत है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मधुपुर।** अधिवक्ता संघ के सदस्य दया शंकर रवानी, अधिवक्ता उम्र लगभग 54 वर्ष की अकस्मात मृत्यु मंगलवार को सुबह 6.15 बजे अपने निवास स्थान पर हो गई। दया शंकर रवानी वर्ष 2012 से मधुपुर कोर्ट में नियमित रूप से अपना विधि व्यवसाय करते आ रहे थे, इससे पूर्व वर्ष 1999 से वो देवघर कोर्ट में प्रैक्टिस करते रहे। विगत कुछ माह पूर्व से किडनी संबंधी बीमारी से ग्रसित थे और उनका इलाज चेन्नई और रांची से चल रहा था, परन्तु आज तड़के सुबह हार्टअटैक के कारण उनकी मृत्यु हो गई, वो अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए।इसको लेकर मधुपुर अधिवक्ता संघ में आज एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सदस्यों द्वारा दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शान्ति हेतु भगवान से प्रार्थना कर श्रद्धांजली अर्पित की गयी। साथ ही मृत अधिवक्ता के पत्नी को संघ की ओर से तत्काल 40000 रुपये सहायता के रुप में देने का भी निर्णय लिया गया। मौके पर संघ के अध्यक्ष मुरारी प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष विंदेश्वरी प्रसाद शाही, महासचिव श्याम सुंदर भैया, प्रशासनिक सचिव जितेन्द्र कुमार, संयुक्त सचिव अनिल कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष धनंजय प्रसाद शाही, शकील अहमद, कार्यकारिणी सदस्य उमेश प्रसाद शाही, सरोज कुशवाहा, मो जीशान अंसारी, गणेश यादव, उमेश सिंह, संघ के वरीय सदस्य डोमन प्रसाद यादव, सतीश चंद्र मंडल, प्रमोद कुमार राय, दीपक कुमार, धनंजय प्रसाद, सोहेल अख्तर अंसारी, सिद्दीक अंसारी, मो.अब्बास, जियानंद महतो, विजय कुमार, संजय कुमार, प्रणय कुमार सिन्हा, पुरन महतो, अवधेश सिंह, समरेश कु.सिंह, दिनेश चौधरी, शंकर दयाल ठाकुर, संजय बारी, प्रमोद कुमार, उमेश भैया, अवधेश ठाकुर, समरेश सिंह, बाकर हुसैन, समीर यादव, संजय शरण, मो नसरूल, रणजीत सिन्हा, अशोक पासवान, मो रिजवान शाहीन उपस्थित थे।










































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**